

"एक बच्चा, एक शिक्षक, एक किताब और एक कलम दुनिया को बदल सकती है।"

दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी


लगन एक छोटा सा शब्द है लेकिन जिसे लग जाती है उसका जीवन बदल देती है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 22 जून, 2025 | अषाढ़ कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 171 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### हॉट एयर बैलून में लगी आग, जमीन पर गिरे लोग; 8 लोगों की मौत



**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में उड़ान के दौरान एक हॉट एयर बैलून में आग लग गई। इसके बाद बैलून आसमान से सीधा नीचे गिर गया, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। फायर फाइटर्स ने बताया कि हादसा शनिवार को हुआ। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 ने इससे जुड़े फुटेज जारी किए हैं। इसमें आग से लिपटे हुए एयर बैलून से धुआं निकल रहा है और यह नीचे की तरफ गिर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में 13 लोग बच गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि हॉट एयर बैलून में पायलट सहित 21 लोग सवार थे। इसके पहले पिछले रविवार को साओ पाउलो राज्य में भी एक बैलून गिर गया था, जिसमें 11 लोग घायल हो गए थे और एक महिला की मौत हो गई थी। ब्राजील के साउथ में स्थित इलाकों में जून के महीने में हॉट एयर बैलून एक लोकप्रिय गतिविधि का हिस्सा है। यहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। इस दौरान सेंट जॉन जैसे कैथोलिक संतों की याद में फेस्टिवल सेलीब्रेट किया जाता है।




# योग बना वैश्विक जन आंदोलन

## मोदी बोले -तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**विशाखापत्तनम, 21 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है।

श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य रूस-यूक्रेन और ईरान- इजरायल युद्ध के चलते विभिन्न देशों में पैदा हुए टकराव को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा,÷ दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा। आज के इस दिन से मानवता के लिए एक बार फिर नयी शुरूआत होनी चाहिए। योग सिर्फ व्यक्तिगत अभ्यास न रहे, बल्कि वैश्विक साझेदारी का माध्यम बने। सभी देश, हर समाज, योग को जीवनशैली और लोकनीति का हिस्सा बनाए। हम मिलकर एक शांत, संतुलित और सतत विश्व को गति दें। योग ही विश्व को टकराव से सहयोग, और तनाव से समाधान की ओर ले जाएगा।

कार्यक्रम में आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल सय्यद अब्दुल मजीद ,आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू , प्रताप राव जाधव , चन्द्र शेखर ,भूपति राजू ,श्री निवास वर्मा, आन्ध्र पदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ योगाभ्यास किया।

प्रधानमंत्री ने कहा ÷ राष्ट्रीय आयुर्वेद मिशन के जरिए भी योग और वेलनेश के मंत्र को आगे बढ़ाया जा रहा है और इसमें डिजिटल प्राद्योगिकी की भी मदद ली गयी है।÷ उन्होंने कहा कि योग का सरल अर्थ होता है जुड़ना और यह देखना सुखद है कि योग आज किस तरह विश्व को जोड़ रहा है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने योगाभ्यास में लगभग पांच लाख प्रतिभागियों के साथ भाग लिया। योग संगम कार्यक्रम पूरे देश में साढे तीन लाख से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किए गए।

### योग को जन आंदोलन बनाने की अपील

श्री मोदी ने योग को जन आंदोलन बनाने की अपील करते हुये कहा आईये हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाये एक ऐसा आंदोलन जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर से ले जाये जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाये। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिराने का माध्यम बने और जहां योग फॉर वनअर्थ, वन हैल्थ ( एक धरती एक स्वास्थ्य के लिए योग)एक वैश्विक संकल्प बन जाये। प्रधानमंत्री ने योग को पूरी दुनिया के लिए शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया और कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार प्रसार के लिए इसमे निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रह है। योग को जीवन का सार बताते हुए कहा कि ' मैं से हम ' का भाव ही भारत की आत्मा का सार है। जब व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज की सोचता है, तभी पूरी मानवता का हित होता है। उन्होंने कहा , भारत की संस्कृति हमें सिखाती है, सर्वे भवन्तु सुखिन, यानी सभी का कल्याण ही मेरा कर्तव्य है।

# इजराइली के शहर सूने, स्कूल ऑफिस बंद, एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत

3 कमांडर भी मारे गए, ईरान से 310 भारतीयों को लेकर एक और फ्लाइट दिल्ली पहुंची

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तेहरान, 21 जून।** ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल की राजधानी तेल अवीव और होलोन शहर पर मिसाइल हमले किए। इससे कुछ इमारतों में आग लग गई।

इजराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी।

इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइल 13 जून से अब तक 10 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है।

इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4:30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ङ्ग पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है।

ईरान में 13 जून से अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं।

हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

# सोनीपत में जहरीली शराब पीने से दो की मौत

## तालाब किनारे मिले शव, मौके पर देसी शराब की बोतलें मिली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 21 जून।** सोनीपत के एक गांव में शनिवार को तालाब के किनारे दो लोगों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों ग्रामीणों के शव तालाब के पास पड़े मिले। मौके से देशी शराब की बोतल मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि दोनों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है।

मृतकों की पहचान गांव के ही 69 वर्षीय ओमप्रकाश और 42 वर्षीय सतेन्द्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों तालाब के किनारे बैठकर शराब पी रहे थे। शाम करीब 4 बजे जब कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे तो दोनों को मृत पाया गया और तुरंत सरपंच को सूचना दी गई।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया है। मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत की असली वजह का पता लगाने की कोशिश में जुटी है।


गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुमेर दहिया ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल, सोनीपत भेजा गया। मौके पर देसी शराब संतरा ब्रांड की एक बोतल भी पड़ी हुई मिली है, जिससे यह आशंका और गहरा गई है कि मौत का कारण जहरीली शराब हो सकता है।

मृतक ओमप्रकाश के बेटे विनोद कुमार ने बताया कि उनके पिता सुबह करीब 9~30 बजे घर से निकले थे और उन्हें तालाब के किनारे शराब पीते देखा गया था। कुछ देर बाद मौत की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि शव नीला पड़ा हुआ था, मुंह में झाग भी दिखाई दिए हैं।जिससे जहरीली शराब पीने की आशंका और गहरा गई है। विनोद ने सरकार से मांग की कि गांव के आस-पास के शराब ठेकों की जांच की जाए और इन्हें बंद किया जाए।

मृतक सितेन्द्र के भाई जितेन्द्र ने भी यही आशंका जताई कि जहरीली शराब के कारण ही हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि सितेन्द्र ही घर में कमाने वाला था और उसके बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। जितेन्द्र ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मौके पर सदर थाना पुलिस जांच अधिकारी का कहना है कि डायल - 112 की सूचना पर गांव में पहुंचे। मौके पर तालाब के पास सितेन्द्र और ओमप्रकाश मृत पड़े हुए हैं। मौके पर दोनों शवों को कब्जे में लेकर और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

ताजपुर तिहाड़ खुर्द गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुमेर दहिया ने कहा पास में देसी शराब की बोतल भी मिली है, जिससे यह आशंका है कि दोनों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। हालांकि, असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।



# पंजाब में जेल विभाग में 500 नई भर्तियों को मंजूरी

फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की ड्यूरेशन बढ़ी, नशा-विरोधी कमेटी के चेयरमैन बने हरपाल चीमा

जेल बंदियों पर नकेल कसने और जेलों में सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जून।** जेलों में सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब कैबिनेट ने आज जेल स्टाफ में विभिन्न कैडरों के 500 रिक्त पदों को भरने की मंजूरी दी है। इस संबंध में निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पंजाब सिविल सचिवालय में उनके कार्यालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जेल विभाग, पंजाब में सीधी भर्ती कोटे के तहत सहायक सुपरिडेंट, वार्डर और मैट्रन के 500 रिक्त पदों की भर्ती को सहमति दे दी है। इस भर्ती में 29 सहायक सुपरिडेंट, 451 वार्डर और 20 मैट्रन शामिल होंगे, जिनका चयन पंजाब अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिससे जेलों में सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह कदम जेलों के कामकाज को और सुचारू बनाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित बनाने में सहायक होगा।

मंत्रिमंडल ने पी.एस.आई.ई.सी. की ओर से प्रबंधित औद्योगिक अस्टेटों में औद्योगिक प्लांटों के आवंटन और उप-विभाजन के लिए एक व्यापक नीति को भी मंजूरी दी ताकि भूमि का उपयोग अधिक कुशलता से किया जा सके। यह नीति उद्यमियों और प्लांट मालिकों के साथ-साथ प्रमुख औद्योगिक संगठनों, जिनमें कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), मोहाली चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड आईटी और मोहाली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन शामिल हैं, की मांगों को पूरा करती है। यह छोटे औद्योगिक प्लांटों, विशेष रूप से आईटी और सेवा क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करती है, ताकि भूमि के कुशल उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सके, निवेश आकर्षित किया जा सके और प्लांट आवंटन और उप-विभाजन के लिए एक संरचित, पारदर्शी तंत्र स्थापित किया जा सके।

यह नीति भूमि के कुशल उपयोग की सुविधा देती है, संचालन दक्षता को बढ़ाती है और औद्योगिक भागीदारों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करके परियोजना विस्तार का समर्थन करती है। यह नीति 1000 वर्ग गज या उससे बड़े फ्रीहोल्ड प्लांटों पर लागू होती है, जिसमें उप-विभाजन प्लांट न्यूनतम 400 वर्ग गज आकार के होंगे। इसके लिए असल प्लांट की मौजूदा आरक्षित कीमत का 5 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा, जिसे मृतक आवंटी के परिवार के सदस्यों या कानूनी वारिसों के लिए 50 प्रतिशत तक कम कर दिया जाएगा।

# राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण : मुख्यमंत्री ने 54,422 युवाओं को सरकारी नौकरियां देने की प्रक्रिया पूरी की

युवाओं को सरकारी नौकरियों से वंचित रखकर उनका भविष्य खराब करने के लिए पिछली सरकारों की निंदा

कहा, राज्य के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए धन की कोई कमी नहीं



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान करने की अपनी पहल को जारी रखते हुए आज तक कुल 54,422 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने की प्रक्रिया पूरी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आज यहां 281 नव-चयनित युवाओं को नौकरी पत्र वितरित करने के लिए खड़े हैं, जो निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नौकरियां प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की भ्रष्ट और प्रतिगामी नीतियों ने राज्य के युवाओं का भविष्य खतरे में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि कई युवाओं को नौकरियां देर से मिलीं क्योंकि पिछली सरकारों ने रोजगार देने में कोई रुचि नहीं दिखाई, जिससे पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात हुआ। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि भले ही इन राजनीतिक नेताओं के अपने परिवार अच्छे ढंग से जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने आम युवाओं के करियर को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके विपरीत वर्तमान राज्य सरकार ने 1 अप्रैल, 2022 से विभिन्न विभागों में 54,141 उम्मीदवारों की भर्ती की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बैच के साथ यह आंकड़ा अब 54,422 तक पहुंच गया है। साल के सबसे लंबे दिन के रूप में आज के दिन के महत्व के कारण और नव-नियुक्त उम्मीदवारों के लिए इसे एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि उम्मीदवारों ने ये नौकरियां कड़ी मेहनत से हासिल की हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह उम्मीदवारों के लिए नौकरी का आखिरी मौका नहीं है क्योंकि सरकार और भी कई सरकारी नौकरियों की पेशकश करने की तैयारी कर रही है।

भगवंत सिंह मान ने पारंपरिक राजनीतिक नेताओं पर निजी लाभ के लिए सांठगांठ करने और सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे का विरोध करने का दिखावा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये नेता सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे के खिलाफ जहर उगलते हैं लेकिन निजी समारोहों में एक-दूसरे को गले लगाते हैं, जिससे उनके पाखंड का पर्दाफाश होता है। उन्होंने कहा कि गांवों में लोग राजनीतिक मतभेदों के कारण एक-दूसरे से लड़ते रहते हैं, जबकि राजनीतिक नेता एक-दूसरे के निजी उत्सवों में शामिल होते हैं।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सभी भर्तियां पूरी तरह से योग्यता के आधार पर की गई हैं, जिसमें उम्मीदवारों ने प्रतियोगी परीक्षाएं पास की हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का मुख्य एजेंडा युवाओं को शासन में शामिल करके उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि वे राज्य और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में विशेष योगदान दे सकें। भगवंत सिंह मान ने नए उम्मीदवारों से मिशनरी उत्साह के साथ लोगों की सेवा करने की अपील की और उन्हें सरकार का अभिन्न अंग बताया।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नव-नियुक्त उम्मीदवार अपने पदों का उपयोग गरीबों की मदद करने और सार्वजनिक भलाई में योगदान देने के लिए करेंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जिस तरह हवाई अड्डे का रनवे विमान को उड़ान भरने में मदद करता है, उसी तरह राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के योग्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है और उनकी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने युवाओं को अपनी पहचान बनाने और समाज में अपनी छाप छोड़ने के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने उम्मीदवारों से जमीन से जुड़े रहने और कड़ी मेहनत में विश्वास रखने की अपील करते हुए कहा कि यही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने उम्मीदवारों से पंजाब में रहने और राज्य द्वारा पेश किए जाने वाले व्यापक अवसरों की खोज करने की अपील की। युवा सशक्तीकरण के लिए एक बड़े प्रयास के रूप में भगवंत सिंह मान ने पंजाब भर में यूपीएससी कोचिंग सेंटरों की स्थापना की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में पुस्तकालय, हॉस्टल और अन्य आवश्यक सुविधाएं होंगी ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग प्रदान की जा सके। भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि ये पहल यह सुनिश्चित करेंगी कि पंजाब के युवा राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। उन्होंने सत्ता में आने वाली राजनीतिक पार्टियों की हर पांच साल बाद राज्य को लूटने के लिए 'उत्तर काटो, मैं चढ़ां' की रणनीति बनाने की भी आलोचना की।

### हम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनतः मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने अब उनकी सरकार को सेवा करने के लिए चुना है और वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विपक्षी नेता उनकी सरकार की जन-हितैषी नीतियों से ईर्ष्या करके रोजाना उनकी आलोचना करते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि प्रत्येक कर्मचारी को सम्मानजनक वेतन मिले, जिससे वे सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने दुख जताया कि पहले कुछ शिक्षकों ने 6,000 रुपए से भी कम वेतन पर नौकरी की थी, जो मनरेगा योजना के तहत दी जाने वाली राशि से भी कम थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सरकारी कर्मचारियों को उचित मुआवजा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ताकि वे अपने परिवारों का सही ढंग से पालन-पोषण कर सकें। पिछली सरकारों के विपरीत, जो अक्सर खाली खजाने की शिकायत करती थी, भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य प्रशासन आर्थिक विकास और जन कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने या हमारे किसी भी मंत्री ने कभी यह दावा नहीं किया कि खजाना खाली है। उन्होंने आगे कहा कि अब राज्य के विकास के लिए एक-एक पैसा उपयोग किया जा रहा है। अंत में, उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री जिस तरह की बयानबाजी दोहराते रहते थे, उससे राज्य के विकास में काफी बाधाएं आईं।

भगवंत मान ने काफिला रोक की किसानों से बातचीत, धान सीजन में पर्याप्त बिजली व नहरी पानी उपलब्ध करवाने के लिए सीएम की सराहना की

# पंजाब की तरक्की वाला बल्ब अब जल चुका : मान

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज रूपनगर के बड़ी मदोली गांव के पास अपना काफिला रोककर किसानों बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। वहां मीडिया से बात करते हुए मान ने दावा किया कि अब राज्य में विकास की लहर चल रही है क्योंकि पंजाब की तरक्की वाला बल्ब अब जल चुका है।

सीएम मान ने कहा, 'पंजाब की प्रगति की मशाल अब जल रही है। पहली बार किसान दिन में बिजली का उपयोग करके धान की खेती कर रहे है। उन्हें अतिरिक्त बिजली भी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं खेतों में नहरी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों की जरूरतें पूरी हो रही हैं।'



गांव के सरपंच और पंचायत सदस्यों सहित स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उन्होंने बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, 'पहली बार हम दिन में सिंचाई कर सकते हैं और शाम को बिना किसी व्यवधान के घर लौट सकते हैं।

### पंजाब में विकास और सकारात्मकता की यह लहर दर्शाती है कि हम सही रास्ते पर चल रहे है

उन्होंने कहा कि आप सरकार में आमलोगों के बीच खुशी और उम्मीद स्पष्ट रूप से झलक रही है। पंजाब में विकास और सकारात्मकता की यह लहर दर्शाती है कि हम सही रास्ते पर चल रहे हैं। हम सब मिलकर पंजाब को प्रगति और समृद्धि की मिसाल कायम करेंगे।

पंजाब की प्रगति की यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है।'

सीएम मान ने नशे के खतरे को खत्म करने के लिए अपनी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'नशे के खिलाफ हमारी लड़ाई परिणाम दे रही है। पहले, स्थानीय लोग नशीली दवाओं के तस्करों को पुलिस थानों में लाते थे, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण उन्हें कुछ ही समय बाद रिहा कर दिया जाता था। अब हमने पुलिस बल के भीतर जवाबदेही सुनिश्चित करने और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं।'

सामूहिक प्रयास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने सामाजिक बुराइयों से लड़ने और पंजाब के विकास को आगे बढ़ाने में लोगों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने दोहराया कि सरकार समर्थन और संसाधन प्रदान करती है, लेकिन लोगों का आंदोलन ही वास्तविक परिवर्तन लाता है।

## पंजाब में बड़े स्तर पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंजाब राज्य ने इस साल एक नया इतिहास रचा और समूचे भारत के लिए एक मिसाल कायम की। 21 जून को आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंजाब के 23 जिलों के सभी ब्लाकों, गाँवों और शहरी क्षेत्रों में एक ही समय सामूहिक योग सत्र आयोजित किये गए। इस भव्य समागम के साथ पंजाब देश का पहला राज्य बना जहाँ योग दिवस इतने बड़े स्तर पर मनाया गया।



इस राज्यव्यापी समागम में नागरिकों की भागीदारी बहुत उत्साहजनक थी। विभिन्न आयु वर्ग के हज़ारों लोगों ने योग सत्रों में हिस्सा लिया और न सिर्फ़ स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया, बल्कि योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने का भी संकल्प लिया। प्रोग्राम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और विद्यार्थियों सहित समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता रही।

इस समागम में ''सीएम दी योगशाला'' की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। संगठन के ज़िला कॉर्डिनेटरों और ट्रेनरों ने राज्यभर में आयोजित प्रोग्रामों का संचालन किया और जनता को योग से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान डाला। ज़िला स्तर पर ट्रेनरों द्वारा समर्पित प्रयत्नों और प्रभावशाली तालमेल के कारण यह प्रोग्राम सफलतापूर्वक मुकम्मल हुआ। 'सीएम दी योगशाला' ने न सिर्फ़ तकनीकी सहायता प्रदान की बल्कि सभी जिलों में एक व्यापक जागरूकता मुहिम भी चलाई, जिससे बड़ी संख्या में लोग इस मुहिम में शामिल हो सकें।

बताने योग्य है कि पंजाब में रोज़मर्रा के 4709 योग कक्षाएं सक्रिय रूप से चलाई जा रही हैं और रोज़मर्रा के 2,15,000 से अधिक लोग इन मुफ़्त योग कक्षाओं में हिस्सा ले रहे हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 5 लाख से अधिक नागरिकों ने इस पहल का लाभ ले चुके हैं। 'सीएम दी योगशाला' अब तक 1196 गाँवों तक पहुँच चुकी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 112वें दिन 117 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 7.5 किलो हेरोइन और 39 हजार रुपए की ड्रग मनी बरामद

नशा छुड़ाने सम्बन्धी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 74 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरु किये गए ''युद्ध नशों विरुद्ध'' के 112वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 117 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े में से 7.5 किलो हेरोइन, 500 ग्राम अफ़ीम और 39,640 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ़ 112 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 18,524 हो गई है।

यह आपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया।

ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व अधीन 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 87 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों के सम्मिलन वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 481 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 84 ऐफआईआरज़ दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 501 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की।

स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 74 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# यूके आधारित बीकेआई टेरर माड्यूल का पर्दाफाश; छह अत्याधुनिक पिस्तौलों सहित एक गिरफ़्तार

पाकिस्तान- आधारित आतंकवादी हरविन्दर रिन्दा का करीबी साथी है धर्मा संधू : डीजीपी गौरव यादव

पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल करने थे ड्रोन के द्वारा तस्करी किये हथियार : गुरप्रीत भुल्लर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 21 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनज़र चल रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता दर्ज करते हुये अमृतसर कमिशनरेट पुलिस ने यूके-आधारित हैंडलर धर्म सिंह उर्फ धर्मा संधू द्वारा चलाए जा रहे पाकिस्तान-समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) टेरर माड्यूल के एक स्थानीय कार्यकर्ता को छह अत्याधुनिक विदेशी पिस्तौलों सहित गिरफ़्तार करके इस माड्यूल का खात्मा कर दिया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शनिवार को यहाँ दी।

गिरफ़्तार किये गए मुलजिम की पहचान ओंकार सिंह उर्फ नवाब के तौर पर हुई है, जो अमृतसर के गाँव जलालउसमा का रहने वाला है। उक्त मुलजिम के पास से भारत- पाकिस्तान सरहद पार से ड्रोन के द्वारा तस्करी किये गए चार 9 एमएम गलौक पिस्तौल और दो .30 बोर पीऐक्स 5 पिस्तौल बरामद किये गए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि उक्त माड्यूल चला रहा विदेशी हैंडलर धर्म सिंह उर्फ धर्मा संधू, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविन्दर सिंह उर्फ रिन्दा का नज़दीकी साथी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगले- पिछले सम्बन्ध स्थापित करने और इस बड़े नैटवर्क का पता लगाने के लिए और जांच की जा रही है।

आपरेशन के विवरण सांझे करते हुए पुलिस कमिशनर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुख़ता सूचना और पूर्ण तालमेल के बाद यह गिरफ़्तारी की गई है। उन्होंने आगे कहा, ''मुलजिमों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि हथियार ड्रोन के द्वारा पहुँचाये गए थे और दहशती गतिविधियों अंजाम देने हेतु इस्तेमाल किये जाने थे।''

उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि काबू किया मुलजिम ओंकार, विदेशी हैंडलरों की तरफ से राज्य की शान्ति को भंग करने के लिए सक्रिय स्लीपर सेल का हिस्सा था। कमिशनर ने कहा, ''यह हथियार राज्य में टारगेट किलिंग/ लक्षित कत्ल और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए स्थानीय गुर्गों में बाँटे जाने थे। हम पूरे नैटवर्क और इससे जुड़ी अंतरराष्ट्रीय कड़ियों का पर्दाफाश करने के लिए प्रयत्नशील हैं।'' इस सम्बन्धी अन्य साथियों और हैंडलरों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

इस सम्बन्धी अमृतसर के पुलिस स्टेशन मकबूलपुरा में शस्त्र एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत एफआईआर नंबर 121 तारीख़ 21- 06- 2025 के अधीन केस दर्ज किया गया है।

**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS DRAW DATE:21/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 MERCURY SATURDAY WEEKLY LOTTERY

**MRP Rs 10/- Per Ticket**

**1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

6930

**2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

1082

**3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2427 | 2631 | 3295 | 4154 | 4249 | 4684 | 6822 | 6992 | 7324 | 8277 |

**4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2488 | 2709 | 3637 | 3844 | 6007 | 7116 | 7228 | 8292 | 9409 | 9410 |

**5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0041 | 0184 | 0196 | 0303 | 0304 | 0307 | 0332 | 0367 | 0379 | 0397 |
| 0416 | 0417 | 0479 | 0559 | 0571 | 0651 | 0665 | 0728 | 0747 | 0810 |
| 0848 | 0871 | 0959 | 0974 | 0992 | 1040 | 1057 | 1270 | 1284 | 1337 |
| 1354 | 1377 | 1390 | 1458 | 1470 | 1483 | 1489 | 1508 | 1545 | 1593 |
| 1596 | 1598 | 1608 | 1742 | 1743 | 1798 | 1872 | 1900 | 1934 | 1993 |
| 2001 | 2061 | 2268 | 2369 | 2425 | 2432 | 2441 | 2454 | 2479 | 2489 |
| 2518 | 2555 | 2574 | 2590 | 2679 | 2695 | 2741 | 2757 | 2775 | 2907 |
| 2932 | 3064 | 3157 | 3288 | 3323 | 3345 | 3368 | 3442 | 3501 | 3504 |
| 3519 | 3545 | 3636 | 3714 | 3745 | 3795 | 3830 | 3839 | 3969 | 4016 |
| 4036 | 4118 | 4164 | 4338 | 4412 | 4424 | 4466 | 4467 | 4475 | 4497 |
| 4554 | 4584 | 4592 | 4629 | 4710 | 4717 | 4844 | 5013 | 5031 | 5054 |
| 5076 | 5110 | 5140 | 5302 | 5342 | 5350 | 5359 | 5446 | 5478 | 5494 |
| 5547 | 5608 | 5609 | 5628 | 5718 | 5866 | 6129 | 6171 | 6183 | 6305 |
| 6319 | 6344 | 6385 | 6488 | 6532 | 6591 | 6641 | 6658 | 6923 | 6932 |
| 6968 | 6969 | 6972 | 6980 | 7003 | 7005 | 7030 | 7284 | 7331 | 7343 |
| 7345 | 7515 | 7524 | 7566 | 7570 | 7750 | 7757 | 7782 | 7826 | 7886 |
| 7891 | 7905 | 7911 | 7978 | 8003 | 8026 | 8045 | 8083 | 8101 | 8156 |
| 8191 | 8258 | 8348 | 8405 | 8440 | 8532 | 8743 | 8785 | 8836 | 8846 |
| 8926 | 8994 | 9027 | 9044 | 9062 | 9077 | 9092 | 9186 | 9209 | 9247 |
| 9253 | 9287 | 9314 | 9416 | 9530 | 9572 | 9594 | 9622 | 9773 | 9977 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly Check The Final Result With Official Gazette Notification

# नव-नियुक्त युवाओं ने अपनी किस्मत बदलने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

















**चंडीगढ़, 21 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की आज नव-नियुक्त युवाओं ने योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान कर उनकी किस्मत बदलने के लिए प्रशंसा की। पटियाला से नव-नियुक्त सहायक प्रोफेसर डॉ. जसविंदर ने निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उनके और उनके परिवार के लिए एक सपना था।

सुनाम से मनप्रीत कौर ने बताया कि उन्होंने सरकारी नौकरी की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी और विदेश जाने के लिए आईईएलटीएस परीक्षा भी दी थी। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा दिए गए अवसर ने उन्हें अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री का तहे दिल से धन्यवाद किया।

धार कलां, पठानकोट के कुणाल ठाकुर ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को सामने देखना गर्व की बात है और मुख्यमंत्री ने वास्तव में उनकी जिंदगी बदल दी है।

एक अन्य नव-नियुक्त सहायक जिला अटॉर्नी ने भी पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रशंसा की और राज्य की सेवा करने का अवसर मिलने पर गर्व व्यक्त किया।

एक उम्मीदवार ने भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह नौकरी का तीसरा अवसर है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें सब स्टेशन में जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) के रूप में नियुक्त किया गया है, जिसका श्रेय राज्य सरकार को जाता है।

जालंधर से आए एक उम्मीदवार ने भावुक होते हुए कहा कि वह एक फौजी का बेटा है और उनके पिता को हाल ही में दिल का दौरा पड़ा था और वे अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता ठीक होने लगे हैं और उन्होंने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से धन्यवाद किया।

बठिंडा के कौशल शर्मा ने पुष्टि की कि पूरी भर्ती प्रक्रिया वास्तव में पारदर्शी थी। उन्होंने 54,000 से अधिक युवाओं को राज्य के विकास का अभिन्न अंग बनाने के लिए नौकरी प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री की सराहना की। पी.एस.पी.सी.एल. में जे.ई. के रूप में चुने गए अबोहर के एक अन्य उम्मीदवार ने इसे अपनी जिंदगी का सुनहरा पल बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नौकरी पूरी तरह से योग्यता के आधार पर मिली और मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार ने हजारों लोगों को पंजाब की सेवा करने का अवसर देकर उनकी जिंदगी बदल दी है।

# प्रदेश में स्थापित की जाएंगी 100 नई योग एवं व्यायामशालाएं : नायब सैनी

## हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रहा कई मायनों में खास

## कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने की अनेक घोषणाएं

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 21 जून।** हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया और आज का दिन कई मायनों में खास रहा। जहां एक ओर गीता की स्थली कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लगभग 1 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ योग करके विश्व को संदेश दिया तो वहीं 22 जिलों और 121 खंडों में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 20 लाख से अधिक लोगों ने योग करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल, योग गुरु स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण ने दीप प्रज्वलन कर और भगवान धन्वंतरि को पुष्प अर्पित किए। इस राज्यस्तरीय योग दिवस में योग गुरु स्वामी रामदेव ने सभी लोगों को योग करवाया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में योग पर शोध को बढ़ावा देने के लिए योग लेखक प्रोत्साहन योजना लागू की जाएगी। इसके तहत हर वर्ष ऐसे उत्कृष्ट लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष में 100 नई योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जाएंगी। अभी तक प्रदेशभर में 883 योग एवं व्यायामशालाएं खोली जा चुकी हैं। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र के लिए एक विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए क्रेडिट आधारित प्रणाली को शुरू किया जाएगा। साथ ही, हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भी योग को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के रूप में लागू किया जाएगा। इसके लिए एक समान योग पाठ्यक्रम शीघ्र तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषयों को इस वर्ष से ही आयुष चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता दी जाएगी। साथ ही, इन विषयों के चिकित्सकों का राजकीय पंजीकरण भी आरंभ किया जाएगा।

इस राज्यस्तरीय योग दिवस में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का संदेश भी वीडियो के माध्यम से सुनाया गया। इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, सीएम कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त नेहा सिंह, एसपी नीतीश अग्रवाल, केयूके के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा, भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, नगर परिषद की चेयरमैन माफी ढांडा, एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीएम अमन, एसडीएम डा. चिनार चहल, रविंद्र सांगवान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।





### योग जीवन, भक्ति, प्रकृति और संस्कृति का आधार है: स्वामी रामदेव

इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि योग जीवन, भक्ति, प्रकृति और संस्कृति का आधार है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने पहले ही उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की पुरजोर पैरवी की थी। उन्हीं के प्रयासों से वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उस समय 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और आज 200 से भी अधिक देश योगमय हो रहे हैं और योग सनातन पद्धति लोगों की जीवन पद्धति बन रही है। प्रधानमंत्री का विजन है विरासत के साथ विकास हो, संस्कृति के साथ समृद्धि हो और योग धर्म के साथ राष्ट्र धर्म हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने जन कल्याण के लिए अनेक नए प्रकल्प शुरू किए हैं। पिछले कई दिनों से योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और लाखों लोगों को योग से जोडने़ का काम किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पतंजलि योगपीठ की योग गुरु स्वामी रामदेव के जीवन परिचय और योग यात्रा पर आधारित 3 पुस्तिकाओं तथा हरियाणा योग आयोग द्वारा तैयार योग प्रोटोकॉल पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा योग साधकों को 1 लाख पौधे वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त नेहा सिंह, एसपी नीतीश अग्रवाल, भद्रकाली पीठाधीश सतपाल महाराज, जाट सभा के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद, पतंजलि महिला प्रभारी डा. निरुपमा भट्टी, गुर्जर धर्मशाला, सैनी समाज से गुरनाम सिंह सैनी, कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहचान योग विद्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पुनः स्थापित किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान श्रीकृष्ण जी की कर्मभूमि कुरुक्षेत्र की धरा से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम पूरे विश्व को योगमय होता देख रहे हैं। इसका श्रेय हमारे संतों, ऋषियों और विशेष रूप से हमारे कर्मयोगी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री ने सदियों से भारत की पहचान रही इस योग विद्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पुन- स्थापित करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने देश को बहुमूल्य सूत्र खेलेगा भारत, तो खिलेगा भारत योग की डोज, आधा घंटा रोज दिए हैं, जो आज जन-जन की प्रेरणा बन गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पधारे योग गुरु स्वामी रामदेव का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि स्वामी रामदेव ने एक-एक व्यक्ति को प्राचीन पद्धति योग से जोडने़ का काम किया है, जिससे आज पूरी दुनिया में योग की एक अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ है। यह थीम इस बात को चरितार्थ करता है कि योग किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया गया, पूरा हरियाणा हुआ योगमय

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 25 दिन पहले यानी 27 मई से ही योग दिवस से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन शुरू कर दिया था। पिछले 25 दिनों में प्रदेश के अंदर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, आमजन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लाखों लोग योग के साथ जुड़े और आज यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक महोत्सव के रूप में मनाया गया है। आज पूरा कुरुक्षेत्र, पूरा हरियाणा योगमय हो गया है।

### योग केवल व्यायाम का रूप नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक संपूर्ण विज्ञान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग केवल व्यायाम का एक रूप नहीं, बल्कि स्वस्थ, खुशहाल एवं शांतिपूर्ण तरीके से जीवन जीने का एक संपूर्ण विज्ञान है। यह जीवन जीने की कला है, इसीलिए कहा गया है हर रोज करें योग, जीवन भर रहें निरोग। हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

## कुरुक्षेत्र में मनाए गए राज्य स्तरीय योग दिवस को योग धर्म से युग धर्म बनाने की विश्व स्तर पर मिली पहचान : नायब सैनी

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 21 जून।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र ने विश्व स्तर पर योग धर्म से योग युग बनाने की पहचान बनाई है, जो प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव और गर्व की बात है। भाजपा की सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र का समान रूप से विकास करवा रही है। केंद्र में सरकार अपने 11 वर्ष पूरे कर चुके हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि हासिल करने के कार्य किए गए और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना गति से विकास कार्य करवा रही है। इससे प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के निवास स्थान पर बोल रहे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और योग गुरु स्वामी रामदेव उपस्थित रहे। इससे पहले कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर और मेला ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत भी की थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज प्रदेश में ऐसा कोई भी जिला नहीं है, जिसको नेशनल हाईवे ना जोडता हो। प्रदेश के सभी जिले किसी न किसी नेशनल हाईवे से जुड़ चुके हैं।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में डीआईपीआरओ धर्मवीर सिंह द्वारा लिखा गाना हुआ लांच

धर्मवीर सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न विषयों पर लिख चुके हैं दर्जनों गाने

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नीलोखेड़ी/असंध।** वीरता सिंह योग, योगा और आयुर्वेद हमारी संस्कृति का मजबूत आधार माना जाता है। इस संस्कृति को को विश्व व्यापी पहचान दिलाने के लिए योग गुरु स्वामी रामदेव का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रहे धर्मवीर सिंह ने योग दिवस के उपलक्ष्य में एक गाना लिखा है, जिसमें योग संस्कृति को बढ़ावा देने के दृष्टिगत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाबा रामदेव के प्रयासों को दर्षाया और बताया गया है। इससे पहले भी धर्मवीर सिंह विभिन्न विषयों पर अनेक सोंग लिखे गए है। सरकारी सेवा में रहते हुए हर घर तिरंगा, कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिक्रमा में कैंथल का स्थान, मोदी जी का व्यक्तित्व, नायब सरकार, नई संसद से नया सवेरा, गलवान और तवांग पराक्रम इत्यादि सोंग लिखे। इस विषय को लेकर उब उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया की वे सामायिक लिखते है। अब योगा पर सोंग लिखा है और जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर आने वाला है।


धर्मवीर सिंह सॉन्ग लेखक

**1धाकड़ बाबा देश मेरे का,हिन्द मेरे की शान।**
**योग गुरु श्री रामदेव की, दुनिया में पहचान। सुणो तुम दुनिया**

1 राष्ट्रवादी सोच शिखर पै, समाज हितैषी सेहरा।
सबको योग सिखाते है, ना करते तेरा मेरा।
बलवान बनाते कमजोरों को,मिलता यश गुणगान।
योग गुरु श्री रामदेव की, दुनिया में पहचान। सुणो तुम दुनिया वालो-2

2 कई तरह की जड़ी बूटियां, स्वदेशी का नारा।
अच्छी अच्छी बात बताते,लागे सबने प्यारा।
मात पिता के संस्कार और घणे गुणों की खान।
योग गुरु श्री रामदेव की,
दुनिया में पहचान। सुणो तुम दुनिया वालो-2

3 सुबह सबेरे योग सिखाते, जुड़ती दुनिया सारी।
इंडिया टी वी रोज दिखावे,
बाबा योगाचारी।
विश्व विजेता हों संताने,हिन्द के वीर जवान।
योग गुरु श्री रामदेव की, दुनिया में पहचान। सुणो तुम दुनिया वालो-2

4 घणे लोग गुरुकुल में आते, जिनकी कुछ लाचारी।
दवा कोनसी ठीक करैगी,
बात बताते सारी।
देश मेरे का ध्वज तिरंगा, बजे राष्ट्रगान।
योग गुरु श्री रामदेव की, दुनिया मे पहचान। सुणो तुम दुनिया वालो-2

5 आयुर्वेद की दवा निराली,
सबको ये बतलाते है।
योग गुरु श्री रामदेव जी,
सबको योग सिखाते है।
धर्मवीर सिंह ताकत बढ़ती, सुणो खोल कै कान।
धाकड़ बाबा देश मेरे का, हिन्द मेरे की शान।
योग गुरु श्री रामदेव की दुनिया मे पहचान।
सुणो तुम दुनिया वालो-2

### कैथल में पंचायत एवं विकास, खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया योग कार्यक्रम का शुभारंभ



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा के पंचायत एवं विकास, खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि योग दिवस पूरे विश्व को स्वास्थ्य एवं शांति का मार्ग दिखाने वाली भारतीय प्राचीन संस्कृति का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत की योग एवं साधना विद्या का लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है। हरियाणा में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान प्रदेश के लोगों को स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ये शब्द शनिवार को कैथल अनाज मंडी में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहे। यहां पहुंचने पर डीसी प्रीति सहित जिले के अधिकारियों ने मंत्री का अभिनंदन किया। अपने संदेश में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सभी को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत ने विश्व को स्वास्थ्य और शांति का मार्ग दिखाया है। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग विशेषज्ञ एचएस हुड्डा ने योग करवाया। जिसमें मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष भाजपा ज्योति सैनी, अशोक गुर्जर, मनीष कठवाड़, सुरेश संधू, आदित्य भारद्वाज, डीएसपी सुशील कुमार, अमरजीत छाबड़ा, हरपाल क्योड?, डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, आरटीए गिरीश कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शकुंतला सहित सैकड़ों लोगों ने योग किया।

### योग को जीवन का हिस्सा बनाकर राष्ट्र निर्माण व प्रगति में करें योगदानः मंत्री श्याम सिंह राणा



**पानीपत (सुभाष जैन)।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य और दिव्य तरीके से योग कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी सख्या में योग साधकों ने योग कर इस पावन पर्व को और भी यादगार व स्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि एवं किसान कल्याण, पशु पालन एवं डेयरी मत्सय पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि योग-विद्या, भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य धरोहर है। अनादिकाल से योग चला आ रहा है। सभी श्रुति-स्मृतियां योग की महिमा का वर्णन कर रही हैं। हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण व देश के उत्थान एवं प्रगति में योगदान प्रदान करेंगे, तभी हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

### लिबर्टी योग केंद्र ने करवाया योग



**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लिबर्टी शूज तथा लिबर्टी योग केंद्र द्वारा सैंट्रल हाउस रेलवे रोड परिसर मे करें योग रहे निरोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक तथा लिबर्टी योग केंद्र के प्रभारी सतीश गोयल तथा लिबर्टी के सीई ओ रमन बंसल ने कार्यक्रम का निदेशन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दक्षिरण बिजली वितरण निगम के निदेशक प्रवेश शर्मा तथा मिसेज इंडिया रह चुकी शैली शर्मा सहित अन्य समाजसेवी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ लिबर्टी के सीईओ रमन बंसल तथा सतीश गोयल ने लिबर्टी के संस्थापकों के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने पुष्प अर्पित किए। उसके बाद लिबर्टी के अधिकारियों बीरपाल सिंह तिनगुरिया, मार्कीटिंग जीएम राम नाथ शर्मा तथा अन्य कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित किए। योग की विभिन्न क्रियाएं मनोहर दीपनक के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर लिबर्टी के सीं ईओ रमन बंसल ने कहा कि योग से आम आसदमी की कार्यक्षमता बढ़ती है। इसके माध्यम से व्यक्ति डिप्रेशन से दूर रहता हैं। उन्होंने कहा कि तीन सालों से सतीश गोयल के निर्देशन में योग केंद्र चल रहा हें। इसे सभी कर्मचारी अधिकारी जुडे हुए हैं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक तथा समाजसेवी सतीश गोयल ने बताया कि वह लिबर्टी परिवार से 62 सालों से जुडे हुए हैं। वह खुद कराधार एडवोकेट हैं। उन्होंने लिबर्टी परिवार के सभी लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए योग केंद्र की शुरूआत की। वह खुद 85 साल के होने के बाद भी सेहतमंद बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह के जीवन सूत्र दिए उनसे वह प्रभावित हैं। उन पर अमल करते हें। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों में योग को लेकर उत्साह था।

### पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा ने किया योग कार्यक्रम का शुभारंभ

**कैथल (अप्रस)।** पूंडरी में खंड स्तरीय 11 अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि योग एक साधना है, इसे सिर्फ एक दिन के लिए, बल्कि नियमित रूप से अपनाने की आवश्यकता है। अपने व्यस्त समय में से कुछ समय हमें अपने शरीर को भी देना चाहिए, ताकि हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की अलख पूरे विश्व में जगाने का काम किया है। उसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सैनी योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा का संदेश जन जन तक पहुंचा रहे हैं। जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को पूरी दुनिया ने अपनाया है। इसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक करना है। योग शारीरिक लचीलापन और शक्ति बढ़ाता है।

## योग अपनाने से दुनिया की सोच में आया बड़ा सकारात्मक बदलाव : विधायक

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 21 जून।** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में पहली बार दुनिया को योग की दिव्यता का आभास करवाया। आज दुनिया के अधिकतर देश भारत की इस प्राचीन योग विद्या को अपना चुके हैं, जिसके फलस्वरुप दुनिया भर के लोगों की सोच में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

विधायक विनोद भयाना शनिवार को ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान किला परिसर में आयोजित उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिसे दुनिया के 177 देशों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। जिनमें 47 मुस्लिम देश शामिल थे। आज दुनिया योग के महत्व को पूरी तरह से समझ चुकी है।

विधायक ने कहा कि योग से तन मन स्वस्थ रहता है। हर व्यक्ति को दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए । ऐसा करके वह स्वस्थ तो रहेंगे ही साथ ही राष्ट्र की उन्नति में भी अपना अति महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर हरियाणा प्रदेश के सभी 22 जिलों और 121 खण्डों में एक साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें लगभग 11 लाख से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं। योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है, लेकिन कुछ समय से यह प्राचीन परंपरा लुप्त हो गई थी। राज्य सरकार द्वारा योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 714 व्यायाम शालाओं का निर्माण किया है जिसमें 877 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है।

विधायक ने देवी सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर योग दिवस कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने योगिक क्रियाएं कर लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग अपने का संदेश दिया। विधायक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उपमंडल स्तर इतनी भव्यता एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए एसडीएम राजेश खोथ व प्रशासन की प्रशंसा की।

## मॉडल टाउन में गरीब दुकानदारों का फूटा गुस्सा, हर दिन रोष प्रदर्शन का लिया संकल्प



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 22 जून।** गुरुद्वारा बोली साहब के सामने सड़क पर खोखे लगाकर जीवनयापन कर रहे गरीब दुकानदारों ने आज मॉडल टाउन पार्क में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि 10 तारीख को उनकी दुकानों के बाहर रखी बेंचें हटा दी गईं और जगीर सिंह फौजी, केवल सिंह, मनजीत सिंह, परमजीत समेत कुछ शरारती तत्वों ने उनकी दुकानों के सामने जानबूझकर रोड़ी, पत्थर और मलबा फेंककर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती, वे हर दिन विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता शिव सेना हिंदुस्तान हरियाणा अध्यक्ष जगीर मोर ने की। दुकानदार कृष्ण कुमार ने जानकारी दी कि इस मामले में सभी दुकानदारों ने कोर्ट का रुख किया था, जहां से उन्हें उनकी दुकानों के लिए स्टे आदेश प्राप्त हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जल्द न्याय की मांग की है।प्रधान वींद्र शर्मा , राकेश मदान , पवन कुमार , कृष्ण कुमार, बलबीर प्रजापति, धर्मवीर, टीटू , सुशील , विक्रम , देशराज , सत्यनारायण, राकेश कपूर , राजफूल , पम्मी , मंगत राम , विशाल , दीपक , गीता रानी , बबली अन्य दुकानदार भी मौजूद रहे।

## सदियों पुराना है भारत में योग का इतिहास : रामकुमार

अर्थ प्रकाश/विनय दीवान



**सफीदों 21 जून।** योग भारत की हजारों साल पुरानी पद्धति है, जो व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से समग्र विकास करने के लिए पर्याप्त है। यह बात सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय अनाज मंडी में मनाए गए योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी,जसबीर देशवाल,बीजेपी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया, के अलावा प्रशासन से नायब तहसीलदार विकास कुमार,कृषि विभाग के एसडीओ सुशील कुमार,नगर पालिका के ईओ अनिल दीक्षित,जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राकेश शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

विधायक रामकुमार गौतम ने उपस्थित योग साधकों समेत हलका के लोगों को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी मानव जाति को योग की महत्ता से दोबारा परिचित कराकर विश्व पटल पर चमकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है।

दुनियाभर के अधिकतर देश योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इसी संदर्भ में आज पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष योग दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है।

योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सतीश कुमार, पूजा राणा, पूजा शर्मा तथा सरीता द्वारा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से पहुंचे स्कूली छात्र,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, खिलाड़ी,प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, समेत सभी योग साधकों को योग साधना,प्राणायाम,अलोम, विलोम व योग आसन कराए गए। साथ-साथ प्रशिक्षकों द्वारा योग क्रियाओं बारे में सिलसिलेवार विस्तार से जानकारी दी गई, कौन सी क्रिया किस रोग के लिए लाभकारी है अथवा कौन सी क्रिया किस व्यक्ति को नही करनी चाहिए। कार्यक्रम में विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव प्रसारण भी योग साधकों को दिखाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आर्य समाज मंदिर में मनाया योग दिवस



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** आर्य समाज मंदिर हांसी के तत्वाधान में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समाज के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। आर्य समाज के प्रधान सतपाल मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पतंजलि योगपीठ से राजीव यादव, जोगिंदर ग्रोवर व जिले सिंह कार्यक्रम में बतोर प्रशिक्षक रहे और उन्होंने योग के सैकड़ो लाभो से अवगत करवाया। योग के पश्चात सत्यदेव शास्त्री द्वारा हवन किया गया और इसी श्रृंखला में रामकुमार टोकस वाले ने अपने मधुर भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। यह योग शिविर निरंतर रहेगा ओर 25 जून से 29 जून तक रोग निवारण शिविर का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर के प्रधान सतपाल मलिक आर्य देपल वाले, मंत्री राम अवतार सिंह, कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री, फतेह सिंह गुर्जर, सुभाष शेखपुरा वाले,चमन लाल नारंग, पवन सैनी, मिथुन बंसल, अरुण आर्य, देवेन्द्र महता, नरेंद्र वर्मा, डॉक्टर सतवीर चौहान, सुरेंद्र कागडा, अनिल जैन काका, तुलसी दास आर्य, प्रवीण सहारा, रेखा मेहता, सावित्री देवी,ज्योति गांधी एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### योग से जीवन में गुणात्मक सुधार आता है: डा. जैन



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा पतंजलि योग समिति( भारत स्वाभिमान न्यास)के तत्वावधान में अटल पार्क करनाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया व योग शिक्षक अशोक महेंद्रू के निर्देशानुसार योग आसान प्रतिपादित किए। योग शिविर के समापन पर क्लब प्रधान रोटेरियन मीनाक्षी जैन,सचिव गौतम जैन,जगदीश अग्रवाल व समस्त उपस्थित सदस्यों ने आयोजकों को सम्मानित किया। शिविर के उपरांत अटल पार्क के मुख्य द्वार पर छबील लगाकर आमजन को मीठी लस्सी वितरित की गई। आज के प्रकल्प मे नीलम जी, ईश्वर बहल,डॉ विक्रम मितल,डॉ अरुण सूद,मनीष अग्रवाल,ब्रिज गर्ग, नरेन्द्र गोयल,भारती शर्मा,डॉ जतिन आर्य,सुरेन्द्र जैन,विनोद मिश्रा,प्रशांत जैन, रमन शर्मा,रेखा मिश्रा,स्नेहा जैन व ध्रुवी मितल आदि उपस्थित रहे।


### श्रीमद्भगवद्गीता का ऐसा कोई अध्याय नहीं है जिसमें किसी योग का वर्णन न हो: डा. श्रीप्रकाश मिश्र



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आदियोगी शिव को योग का प्रथम प्रवर्तक कहा गया है। बाद में पतंजलि ने इसे सूत्रों में संकलित किया और व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में ज्ञान योग, कर्म योग, भक्ति योग और राजयोग जैसे विविध रूपों का उपदेश दिया। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है। यह भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐसी देन है, जो आज वैश्विक स्तर पर तनाव मुक्त जीवन, स्वास्थ्य और शांति का साधन बन चुकी है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस योग का वैश्विक महत्व विषय पर आयोजित योग परिचर्चा एवं योगाभ्यास कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ योग वंदना से किया। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने विभिन्न योगाभ्यास किया।

# योग भारत की ऋषि परम्परा का ऐसा मंत्र, जो स्वस्थ काया व स्वस्थ मस्तिष्क उपलब्ध कराता : मुख्यमंत्री योगी

विजय कुमार निगम



**गोरखपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की ऋषि परम्परा का ऐसा मंत्र है, जो स्वस्थ काया के साथ-साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने प्राचीन काल से ही योग के महत्व से हम सभी को विस्तृत रूप से अवगत कराया है। मनीषा का मानना रहा है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्' अर्थात् धर्म के सभी साधनों, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति एक स्वस्थ्य शरीर से ही सम्भव है। 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्' भाव की पूर्ति योग के माध्यम से होती है।

मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर में श्री गोरखनाथ मन्दिर के महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वह योगाभ्यास में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से देश व दुनिया के लोग जुड़ रहे है। विशाखापट्टनम्, आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूरी दुनिया को भारत की योग परम्परा के महत्व से अवगत करा रहे हैं। धर्म, आध्यात्मिक उन्नयन, सर्वांगीण विकास, सांसारिक उत्कर्ष आदि से जुड़े कार्य स्वस्थ शरीर के बिना नहीं हो सकते। यदि आप स्वस्थ शरीर के माध्यम से अर्थ के उपार्जन के साथ जुड़ते है, तो वह लोक कल्याण का माध्यम बनता है। आपको अनेक प्रकार से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। स्वस्थ शरीर द्वारा ही कामनाओं की पूर्ति होती है। स्वस्थ शरीर के माध्यम से व्यक्ति आध्यात्मिक उन्नयन के उच्च सोपानों को प्राप्त कर सकता है। जिसके माध्यम से हमारी ऋषि परम्परा ने सबके सामने एक विस्तृत भण्डार प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की ऋषि परम्परा का प्रसाद है। भारत ने योग को आत्मकल्याण के माध्यम से लोक कल्याण का माध्यम बनाकर विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। इसकी लम्बी परम्परा तथा अलग-अलग आयाम देखने को मिलते हैं। दुनिया में भारत की तुलना केवल आर्थिक उन्नयन के लिए नहीं होती, बल्कि आर्थिक उन्नयन केवल एक पक्ष है। चेतना के उच्च आयामों के माध्यम से भारतीय मनीषा ने दुनिया को अनेक रहस्यमयी स्थितियों से अवगत कराने का कार्य किया था। चेतना के उच्च आयामों के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास सम्भव हुआ। ब्रह्माण्ड के जो रहस्य विश्व मानवता के लिए दुर्लभ हैं, भारतीय ऋषि परम्परा ने उन्हें उद्घाटित करते हुए भारत के धर्म ग्रन्थों में समाहित कर एक विरासत के रूप में वेदों, उपनिषदों, पुराणां, स्मृतियों तथा शास्त्रों के रूप में हम सबके सामने प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा की विरासत तथा भारतीय ऋषि परम्परा के योग सम्बन्धी ज्ञान से दुनिया के अनेक देश लाभान्वित होते थे, लेकिन इन यौगिक क्रियाओं को अपने नाम से पेटेंट कराने तथा अपने ग्रन्थों में संकलित करने का कार्य करते थे। परिणामस्वरूप भारत अपनी विरासत से वंचित हो जाता था। योग की इस परम्परा को आगे बढ़ाने का श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। हर भारतवासी प्रधानमंत्री का आभारी है, जिनके प्रयास से संयुक्त राष्ट संघ ने योग के इस विरासत को वैश्विक मान्यता देकर 21 जून की तिथि को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। केवल भारतीय ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग 190 देश 21 जून, 2015 से लगातार भारत की योग की विरासत के साथ जुड़कर अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस ऋषि परम्परा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत से जोड़ने का प्रयास है। यह एक स्वस्थ शरीर के माध्यम से एक स्वस्थ मस्तिष्क की अवधारणा को साकार करने का भी प्रयास है। भारतीय मनीषा कहती है कि जिस व्यक्ति के पास योगाग्नि से तपा हुआ शरीर है, उस व्यक्ति से जरा (बुढ़ापा) तथा मृत्यु आदि व्याधियां हमेशा दूर रहती हैं। यह सब नियमित एवं संयमित दिनचर्या के माध्यम से सम्भव है।

## लाहौल-स्पीति में हुआ बड़ा हादसा, नदी में जा गिरी चंडीगढ़ के पर्यटकों की गाड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 21 जून।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जंखर-सुमदो के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर स्पीति नदी में जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार चंडीगढ़ के पांच लोगों (जिनमें बच्चे भी शामिल थे) की जान बच गई।

यह घटना लाहौल स्पीति के जंखर सुमदो के पास हुई, जहाँ सड़क किनारे से फिसलकर कार सीधे नदी में जा गिरी। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ का एक परिवार इस गाड़ी में सवार था और कहीं घूमने जा रहा था। गाड़ी में बच्चों समेत कुल पाँच सदस्य थे, जो इस हादसे का शिकार हुए।

जैसे ही स्थानीय लोगों और बीआरओ और इको टूरिज्म सोसाइटी के कर्मचारियों को इस घटना का पता चला, वे तुरंत बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुँचे। इको टूरिज्म सोसाइटी के अध्यक्ष कलजंग ने बताया कि स्थानीय लोगों और बीआरओ की टीम ने मिलकर तेजी से राहत और बचाव अभियान चलाया।

सभी घायल पर्यटकों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें तुरंत जिस्पा पहुँचाया गया। बीआरओ के कैंप में प्राथमिक उपचार देकर उनकी हालत स्थिर की गई। इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है, जिससे सभी ने राहत की साँस ली है। कलजंग ने स्थानीय लोगों और बीआरओ के प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण एक बड़ा हादसा टल गया और सभी पर्यटक सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुँच पाए।

## चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य योग कार्यक्रम, सैकड़ों योग प्रेमियों ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जून।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर आज आयुष मंत्रालय और चंडीगढ़ योग सभा के संयुक्त तत्वावधान में योग दिव्य मंदिर, सेक्टर 30-ए, चंडीगढ़ में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभु राम मुल्क दयाल जी की कृपा और करुणा से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोटोकॉल योगासन के तहत 400 से 500 योग प्रेमियों ने एक साथ योग अभ्यास किया।

इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शहर के डिप्टी मेयर श्री तरुण मेहता, समाजसेवी श्रीमती नम्रता शर्मा, सेवा भारती सेक्टर 29 के अध्यक्ष श्री राजेंद्र जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता योग सभा अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा और महाशिव श्री नरेश कुमार ने की।





सभा द्वारा योग जागरूकता को लेकर विशेष प्रयास किए गए और छह दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन लगभग 200 योग साधक योग करने आते रहे।

योगाचार्य भूपेंद्र नेगी के नेतृत्व में सेक्टर 17 की लाइब्रेरी में चार दिवसीय शिविर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त, सीआरपीएफ बटालियन सेक्टर 43 में योगाचार्य दर्शन जी, तथा योगाचार्य राकेश मेहता व राजेश नेगी के नेतृत्व में भी विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया।

सेक्टर 17 के तिरंगा पार्क में भी चंडीगढ़ प्रशासन और आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सभा के 50-60 साधकों ने हिस्सा लिया।

आचार्य भूपेंद्र नेगी और योगाचार्या सविता नेगी के नेतृत्व में सेक्टर 29 और सोहाना, मोहाली के स्कूलों में भी निःशुल्क योग शिविर आयोजित किए गए।

चंडीगढ़ के विभिन्न सोसाइटियों और क्षेत्रों में भी योग शिविर लगाकर योग के लाभों और गंभीर बीमारियों के प्राकृतिक इलाज के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

इस अवसर पर योग सभा ने संकल्प लिया कि समाज में निरंतर योग को बढ़ावा देकर स्वस्थ जीवन की ओर लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

## आंध्र प्रदेश में पति के कर्ज न चुकाने पर महिला को पेड़ से बांधा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती, 21 जून।** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू विधानसभा क्षेत्र कुप्पम के ग्राम तीम्मपुरम जिसमें एक महिला को उसके पति द्वारा लिए गए ऋण को न चुकाने पर पेड़ से बांधकर पीटा गया।

यह घटना सोमवार को कुप्पम विधानसभा क्षेत्र में घटी, जिसका प्रतिनिधित्व मुख्यमंत्री अपने गृह जिले चित्तूर में हैं।

महिला को कथित तौर पर एक पेड़ से बांध दिया गया और गंभीर रूप से उसने मीडिया के सामने बताया कि कपड़े भी उतार रहे थे गंभीर रूप से मारपीट किया गया

महिला ने घटना बताया कि उसका पति थिम्मारायप्पा मुनिकनप्पा नामक व्यक्ति से लिया गया ऋण चुकाने में



विफल रहा था।

कर्ज का बोझ न उठा पाने के कारण रोजगार की व्यवस्था बनाए रखने के लिए दूसरे जगह परिवार को स्थानांतरण किया और वहां जीविकोपार्जन कर रहे थे लेकिन अपने बच्चों को तीमापुर में ही पढ़ाया रहा जा रहा था थिम्मारायप्पा ने कथित तौर पर गांव छोड़ कुछ दिन पहले छोड़ दिया ।

इसके बाद मुनिकनप्पा और उसके परिवार के सदस्यों ने बकाया राशि के लिए पूछने पर कुछ समय बाद चुकाएंगे कहती रही लेकिन उनकी बात नहीं मानी और उसे घसीट से ले गए और पेड़ से बांध दिया अब कहने लगे तुम्हारा पैसा देने के बाद ही स्पीड से रस्सी खोलेंगे वरना ही मर जाना कहा इतनी क्रूरता कि अड़ोस पड़ोस के गांव पुलिस को सूचना देना पड़ा

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पीड़िता के प्रति क्रूर व्यवहार के जब खबर लगी तत्काल पुलिस को सूचित कर उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया लेकिन तब तक सारा कुछ हो चुका था उसकी संस्कारिक परिवार सड़क में लाने के लिए पूरे गांव के लोग मौन थे यह दुर्भाग्य की बात है कहा उसे महिला ने

मुख्यमंत्री के आदेश आने के बाद ही पुलिस ने सोमवार को मुनिकप्पा, उनकी पत्नी मुनेम्मा, उनके बेटे राजा और बहू जगदेश्वरी को गिरफ्तार कर लिया।

सीएम नायडू ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने जिला अधिकारियों से पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने को भी कहा।

पुलिस के अनुसार, थिम्मारायप्पा ने मुनिकप्पा से 80,000 रुपये का कर्ज लिया था। कर्ज चुकाने में असमर्थ होने के कारण वह गांव छोड़कर चला गया। उसकी पत्नी सिरीशा केंचनबल्ला गांव में अपने माता-पिता के घर पर रह रही थी और अपने बेटे की देखभाल के लिए बेंगलुरु में दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम कर रही थी।

सोमवार को वह अपने बेटे का ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने के लिए नारायणपुरम आई थी। जब मुनिकाप्पा को इस शहर में आई है बारे में पता चला तो उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों ने उसके पति द्वारा लिए गए कर्ज को लेकर उससे काफी बहस सरेआम सड़क में मां-बाप की गालियां दी और मारना पीटना चालू किया जब महिला ने कहे कि मेरे पति घर पर नहीं है आने के बाद मैं चुकाने के बारे में अच्छा बाद आऊंगी खाने के बाद भी वे चुप नहीं थे और उसके आते तक तुमको पेड़ से बांधकर रखेंगे कहकर घसीटते हुए ले गए और सड़क किनारे एक पेड़ में बांध दिया और मारना पीटना जारी रखते हो मुंह के ऊपर थूक भी डाला ।

## पीएचडीसीसीआई शी फोरम ने एफसीआई के सहयोग से मनाया योग दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के महिला विंग शी फोरम ने भारतीय खाद्य निगम के सहयोग से शनिवार को योग सत्र का आयोजन किया।

अपने स्वागत भाषण में शी फोरम की अध्यक्ष एडवोकेट पूजा नायर ने कहा कि इस वर्ष 'एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य' के लिए योग थीम के साथ शी फोरम उन पहलों को बढ़ावा देने पर गर्व करता है जो न केवल पेशेवर उत्कृष्टता पर बल्कि समग्र कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करती हैं। जिसमें विशेष रूप से महिलाओं, परिवारों और व्यापक समुदाय के लिए कार्य किया जाता है।



उन्होंने कहा कि हम इस वैश्विक अवसर को चिह्नित करते हैं, हमें कल्याण को केवल एक दिन की गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवन शैली विकल्प के रूप में अपनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, यह हमारे तेज-तर्रार जीवन के बीच खुद से फिर से जुडने का अवसर है।

इस अवसर पर प्रमाणित योग प्रशिक्षक जनक मगोत्रा,भूपिंदर वर्मा और शशि बंसल ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन करते हुए योग सत्र का संचालन किया और बताया कि कैसे योग शारीरिक फिटनेस, मानसिक शांति और मांसपेशियों के लचीलेपन को बढ़ावा देता है।

## योग को केवल एक व्यायाम नहीं, जीवन जीने की समग्र पद्धति मानें : रेखा गुप्ता

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स

**नई दिल्ली, 21 जून।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना नदी के तट पर स्थित सोनिया विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित योग सत्र में भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मंत्री प्रवेश वर्मा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, मंत्री कपिल मिश्रा और दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

यमुना के तट पर आयोजित इस सत्र में भाग लेने के लिए सैकड़ों की तादाद में लोग सुबह-सुबह एकत्र हुए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ÷सभी दिल्लीवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बहुत शुभकामनाएं। मैं आप सभी से एक आग्रह



करना चाहती हूं योग को केवल एक व्यायाम न मानें, इसे जीवन जीने की समग्र पद्धति मानें। योग केवल एक साधना नहीं, समग्र जीवन को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है। आज ÷योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ÷, यह एक बहुत ही प्रासंगिक विषय है, जिसके माध्यम से ना केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य, बल्कि प्रकृति का स्वास्थ्य भी हम मेंटेन कर सकते हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल की गहराई से धन्यवाद अदा करती हूं जिन्होंने भारत की इस ऐतिहासिक परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाई, और 2014 में संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस के रूप में 21 जून विश्व के सभी देशों ने अपनाया। आज हम सभी मिलकर दिल्ली को विश्व के मानचित्र पर योग नगरी के रूप में पहचान दिलाएं, और मिलकर इस उत्सव का आनंद उठाएं। त्यागराज स्टेडियम में मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक और योग सत्र का नेतृत्व किया जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्रसाल स्टेडियम में मंत्री आशीष सूद ने योग किया, जबकि सूरजमल विहार स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह के समय आसन और ध्यान का आयोजन किया गया।

## आरेडिका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस –2025 का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायबरेली, 21 जून।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (आरेडिका) में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम गोमती इन्डोर स्टेडियम में दिनांक 21 जून 2025 को विशाखापट्नम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण के साथ एक विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ रही, जिसमें संपूर्ण विश्व के स्वास्थ्य के प्रति समर्पण का संदेश निहित है।

आरेडिका में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुल 8 जगहों पर वृहद योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी क्लब, सुपरवाइजर क्लब, वर्कर क्लब, हॉस्पिटल, केन्द्रीय विद्यालय, शॉपिंग काम्पलेक्स, सेंट्रल पार्क प्रमुख हैं। इसके साथ ही शॉपिंग काम्पलेक्स में स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा योग पर विशेष नुक्कड



नाटक का आयोजन भी किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महाप्रबंधक महोदय ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को योग के लाभों की जानकारी देकर नियमित योग के लिए प्रेरित किया। विशेषकर, जिन्हें सामान्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं, उनके लिए योग लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने आरेडिका परिसर में स्थित कॉलोनी गेट के पास बने 02 नये तालाबों का निरीक्षण किया एवं तालाब के पास बीज और वृक्षारोपण भी किया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इसी श्रृंखला में, ऑफिसर्स क्लब में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा योगाभ्यास किया गया। इसके अतिरिक्त, आरेडिका चिकित्सालय प्रांगण में योगाभ्यास तथा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती भारती मिश्रा ने की। कार्यक्रम का विषय था ÷जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन में योग की भूमिका÷।

### रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में योग दिवस मनाया



**कपूरथला (अप्रस)।** रेल डिब्बा कारखाना ,कपूरथला में आज 11वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । आर सी एफ के कम्यूनिटी हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में रेल डिब्बा कारखाना के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री एस एस मिश्र महाप्रबन्धक आर सी एफ द्वारा दीप प्रजवलन कर के की गई। इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री रवि कुमार,अन्य उच्च अधिकारी तथा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मधुमिता मिश्र तथा सभी सदस्य भी उपस्थित थी । भारतीय योग संस्थान, रेल डिब्बा कारखाना इकाई के योग आचार्य श्री करण सिंह ने इस कार्यक्रम में योग क्रियाएं करवाईं और योग से होने वाले फायदों का विस्तृत रूप से व्याख्यान किया । मंच पर बैठे साधक उमा शंकर और सुनीता राणा ने योग आसन उपस्थित योग प्रेमियों को करवाए । श्री करण सिंह ने योग साधनों के फायदों के बारे में बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक दोनों रूपों से लाभ मिलता है । इसके अलावा योग आचार्य श्री तेजबीर सिंह ने प्राणायाम और ध्यान की क्रियाएं करवायीं और इन से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया । इन में हंसी क्रिया, अनुलोम विलोम, कपाल भाटी आदि प्रमुख थीं ।

## चंडीगढ़ में मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, प्रशासक रहे मौजूद

# योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन की एक पद्धति : कटारिया

**शहर में 100 से ज्यादा स्थानों पर मनाया गया योग दिवस**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 जून।** चंडीगढ़ में शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में योग सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें 2 हजार से ज्यादा प्रतिभागी मौजूद रहे। मुख्य कार्यक्रम सेक्टर-17 स्थित तिरंगा पार्क में आयोजित किया गया। इस आयोजन में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने भी हिस्सा लिया और शहरवासियों के साथ योग किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया। योग अभ्यास की शुरुआत सुबह सूर्य नमस्कार और प्राणायाम से हुई, जिसके बाद विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रशासक कटारिया ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की एक पद्धति है। इससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। योग हमें आत्म-नियंत्रण, अनुशासन और सकारात्मकता सिखाता है। हर नागरिक को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग आज एक आंदोलन बन गया है। यह व्यक्ति और समुदायों को मजबूत बनाता है। राज्यपाल ने नशा मुक्त चंडीगढ़ के लिये शपथ भी दिलाई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की विशाखापत्तनम से लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी गई। इस मौके पर मेयर हरप्रीत कौर बबला, होम सेक्रेट्री मनदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा, डीसी निशांत यादव, एमसी कमिश्नर अमित कुमार, हेल्थ सेक्रेट्री अजय चगती व प्रशासन के अन्य अफसर मौजूद रहे। रॉक गार्डन में भी 1500 प्रतिभागियों ने योगा किया जिसमें आंगनवाड़ी, क्रैच वर्कर, सीसीआई के बच्चे और सोशल विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। चीफ गेस्ट के तौर पर अनुराधा चगती, शिप्रा बंसल और डा. पालिका अरोड़ा भी मौजूद रही। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाया गया।








अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर चंडीगढ़ रॉक गार्डन में योग करते योगी

### सुखना लेक, इंडस्ट्रियल एरिया, स्कूल-कालेजों, वेलनेस सेंटरों में भी दिवस का आयोजन



शहर के 100 से ज्यादा स्थानों पर योगा दिवस मनाया गया जिनमें सुखना लेक, पीजीआई, पंजाब यूनिवर्सिटी, इंडस्ट्रियल एरिया, स्कूल-कॉलेजों, पार्कों और वेलनेस सेंटर्स में भी योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। चंडीगढ़ की मॉडल जेल में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें 250 कैदियों ने भाग लिया। इस दौरान आईजी प्रिजन पुष्पेंदर कुमार, एडीशनल आईजी प्रिजन डा. पालिका अरोड़ा, एडीशनल सुपरिटेंडेंट जेल अमनदीप सिंह, डीएसजे प्रवीण कुमार व अन्य जेल अफसर मौजूद रहे। सुखना लेक पर सुबह 5.30 बजे से योग अभ्यास का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने लोगों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। उधर पीजीआई में भी योग दिवस मनाया गया इस दौरान पीजीआई डायरेक्टर प्रो. विवेक लाल, निदेशक, प्रो. आर.के. राठौ, डीन (एकेडमिक्स), प्रो. संजय जैन, डीन (रिसर्च), पंकज राय, उप-निदेशक (प्रशासन), प्रो. विपिन कौशल (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. अक्षय आनंद और अन्य स्टाफ मौजूद था।

### कई संस्थानों के सहयोग से मनाया इंटरनेशनल योगा डे





पंजाब यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट की ओर से इंटरनेशनल योगा डे मनाया गया जिसमें डीन स्टूडेंटस वेलफेयर आफिस, इंडियन कौंसिल आफ सोशनल साइंस रिसर्च, नार्थ वेस्ट रीजनल सेंटर, स्पोर्ट्स अथॉरटी ऑफ इंडिया, नार्दन सेंटर, जीरकपुर, देव समाज कालेज फॉर वूमैन, चंडीगढ़ भी सहयोगकर्ता रहे। पीयू की वाइस चांसलर प्रो. रेनु विग ने अपने संदेश में कहा कि योगा केवल एक सेलीब्रेशन नहीं है बल्कि होलिस्टिक वैलबींग की ओर कदम है। इस दौरान डीयूआई प्रो. योजना रावत, पीयू के रजिस्ट्रार प्रो. वाईपी वर्मा, डीएसडब्लयू प्रो. अमित चौहान, डायरेक्टर आईसीएसएसआर एनडब्लयूआर रीजन प्रो. उपासन जोशी सेठी, डायरेक्टर फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स डॉ. राकेश मलिक, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ड़ॉली खन्ना, डिप्टी डायरेक्टर एसएआई ललित लोहानी व देव समाज कालेज की प्रिंसिपल प्रो. नीरू मलिक मौजूद रही।

### पीजीआई और पीयू में भी उत्साह से किया प्रतिभागियों ने योग



पीजीआई चंडीगढ़ में डाक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों ने योग दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए योग मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति का एक अहम माध्यम है। पंजाब यूनिवर्सिटी के यूआईईटी ग्राउंड पर भी हजारों छात्रों ने सामूहिक योग किया। योग करने से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। साथ ही पाचन तंत्र भी बेहतर होता है। योग करने से मानसिक तनाव में कमी आती है। योग से आत्म-संयम और एकाग्रता बढ़ती है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, योग डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, अवसाद, पीठ-दर्द जैसी समस्याओं में भी लाभकारी होता है।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में भी योग की धूम



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायाल परिसर में मुख्य न्यायाधीश शील नागू के तत्वावधान में मनाया गया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिकारीगण तथा पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को योग के फायदे बताये। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग शारीरिक विकास एवं मानसिक विश्राम के साथ साथ शक्ति, लचीलापन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास में सहायक है। वर्तमान परिदृश्य में यह और भी महत्वपूण है जब मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य अत्यधिक तनाव में आ गया है। योग व्यायायम के बारे में नहीं है बल्कि स्वयं, विश्व एवं प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज करना है।

### विश्व योग दिवस पर पतंजलि योग शिक्षिका ने कराया योग



**पंचकूला।** विश्व योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग शिक्षिका सुनीता गर्ग ने जिलाध्यक्ष अजय मित्तल की मौजूदगी में पचास से अधिक साधकों को योग कराया।शिक्षिका सुनीता गर्ग ने जीवन में योग के महत्व को बताते हुए सभी को योग के प्रति को जागरूक किया।इस अवसर जिलाध्यक्ष अजय मित्तल ,पतंजलि योग शिक्षिका सुनीता गर्ग बिंदु , रेखा सीमा, मीनू,नीना,अनीता,शोभा शिवानी,अनीता आदि 50 से ज्यादा साधक मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारियों ने मोहाली में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मोहाली (अप्रस/जिनेंद्र जैन)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, ब्रह्माकुमारियों ने मोहाली के नाइपर इंस्टीच्यूट में एक दिव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारियाँ सफेद वस्त्रों में सज-धजकर उपस्थित हुए जो पवित्रता और शांति का प्रतीक थे। इस आयोजन में नाइपर के विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ वैज्ञानिकों तथा संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) दुलार पांडा सहित कई विशिष्ट जनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान चार विशिष्ट सेवाधारी आत्माओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमें राजयोगिनी प्रेम लता (राजयोग केंद्र मोहाली- रूपनगर सर्कल की प्रभारी), राजयोगिनी रमा (सह प्रभारी), बीके मीना और बीके करमचंद शामिल थे।

### सीबीसी चंडीगढ़ ने पीजीजीसी-11 में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, चंडीगढ़ के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को चिह्नित करने के लिए पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर 11, चंडीगढ़ में द्विदिवसीय एकीकृत संचार और पहुंच कार्यक्रम (आईसीओपी) का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थी। कार्यक्रम के दूसरे दिन, मेजर जनरल जे.एस. चीमा, अतिरिक्त महानिदेशक, एन.सी.सी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने आईसीओपी गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें फोटो प्रदर्शनी का भ्रमण, योग सत्र और मुख्य भाषण शामिल था, जहां उन्होंने दैनिक योग अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला और कैडेटों को स्वस्थ, हाई प्रोटीन युक्त आहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### भारत विकास परिषद ने हर्षोल्लास से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चंडीगढ़।** पूर्व-2 शाखा, भारत विकास परिषद द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेक्टर 19 स्थित कम्युनिटी सेंटर में बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मेयर एवं पार्षद अनूप गुप्ता रहे। योग शिविर में लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन कृष्णा शर्मा एवं निधि गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। सभी प्रतिभागियों को केले और नींबू पानी के रूप में ताजगी प्रदान की गई ।

### यूको बैंक में मनाया गया योग दिवस



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिनांक 21 जून 2025 को सेक्टर 17, चंडीगढ़ के शाखा परिसर में अंचल कार्यालय एवं प्रशिक्षण कॉलेज के सहयोग से आयोजित योग शिविर में यूको बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा योगाभ्यास किया गया । अंचल प्रमुख मिलन दुबे के नेतृत्व में कार्यपालकों के साथ बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्यो ने इस योगाभ्यास में भाग लिया। योग सिर्फ एक अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से समृद्ध बनाती है। इसका नियमित अभ्यास जीवन में स्थिरता, स्वास्थ्य और प्रसन्नता लाता है।

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025



**चंडीगढ़।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने व्यापक कर्मचारी स्वास्थ्य और देखरेख फ्रेमवर्क के तहत अपने सभी कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। कर्मचारियों की देखरेख के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, बैंक ने नवंबर 2024 से प्रतिदिन ऑनलाइन योग और ध्यान सत्र शुरू किए हैं, ताकि कर्मचारी और उनके परिवार अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हर दिन 30 मिनट का समय निकाल सकें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, बैंक द्वारा विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों के लिए भौतिक रूप से योग सत्र आयोजित किए गए, जिन्हें प्रमाणित योग प्रशिक्षक ने वर्चुअल रूप से संचालित किया।

### कृष्णा एन्क्लेव वार्ड 14 में मनाया गया योग दिवस



आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णा एन्क्लेव ढकोली 2इुह्रस्र 414 में योगा ट्रेनर पूजा यादव जी की देखरेख में योग दिवस मनाया गया। जिसमें कृष्णा एन्क्लेव निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए ट्रेनर पूजा यादव जी ने बताया कृष्णा एन्क्लेव ब्लॉक ए ढकौली वार्ड नं. 14 में पिछले एक साल से रोजाना 4 मुफ्त योग कक्षाएं ले रही हैं, जिसमें महिलाओं, बच्चों और पुरुषों क लिए अलग-अलग सत्र लगाए जाते हैं। पूजा जी ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान उनकी देखरेख में चल रही योग कक्षाओं का लाभ उठाकर कई कृष्णा एन्क्लेव ब्लॉक ए ढकौली वार्ड नं. 14 निवासियों ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पाया है। मुफ्त योगा कक्षाओं का लाभ उठाकर अपने शरीर को स्वस्थ बनाना चाहिए और योग को अपनी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

### गौरी शंकर सेवा दल ने मनाया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस



**चंडीगढ (वीरेन्द्र सिंह)।** आज गौरी शंकर सेवादल गौशाला सेक्टर 45 डी की तरफ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अमरनाथ बाबा बर्फानी के पावन चरणों में बालटाल भंडारे के शुभ स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और योग हमारे जीवन को हमेशा हमें स्वस्थ दीर्घायु बनाता है और यहां हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है बालटाल की यहां पावन पवित्र भूमि कश्यप ऋषि की तपस्थली भूमि और जप तप की भूमि साक्षात योग की आध्यात्मिक कर्मण्य भूमि में आज बालटाल अमरनाथ मे गौरी शंकर सेवादल के सदस्य रमेश कुमार शर्मा सुमित शर्मा विनोद कुमार अरुण कुमार शर्मा सुनील काकरान जी दिलीप रावत जी और सभी 50अन्नपूर्ण भंडारे के सेवादार की समस्त टीम द्वारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग किया गया योग हमें हेल्दी बनाने और लंबा जीवन जीने में मदद करता है इसलिए रोजाना योग अवश्य करना चाहिए योग करने से सेहत के लिए कई तरह फायदेमंद भी होता है योग के फायदे शरीर को और मानसिक स्वास्थ्य पर तो नजर आते ही है साथ में यह एक आध्यात्मिक तौर पर भी फायदेमंद है इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और योगा करने के लिए प्रोत्साहित करना है इसलिए तन और मन का संतुलन ही सच्चा सुख है और योग से अवश्य जुड़े रहना चाहिए ताकि जीवन को भी सुंदर बनाए हर दिन योग करें हर दिन मुस्कुराए स्वस्थ रहें सुखी रहे।

### योग दिवस पर भाजपा ने 38 स्थानों पर किया योग अभ्यास का आयोजन



**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा आज पूरे शहर में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, उपाध्यक्ष शक्ति प्रकाश देवशाली एवं वरिष्ठ नेता जगतार सिंह जग्गा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा-योग भारत की संस्कृति का अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग ने वैश्विक पहचान बनाई है। भाजपा चंडीगढ़ द्वारा आज कुल 38 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को भी जोड़ते हैं।' चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी के मंडलों और कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक योग अभ्यास किया गया। सभी आयोजनों में नागरिकों की भागीदारी उत्साहपूर्ण रही और 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' की भावना को मजबूती मिली।

### चंडीगढ़ की मॉडल जेल में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** शनिवार को चंडीगढ़ की मॉडल जेल में भी



11वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महानिरीक्षक जेल पुष्पेंद्र कुमार और और एडिशनल आईजी जेल डॉ. पालिका अरोड़ा मार्गदर्शन में मनाया गया ।योग शिक्षक मेडलिस्ट,साइंस ऑफ लिविंग एफसी (एसईडीई), एमडी, एक्यूप्रेशर के मार्गदर्शन में लगभग 250 कैदियों ने योग गतिविधियों में भाग लिया। जेल में योग एक नियमित गतिविधि है ।जेल में योग एक नियमित गतिविधि है। जेल में सजा काट रहे कैदी प्रदीप कुमार और अन्य ने दैनिक योग करने के लाभों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण भी किया गया ।इस मौके पर एडिशनल सुपरिंटेंडेंट जेल अमनदीप सिंह,डीएसजे परवीन कुमार, डीएसजे मुकेश कुमार के अलावा जेल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### संत निरंकारी मिशन ने मनाया अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस



**मोहाली ।** योग भारत की एक प्राचीनतम विद्या है, जो न केवल शरीर को सबल बनाती है बल्कि मन को शांत और आत्मा को जागृत करने की क्षमता भी रखती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव, असंतुलन और रोगों से बचाव करते हुए व्यक्ति आत्मिक शांति और सामाजिक सौहार्द की दिशा में अग्रसर होता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 'अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है। चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी और मोहाली ब्रांच के संयोजक डॉ जे के चीमा जी ने बताया कि इसी लड़ी में संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रात: 5.45 बजे मोहाली फेस 6 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन एवं चंडीगढ़ जोन के अनेकों सत्संग भवनों पर 'योग दिवस' का भव्य आयोजन किया गया।

### एसबीआई ने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर ध्यान देने के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक ने चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में अपने स्थानीय प्रधान कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर को चिह्नित किया। श्री कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, एसबीआई चंडीगढ़ सर्कल, श्री मनमीत एस. छाबड़ा, महाप्रबंधक नेटवर्क -1, श्री विमल किशोर महाप्रबंधक नेटवर्क -3, श्री काजल कुमार भौमिक, उप महाप्रबंधक और सीडीओ और अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक श्रीमती और श्री जोगिंदर भूटानी ने एसबीआई के सभी कर्मचारियों के योग सत्र में भाग लिया। स्वस्थ जीवन शैली के महत्व और तनाव से राहत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एसबीआई ने सभी स्टाफ सदस्यों को योग का अभ्यास करने में सक्रिय रूप से संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया। यह पहल जीवन के प्रति सकारात्मक और संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। योग सत्र के बाद, श्री कृष्ण शर्मा ने श्रीमती और श्री जोगिंदर भूटानी को सम्मानित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'ब्रेथ, मूवमेंट, माइंडफुलनेस' सत्र का आयोजन, सभी आयु, वर्ग के लोगों ने लिया भाग



**चंडीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर-44 में पैरा मेडिकल स्टाफ, एनए कल्चरल सोसायटी, इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए), साइकलगिरि और आर्चन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'ब्रेथ, मूवमेंट, माइंडफुलनेस' सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सभी आयु वर्ग के लोगों को भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### आयकर विभाग चंडीगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया



**चंडीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, आयकर विभाग द्वारा दिनांक 21.06.2025 को आयकर भवन, सेक्टर 17, चंडीगढ़ परिसर में योग दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर की मुख्य अतिथि श्रीमती वत्सला झा, प्रधान महा-निदेशक (जांच), उत्तर-पश्चिम क्षेत्र रही जो 1992 बैच की आईआरएस अधिकारी है। इस आयोजन का संचालन श्रीमती कोमल जोगपाल, आईआरएस, प्रधान मुख्य आयुक्त, पंचकूला एवं रिव्यू यूनिट-1, चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य हेतु योग' के अनुरूप आयोजित किया गया। आयकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस आयोजन में उल्लासपूर्वक और सामूहिक उत्साह के साथ भाग लिया। योग सत्र में स्ट्रेचिंग व्यायाम और विभिन्न योगासन शामिल थे, जिसके बाद भस्त्रिका प्राणायाम कराया गया। एक विशेष सत्र में 'हरि ओम' ऑनलाइन गाइडेड मेडिटेशन की सहायता से सात चक्रों का सशक्तिकरण किया गया।

### पेक ने मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चंडीगढ़।** पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ के फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्रों ने मिलकर बड़े उत्साह और उमंग के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह-सवेरे एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने तन और मन की ताजगी को महसूस किया। इस योग सत्र में पेक के निदेशक प्रो. राजेश कुमार भाटिया, रजिस्ट्रार कर्नल आर.एम. जोशी, डीन स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. डी.आर. प्रजापति, ऐडीएसए स्पोर्ट्स डॉ. संदीप हरित और कई अन्य फैकल्टी सदस्य व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। योग इंस्ट्रक्टर सुश्री प्रियंका चौहान के कुशल निर्देशन में योगासन, श्वसन क्रियाएं और माइंडफुलनेस प्रैक्टिसेज़ कराई गईं, जिससे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा मिला। सुश्री प्रियंका चौहान, जो कि एक प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक हैं, ने यह सत्र आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार संचालित किया। इसमें सबसे पहले हल्की वार्म-अप क्रियाएं की गईं, जिससे शरीर में रक्त संचार बढ़े। इसके बाद 24 मिनट के योग सत्र में मंत्र उच्चारण, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, अर्ध हलासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन सहित अन्य प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया गया। सत्र के अंत में नाड़ी शोधन, शीतली, भ्रामरी और प्राणायाम के विभिन्न रूपों का अभ्यास कराया गया, जिनसे न केवल तंत्रिका तंत्र मज़बूत होता है, बल्कि मन की स्थिरता भी आती है। अंत में, ध्यान के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सुकून और ऊर्जा का अनुभव कराया गया।

### सीमा सुरक्षा बल (पश्चिम कमान) द्वारा किया गया 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



आज दिनांक 21 जून 2025 को मुख्यालय, विशेष महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (पश्चिम कमान) चण्डीगढ़ के लखनौर (मोहाली) स्थित कैम्पस में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' की थीम पर 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन श्री प्रमोद कुमार यादव, महानिरीक्षक (एच आर एवं लॉजिस्टिक), मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल (पश्चिम कमान) के नेतृत्व में पूरे उत्साह एवं जोश के साथ किया गया। समारोह का आयोजन उत्साह एवं जोश से भरे वातावरण में पतंजलि योग समीति, चंडीगढ क्षेत्र के राज्य प्रभारी एवं प्रशिक्षित योग गुरु श्री विनोद भारद्वाज जी एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कर किया गया। सीमा सुरक्षा बल पश्चिम कमान मुख्यालय परिसर के समस्त अधिकारियों, कार्मिकों एवं उनके परिजनों ने मानसिक तनाव से राहत, शारीरिक और मांसपेशियों की ताकत बढाना, संतुलन बनाए रखना, सहनशक्ति में सुधार करना आदि सहित योग और इसके असंख्य लाभों को एकजुट करने के लिए अपने आपको प्रतिबद्ध करके भरपूर लाभ उठाया।

सम्पादकीय

# पंजाब में जमीनी पानी बचाने के सरकारी प्रयास सराहनीय

पंजाब नहरी पानी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करके अपने जमीनी पानी के स्तर को जहां बढ़ाने की योजना बना रहा है, वहीं जल संसाधनों को बचाने के लिए भी प्रयास करेगा। वास्तव में पंजाब सरकार की ओर से उठाया गया यह उचित कदम है। मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है कि प्रदेश में भूजल की स्थिति बहुत चिंताजनक है, क्योंकि 153 ब्लॉक में से 115 में भूजल बहुत नीचे जा चुका है। कमोबेश ऐसी स्थिति उत्तर भारत के सभी राज्यों की है, क्योंकि जमीन का पानी बहुत नीचे जा चुका है और इसे अगर रोकने की कोशिश नहीं की गई तो यह हालात और ज्यादा चिंताजनक होते जाएंगे।

**लंबे समय से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, जिनसे यह साबित हो रहा है कि राज्य में जल संकट बढ़ा है, इसके अलावा जमीन का पानी बहुत नीचे जा चुका है, वहीं खेती का एरिया भी सिकुड़ चुका है। इसके अलावा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला पानी या तो नदियों में बहाया जा रहा है, या फिर उसे जमीन के अंदर पाइपों के जरिए पहुंचाया जा रहा है। राज्य में जमीन का पानी इतना नीचे जा चुका है कि अब खेती के लिए इसका मतलब नहीं रह गया है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो राज्य में न केवल जल संकट और गहरा जाएगा अपितु राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी खत्म हो जाएगा। यह आंकड़े बीते पांच-छह वर्षों के हैं। पंजाब सॉयल कंजर्वेटर और सेंट्रल अंडर ग्राउंड वाटर लेवल बोर्ड के एक सेटेलाइट सर्वे में सामने आया था कि राज्य में जिस तेजी से जलस्तर गिर रहा है, उससे 18 साल बाद प्रदेश की जमीन के नीचे केवल 5 फीसदी इलाके में ही पानी बचेगा।**

वास्तव में पंजाब में भूजल का खत्म होते जाना बहुत गंभीर समस्या है और यह अलार्मिंग स्तर पर पहुंच चुका है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने धान की फसल रोपने के लिए एक विशेष योजना का खुलासा किया था। इस योजना के तहत राज्य को तीन जोन में बांटा गया है। पहले चरण में जिन जिलों में भूजल स्तर ऊपर है, वहां पहली जून से धान की बोआई शुरू होगी, इसके बाद पांच जून और नौ जून से अन्य जिलों में बोआई को शुरू कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने खुद माना है कि राज्य में भूजल स्तर के लगातार नीचे जाने की वजह धान की खेती है। आंकड़े गवाह हैं कि पंजाब में 25 साल पहले जहां 20 लाख हेक्टेयर में धान की फसल उगाई जा रही थी, वहीं अब 32 लाख हेक्टेयर से भी ज्यादा जमीन पर धान उगाया जा रहा है। धान की फसल का यह मोह पंजाब के किसान की आर्थिकी को बेहतर करता है, लेकिन इसका नुकसान राज्य को भविष्य की दृष्टि से भयंकर होने वाला है। राज्य में पहली बार नहीं है कि गिरते भूजल स्तर को लेकर मुख्यमंत्री के स्तर पर चिंता जताई गई हो। राज्य में जब-तब यह मुद्दा उठता रहता है।

लंबे समय से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, जिनसे यह साबित हो रहा है कि राज्य में जल संकट बढ़ा है, इसके अलावा जमीन का पानी बहुत नीचे जा चुका है, वहीं खेती का एरिया भी सिकुड़ चुका है। इसके अलावा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला पानी या तो नदियों में बहाया जा रहा है, या फिर उसे जमीन के अंदर पाइपों के जरिए पहुंचाया जा रहा है। राज्य में जमीन का पानी इतना नीचे जा चुका है कि अब खेती के लिए इसका मतलब नहीं रह गया है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो राज्य में न केवल जल संकट और गहरा जाएगा अपितु राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार भी खत्म हो जाएगा। यह आंकड़े बीते पांच-छह वर्षों के हैं। पंजाब सॉयल कंजर्वेटर और सेंट्रल अंडर ग्राउंड वाटर लेवल बोर्ड के एक सेटेलाइट सर्वे में सामने आया था कि राज्य में जिस तेजी से जलस्तर गिर रहा है, उससे 18 साल बाद प्रदेश की जमीन के नीचे केवल 5 फीसदी इलाके में ही पानी बचेगा। इसका मतलब यह होगा कि जो ट्यूबवेल धुक-धुक करते हुए मुफ्त की बिजली पर रात-दिन धरती के सीने से पानी सोख कर बाहर फेंकते रहते हैं, वे एक भी बूंद पानी बाहर निकालने के काबिल नहीं रहेंगे। इससे खेती का वह एरिया जोकि जमीन के पानी पर निर्भर है, बर्बाद हो जाएगा। घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो जाएगी। सर्वे में बताया गया था कि 1985 में पंजाब जमीन के पानी के लिहाज से काफी अच्छी स्थिति में था। तब प्रदेश के 85 फीसदी इलाके में भूजल स्तर सही था, लेकिन 2018 आते-आते इसमें बेहद तेजी के साथ गिरावट आई है। अब हालात ऐसे हैं कि करीब 45 फीसदी इलाके में भूजल कम हो गया, वहीं 6 फीसदी इलाके में तो भूजल खत्म ही हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा ही रहा तो साल 2037 तक आते-आते पंजाब के 5 फीसदी इलाके में भी भूजल नहीं बचेगा।

वास्तव में यह कथन गंभीर चेतावनी है कि एक किलो धान पैदा करने के लिए लगभग चार हजार लीटर पानी इस्तेमाल करना पड़ता है। धान की फसल के 70 दिनों के सीजन के दौरान एक गोबिंद सागर झील जितना पानी निकाल दिया जाता है। भूजल स्तर के संबंध में इस प्रकार के आंकड़े और कथन डराते हैं, लेकिन यह डर तब और ज्यादा भयावह हो जाने की आशंका बलवती हो जाती है, जब विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर ऐसा ही हाल रहा तो पंजाब भविष्य में पानी से शून्य हो जाएगा। जिसका नाम पंज दरियाओं के आधार पर रखा गया हो, जहां कभी कल-कल दरियाओं की गूंज सुनाई देती रही हो। उस प्रदेश में पानी की यह स्थिति बेहद निराशाजनक है। निश्चित रूप से मान सरकार के प्रयास सही हैं, लेकिन उन्हें हकीकत बनाया जाना आवश्यक है।

# आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते के वैश्विक मायने क्या हैं?

कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायी हो सकते हैं, क्योंकि दोनों देश अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति के निशाने पर हैं। एक ओर जहां कनाडा को अमेरिका अपने राज्य में मिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर भारत को अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नीचा दिखाना चाहता है, ताकि उसकी वैश्विक दादागिरी बरकरार रहे। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में एक नया मोड़ आ गया है और लगभग दो साल की तनातनी के बाद, कनाडा ने एक बड़ा खुलासा किया है।



कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकार किया है कि कनाडा में बैठे खालिस्तानी चरमपंथी (आतंकवादी) भारत के खिलाफ हिंसा, प्रचार और फंड इकट्ठा करने के लिए उसकी धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी (अलगाववादी) कनाडा से भारत के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं। साल 1980 के दशक से ही कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों ने हिंसक तरीके से पंजाब में एक स्वतंत्र सिख राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया है।

इस रिपोर्ट में 1985 के एयर इंडिया बम धमाके का भी जिक्र है। जिससे भारत के उस दावे को बल मिला है, जिसमें वह कहता रहा है कि कनाडा आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। ष्ष्टड्रस ने यह खुलासा किया कि पाकिस्तान, कनाडा में भारत के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई।

इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को 'आधारभूत' बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बड़े। इस हेतु राजदूतों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। बहरहाल, सीएसआईएस ने भी यह मान लिया है कि पाकिस्तान, कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ जारी गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। बता दें कि पीएम मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान खालिस्तानी समूहों ने उनको लेकर धमकियां देने तक की हिमाकत की थी।

ऐसे में सीधा सवाल उठता है कि क्या बिना कनाडा में उनसे सहानुभूति रखने वालों के शह और पाकिस्तान की बैकिंग के वह इतनी हिम्मत कभी जुटा पाते? इसलिए पूरक प्रश्न यही है कि जब कनाडा ने मान लिया कि पाकिस्तान-खालिस्तानियों की जुगलबंदी से उसकी धरती से भारत के खिलाफ हिंसक साजिशों को अंजाम दिया जा रहा है तो फिर उससे भारत क्या उम्मीदें कर सकता है? यही न कि कनाडा आतंकवादियों को भारत के हवाले करे, खालिस्तानी नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करे और अलगाववाद को आतंकवाद माने।

वहीं, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट भी शामिल हैं, वे कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। उनका उद्देश्य कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करना है। इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। हालांकि, भारत पहले से ही कनाडाई अधिकारियों की ओर से लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। रिपोर्ट में इसके अलावा पाकिस्तान, रूस और ईरान का भी नाम लिया गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हरदीप सिंह निज्जर मामले से भारत सरकार और आपराधिक नेटवर्क के बीच संबंधों का पता चला है। इसमें कहा गया कि खालिस्तानी उग्रवाद कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने निज्जर की मौत में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है और कनाडा की ओर से लगाए गए हस्तक्षेप के आरोपों को भी खारिज किया है।

बता दें कि साल 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के संबंधों में तीखी तनातनी देखी गई थी। कनाडाई अधिकारियों ने इस हत्या को भारतीय सरकार के हस्तक्षेप से जोड़ा, जिसका भारत ने खंडन करते हुए इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताया था। भारत ने इसके जवाब में कनाडा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को पनाह देने और उनकी गतिविधियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

यक्ष प्रश्न है कि अब पाकिस्तान के साथ खालिस्तानियों की जुगलबंदी का क्या होगा, क्योंकि आतंकवाद पर कनाडा के कबूलनामे को भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में बदलाव आया है, इससे खालिस्तानियों की बेचैनी बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत ने कनाडा से साफ कहा है कि वह आतंकवादियों को सौंपे और खालिस्तानी नेटवर्क को खत्म करे। भारत ने 26 आतंकवादियों को सौंपने के लिए कहा है, जिनमें से सिर्फ 5 पर ही कार्रवाई हुई है।

उम्मीद है कि इस मामले में कनाडा अब कार्रवाई करके दिखाएगा। इनमें अर्श डल्ला का मामला भी शामिल है, जिस पर भारत में 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। डल्ला को कनाडा की अदालत ने जमानत भी दे दी थी। भारत ने कनाडा से यह भी कहा है कि वह भगोड़ों को गिरफ्तार करे और रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करे। लेकिन, कई मामलों में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे भारत नाराज है।

हालांकि, कार्नी के लिए यह मुश्किल है कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिखों को नाराज किए बगैर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करें। कारण कि वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन जैसे संगठन कनाडा में काफी प्रभावशाली हैं। इसलिए, कनाडा के लिए आतंकवादियों पर कार्रवाई करना उतना आसान भी नहीं है। जस्टिन ट्रुडो की सरकार में तो इसीलिए ऐसे भारत-विरोधी संगठन पूरी तरह से हावी हो चुके थे। हालांकि, राजनीतिक रूप से कार्नी उनको लेकर इतने मोहताज भी नहीं हैं, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि भारतीय मूल के कनाडाई अलगाववादी वहां बहुत बड़े वोट बैंक बन चुके हैं। फिर भी, उम्मीद की किरण बची हुई है। क्योंकि दोनों देश आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर बात कर रहे हैं।

दरअसल, बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का संदेश साफ है, 'अब और ज्यादा दोहरा रवैया किसी भी देश का नहीं चलेगा।' भले ही कनाडा उदारवाद और बोलने की आजादी की बात करता है, लेकिन भारत के खिलाफ हिंसा करने वालों पर आंखें भी मूंदे नहीं रह सकता। यही वजह है कि कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात खत्म होते ही कहा, 'अभी बहुत काम करना बाकी है।' भारत के लिए यह एक बड़ी जीत है कि दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात के बाद ही कनाडा की खुफिया एजेंसी भी अब भारत के दावों को स्वीकारने लगी है। एक तरह से यह कहा जा सकता है कि यह खालिस्तान समस्या का अंत तो नहीं है, लेकिन कनाडा की धरती पर इसकी शुरुआत हो चुकी है।

स्पष्ट है कि यदि आप अमेरिका को कमजोर करना चाहते हैं तो कनाडा में आपकी स्थिति स्वाभाविक रूप से मजबूत होनी चाहिए। इससे आप अमेरिका की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे, लेकिन ऐसा आप खुल्लमखुल्ला नहीं कर सकते! बल्कि छिपे रुस्तम के तौर पर ही कर सकते हैं। प्रायः ऐसी घाती-प्रतिघाती रणनीति दुनिया के परस्पर प्रतिस्पर्धी देश अपने जासूसों और उनके नेटवर्क में शामिल लोगों के मार्फत बनाते-बनवाते ही रहते हैं। कुछ यही वजह है कि अमेरिका के प्रबल प्रतिद्वंद्वी देशों यथा- चीन, रूस, भारत, ईरान आदि देशों की अभिरुचि कनाडा में बढ़ चुकी है। हालांकि, कनाडा सरकार इससे सावधान भी है।

स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के बीच बदलते रिश्तों से निम्नलिखित पांच बातें स्पष्ट होती दिखाई दे रही हैं, जिनके अपने वैश्विक मायने हैं। पहला, कनाडा की खुफिया एजेंसी ने माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। दूसरा, सिख अलगाववादी समूहों की धमकियों के बावजूद, पीएम नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई, जो धमकियों पर कूटनीति की जीत करार दी जा सकती है। तीसरा, कनाडा की खुफिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पर भी भारत-विरोधी एजेंडे में शामिल होने का आरोप लगाया गया है, जिससे पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हुआ है। चतुर्थ, मोदी (भारत) और कार्नी (कनाडा) की मुलाकात को रिश्तों में सुधार के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन भारत को सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई से मतलब है। इससे साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते में एक नई शुरुआत हुई है, लेकिन अनुभवजन्य शर्तों के साथ, यह बहुत बड़ी बात है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### खाड़कुओं ने 3 अपहृत पुलिस कर्मियों को रिहा किया

चंडीगढ़। पंजाब में आज सुबह खाड़कुओं ने अमृतसर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि उसके गनमैन को घायल कर दिया। इसके अलावा गत रात्रि से अब तक विभिन्न मुठभेड़ों में 9 खाड़कू मारे गए जबकि पुलिस शुक्रवार को खाड़कुओं के कब्जे से रिहा करा लेने का दावा किया है। यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार खाड़कुओं ने आज सुबह अमृतसर शहर में मूलतान सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि इस गोलीबारी से उसका गनमैन लखविन्दर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान बटाला पुलिस जिला के गांव मालिकपुर में खाड़कुओं ने एक किसान अजीत सिंह को एक पेड़ से टांगकर उसकी हत्या कर दी, खाड़कुओं ने गत शुक्रवार को फतेहगढ़ जिला से अपहृत तीन पुलिस कर्मियों हैड कांस्टेबल सुखदीप सिंह, कांस्टेबल बलदेव सिंह और होमगार्ड जवान मोहन सिंह को रिहा कर दिया है। गत रात्रि के दौरान तरनतारन पुलिस जिला के गांव जलालबाद में सुरक्षाबलों ने दो अज्ञात खाड़कुओं को मार गिराया। इसी जिला में एक अन्य मुठभेड़ में गांव पालासर में दो अज्ञात खाड़कू मारे गये। इसके कब्जे से काफी मात्रा मेंविस्फोटक और दो डेटोनेटर बरामद हुए है। जगरावां के निकट गांव शंकर में मुठभेड़ के दौरान दो अज्ञात खाड़कू मारे गये।

### भूख हड़तालियों को हरियाणा भाजपा का समर्थन

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की क्रमिक हड़ताल आज छठे दिन की जारी रही। श्री राजेन्द्र लखनपाल अध्यक्ष हिन्दू पर्व महासभा तथा ठाकुर मलूक सिंह विभाग सहसंचालक आरएसएस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों को जूस पिलाकर उसकी भूख हड़ताल तुड़वाई। यह जानकारी नगर भाजपा के एक प्रवक्ता ने दी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1814- एचएमएस लेन्डर ने यूएसएस रैटलस्नेक को सैबल आइलैंड, नोवा स्कोटिया में हराया।
1826- पनामा के पैन-अमेरिकन कांग्रेस ने अमेरिका के गणराज्यों को एकजुट करने की (असफल) कोशिश की।
1857- लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय आधिकारिक तौर पर रानी विक्टोरिया द्वारा खोला गया।
1865- डॉ डब्ल्यू जी ग्रेस ने प्रथम श्रेणी की क्रिकेट की शुरुआत की।
1906- स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
1911- किंक जॉर्ज पंचम को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।
1911- जेक वी और मैरी ऑफ टेक को लंदन में वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग एंड द अनइनटेड किंगडम की रानी का ताज पहनाया गया।
1937- केमिली चौटेम्प्स तीसरी बार, दूसरे लोकप्रिय मोर्चे मंत्रालय में फ्रांस के प्रधान मंत्री बने।
1940- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस नेताओं के साथ मतभेदों के बाद 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। मोहनदास के। गांधी द्वारा मुखर होने के बाद नेताजी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।
1941- लिथुआनिया में जून विद्रोह शुरू हुआ।
1941- हिटलर ने तत्कालीन सोवियत रूस पर आक्रमण किया।
1944- अमेरिका ने सेवानिवृत सैनिकों की मदद के लिए कानून बनाया।
1957- तत्कालीन सोवियत रूस ने पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया।
2002- उत्तरी-पश्चिमी ईरान में जबरदस्त भूकंप से 261 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में लोग घायल हुए।
2009- डिजिटलफोटोग्राफी के उद्भव के कारण घटती बिक्री का हवाला देते हुए, ईस्टमैन कोडक कंपनी ने घोषणा की कि वह कोडाक्रोम रिवर्सल फिल्म की बिक्री को रद्द कर देगी, जो फोटोग्राफी आइकन के रूप में अपने74 साल के रन का समापन है।
2009- वाशिंगटन, डीसी में दो मेट्रो ट्रेनें टकराईं, नौ लोगों की मौत हो गई और 80 अन्य घायल हो गए।
2009- 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण भारत में दिखाई दिया।

## बोल ब्यूटीफुल

**मिन्हाज मर्चेंट:** संर्घषविराम पर ट्रंप की कपोल कल्पनाओं को हवा मिलने के लिए भारत सरकार अपने अलावा किसी और को दोष नहीं दे सकती। अब वह एक श्वेत पत्र जारी करे और उसे भारतीय एवं वैश्विक मीडिया को भेजे। उसमें आपरेशन सिंदूर और उसके बाद के पूरे घटनाक्रम का बिंदुवार ब्योरा हो।



**आदेश रावल:** 2012 से 2014 के बीच जब काले धन की बात होती थी तो कहा जाता था कि अगर विदेश में जमा काला धन वापस आ जाए तो सबके खाते में 15 लाख रुपए आ सकते है। अब लगभग 13 साल बाद स्विस बैंकों में जमा पैसों में तीन गुना बढ़ौत्तरी हो गई है।

**कमलेश सिंह:** ट्रंप को अगर नोबेल पुरस्कार ही चाहिए तो बेहतर है कि वे नर्वे को धमकाएं कि अगर पुरस्कार नहीं दोंगे तो हमला कर दूंगा।

# सदियों पुराना है भारत में योग का इतिहास

दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं।

महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का



ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है।

# राज्यपाल और सीएम सुक्खू सहित हिमाचल में 2 लाख से अधिक लोगों ने किया योग

## राज्यपाल ने योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हिमाचल राजभव में योगाभ्यास करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल

**शिमला, 21 जून।** राजभवन शिमला में शनिवार को 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि योग की शास्वत प्रासंगिकता है और यह अध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योग मानव जगत के लिए भारत के ऋषि मुनियों का एक अनमोल उपहार है। यह न केवल शरीर को मजबूत बनाता है बल्कि मन और आत्मा को जोड़ने का माध्यम भी है।

राज्यपाल ने कहा कि योग को विधिवत रूप देने का श्रेय जहां महर्षि पतंजलि को जाता है वहीं योग परम्परा की शुरूआत आदियोगी भगवान शिव से मानी जाती है। भगवान शिव ने ही योग नृत्य और ध्यान की शुरूआत की और मानवता को यह दिव्य परम्परा भेंट की।

श्री शुक्ल ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि इस प्राचीन धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा मिली है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने से भारत की संस्कृतिक विरासत को विश्वभर में मान्यता और सम्मान मिला है। आज विश्व के अनेक देश इस दिन को योग दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मना रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि योग किसी धर्म से संबंधित नहीं है बल्कि मानसिक चेतना और शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है। विश्वभर के लोग योग को शारीरिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता के लिए अपना रहे हैं। योग केवल शारीरिक क्रियाएं नहीं बल्कि संतुलित जीवन जीने की कला भी है जिससे एक जिम्मेदार समाज का निर्माण होता है।

राज्यपाल ने सभी लोगों से एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने के लिए योग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग सामाजिक बुराइयों को मिटाने, स्वास्थ्य सुधारने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से निपटने में भी मददगार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक सुन्दर और शान्तिप्रिय प्रदेश है। इस प्रदेश की पवित्रता बनाए रखने के लिए हमें सामुहिक रूप से सजग होने की आवश्यकता है और योग इस दिशा में कारगर कदम साबित होगा।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रो. सत्य प्रकाश पाठक द्वारा इस अवसर पर योग सत्र का संचालन किया गया। राज्यपाल के सचिव सी.पी.वर्मा, अधिकारियों, विद्यार्थियों और राजभवन के कर्मचारियों ने भी योग सत्र में भाग लिया।

## एसजेवीएन ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला तथा अपने समस्त कार्यालयों एवं परियोजनाओं में हर्षोल्लास के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस साल की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग 'योग के अभ्यास को सततशीलता एवं वैश्विक कल्याण के साथ जोड़ता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) ने कारपोरेट मुख्यालय में योग सत्र का उद्घाटन किया तथा इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम में श्री चन्द्र शेखर यादव, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) तथा एसजेवीएन के विभागाध्यक्षों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दिन को मनाने के लिए ईशा फाउंडेशन के सहयोग से विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। योग विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक सामंजस्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न आसन और श्वास तकनीक सिखाई। इस अवसर पर, श्री अजय कुमार शर्मा ने कहा, 'योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है और यह स्वयं, विश्व और प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज का मार्ग है।' एसजेवीएन ऐसे आयोजनों के माध्यम से अपने कार्यबल एवं अन्य लोगों के मध्य स्वास्थ्य तथा सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज अपने सरकारी आवास ओक ओवर शिमला में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग आसन करते हुए।

## अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया योग दिवस

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर, 21 जून।** अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, चैल चौक में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' रही, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के बीच गहरे संबंध को दर्शाती है।

मुख्य अतिथि अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एच. के. चौधरी ने, वहीं कुलाधिपति डॉ. आर. के. अभिलाषी ने वर्चुअल संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल कॉमन योगा प्रोटोकॉल सत्र के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वस्थवृत्त विभाग के योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सभी ने मिलकर विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कुलपति प्रो. एच. के. चौधरी ने कहा 'योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो आज पूरे विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और शांति की दिशा में मार्गदर्शन कर रही है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का संदेश इस बात की ओर संकेत करता है कि हमारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रकृति के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पेखुबेला में आयोजित हुआ जिला स्तरीय योग समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज(शनिवार) जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखुबेला के प्रांगण में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ थीम पर आधारित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग द्वारा किया गया था। स अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संतुलित और सकारात्मक कला है। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित जीवनशैली, अनुचित खानपान और मानसिक तनावों के इस युग में योग एक मार्गदर्शक शक्ति बनकर उभरता है। उन्होंने कहा कि शरीर सबसे पवित्र मंदिर है, इसे स्वस्थ बनाए रखना सबसे बड़ा कार्य है।

## नौणी में मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में शनिवार सुबह 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ ध्यान योग आश्रम एवं आयुर्वेद शोध संस्थान, कठनी, सुबाथू से योग तीर्थ जी महाराज के नेतृत्व में योग अभ्यास किया गया। कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर के डीन डॉ. मनीष शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व एवं उसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने अपने संबोधन ने योग को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने की एक समग्र भारतीय पद्धति बताते हुए इसको दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भले ही आधुनिक विकास ने जीवन को आरामदायक बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही जीवनशैली संबंधी कई बीमारियाँ भी तेजी से बढ़ी हैं, जो हमारे प्रदर्शन को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में योग अपनाकर हम स्वस्थ और तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं।

## योग एवं स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरकः डॉ. शांडिल



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि योग एवं स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक है तथा सभी को अपने जीवन में नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। डॉ. शांडिल आज यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित युवाओं एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है।' उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ प्रकृति का ध्यान रखकर सम्पूर्ण सृष्टि की सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित अभ्यास आवश्यक है और इस दिशा में दिनचर्या अहम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि योग, ध्यान एवं व्यायाम अपनाएं ताकि स्वस्थ रहकर समाज, प्रदेश और देश की सेवा में अपना योगदान दे सकें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बिलासपुर में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम



**शाहतलाई (अप्रस/**अजय मल्होत्रा)। आयुष विभाग द्वारा 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कहलूर इनडोर स्टेडियम लूहणू में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सत्र से हुई, जिसका संचालन आयुष विभाग के प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग मुद्राओं एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार ने योग दिवस की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा है, जो आज वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बना चुका है।

## लाहौल स्पीति में भी मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कुल्लू (अप्रस/अशेष शर्मा)।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन रथ मैदान, कुल्लू में किया गया। ज़िला मुख्यालय पर आयोजित योग शिविर में उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के 55 स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। उपायुक्त ने योग शिविर के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया और योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

## भुट्टिको परिसर में भी योग दिवस मनाया गया



भुट्टिको परिसर में प्रातः 6-00 बजे से 7-30 बजे तक योग तथा इसके महत्व पर योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस योग शिविर में भुट्टिको तथा बुनकर सेवा केन्द्र कुल्लू के योग साधकों ने भाग लेकर योग की बारीकियों को समझ कर इसे आत्मसात करने का संकल्प लिया । योग प्रशिक्षक रमेश ठाकुर ने भाग लेने वाले सभी योग साधकों को योग की महता पर प्रकाश डाला तथा अष्टांग योग का विधिवत अभ्यास करवा कर इसमें निरंतरता बनाये रखने का आहवान किया । उन्होंने कहा कि योग प्रक्रिया को अपनी दिनचर्या में शामिल करके जहाँ हम अपने आप को स्वस्थ, एवं रोगमुक्त रख पाएंगे बहीं इससे हम मानव विकास की पराकाष्ठा को भी सुदृढ़ करने में सक्षम होंगे ।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में भी किया गया योग



**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में 21 जून , 2025 को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित छात्रों व अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन और प्राणायाम इत्यादि आसनों की विधियों का अभ्यास करवाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखना तथा योग के महत्व को समझाना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने भी योग में भाग लिया और छात्रों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि हमारे मन को भी शांत करता है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि आज के समय में बच्चों में पढ़ाई का दबाव, प्रतियोगिताओं का तनाव और डिजिटल दुनिया की भाग दौड़ के कारण मानसिक अस्थिरता बढ़ रही है । ऐसे में योग एक प्रभावी साधन है जो न केवल शारीरिक बल देता है बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है ।

## भोज आंजी स्कूल ने मनाया योग दिवस



**सोलन।** सोलन के साथ लगते सीनियर सेकंडरी स्कूल भोज- आंजी में शनिवार सुबह 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हैल्थ वैलनेस सेंटर शमलेच के सदस्यों के अलावा छात्रों व स्कूल स्टाफ ने योग प्रशिक्षक शिवानी के नेतृत्व में योग अभ्यास किया गया। इसमें आशा वर्करों ने भी हिस्सा लिया। स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य कल्पना परमार ने कहा कि योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं बल्कि यह एक जीवनशैली है, जो अनुशासन,एकाग्रता और आत्मचिंतन सिखाती है। योग आपके तन को नहीं बल्कि आपके स्वस्थ दिमाग और शांत मन को भी दिशा देता है। इस मौके पर जोनल अस्पताल सोलन की डॉ. शिवानी ने कहा कि योग, प्राणायाम और ध्यान से स्वस्थ तन,मन ऊर्जावान रहता है। योग से तन, मन और आत्मा संतुलित रहते हैं। हैल्थ वैलनेस सेंटर शमलेच की कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर रूचिका ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर स्कूल स्टाफ से योगेंद्र गुप्ता, सुदर्शना, शैलेंद्र चौहान, रेखा मेहरा, मोनिका आहूजा, कविता गुप्ता, विजय कुमार, राधा सूद, मीना, पल्लवी और चंद्रकला समेत अन्य मौजूद रहे।

# शूलिनी मेला दो बहनों के मिलन का पर्वः दूसरे दिन शूलिनी पीठ में लगा रहा लोगों का तांता

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 21 जून।** शोभायात्रा के बाद सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी अपनी बहन शूलिनी पीठ में ठहरी। यहां रविवार तक माता रूकेगी और रविवार देर सायं अपने मंदिर में पहुंच जाएगी। शनिवार को स्थानीय लोग गंज बाजार स्थित शूलिनी पीठ में आर्शिवाद लेने पहुंचे। यहां सुबह से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। सोलन का शूलिनी मेला दो बहनों के मिलन का पर्व है। मां शूलिनी जब गंज बाजार स्थित अपनी बहन से मिलने के लिए आती है तो यहां हर ओर हर्ष व उत्सव का माहौल बन जाता है। अपनी खुशियां जाहिर करने के लिए यहां पर मेले का आयोजन किया जाता है। यहां के लोगों का मानना है कि इस दौरान मां से मांगी गई मन्नत पूरी होती है, जिसके लिए यहां दूर-दूर से लोगों का हुजूम उमड़ता है।

### पिंडी रूप में विराजमान है माताः शर्मा

मंदिर के पुजारी मनु शर्मा ने बताया कि गंज बाजार स्थित मंदिर में माता पिंडी रूप में विराजमान है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि शक्ति रूप माता को भगवान शिव ने शूल भेंट किया था। इसके चलते माता का नाम शूलिनी पड़ा। यहां शूलिनी माता की पीठ है जैसे हिमाचल में अन्य पीठें हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष माता शूलिनी यहां अपनी बहन से मिलने के लिए आती है।

### समय के साथ बढ़ा मेले का स्वरूप

समय के साथ-साथ ऐतिहासिक शूलिनी मेले का स्वरूप बढ़ा है। शुरुआती दौर में बघाट रियासत के राजाओं के समय में यह मेला गंज बाजार के पास खेत में लगता था। उस समय यहां पर ढोडा व कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती थी। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग यहां मेला देखने आते थे। धीरे-धीरे सोलन की आबादी बढ़ती गई व मेले का स्वरूप भी बदलता गया। जगह कम पडने पर यह मेला ठोडो मैदान में खुले स्थान पर स्थानांतरित किया गया। पहले यह मेला बघाट रियासत के राजा द्वारा करवाया जाता था व बाद में इसकी बागडोर जिला प्रशासन के हाथ आ गई। अब मेले के आयोजन का पूरी रूपरेखा प्रशासन द्वारा ही तैयार की जाती है, जिसमें स्थानीय लोग भी सहयोग करते हैं। अब मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताए, फ्लावर शो, बेबी शो, डॉग शो, प्रदर्शनी सहित कई प्रतियोगिताओं व विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाती हैं।

### बाहरी राज्यों के लोगों ने भी डाला डेरा

राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में हिमाचल प्रदेश ही नहीं बाहरी राज्यों के लोग भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां पर निचले क्षेत्रों के लोगों का आना शुरू हो गया है। सोलनवासियों के सगे संबंधी जो मैदानी राज्यों में रहते हैं। गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लेने व माता शूलिनी के दर्शन के लिए सोलन पहुंचे हैं। इससे शहर में मेले को लेकर शहर में चहल-पहल भी काफी बढ़ गई है।

### जूस की भी लगी छबीलें

सोलन के शूलिनी मेले के दौरान स्थानीय दुकानदार यहां आने वाले लोगों के लिए विशेष लंगर व अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था करते हैं। सोलन में मेले के दौरान लोगों को खाने के लिए कड़ी-चावल, राजमाह-चावल, मटर-पनीर, छोले चावल, छोले-भटूरे, तंदूरी रोटी व नाना प्रकार के व्यंजन लोगों को दिए गए। यहां आइसक्रीम, तरबूज का शरबत जूस, मैंगों जूस, मिल्क शैक आदि की विशेष छबीलें लगा कर लोगों ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यहां रात के 12 बजे तक लोगों के लिए लंगर लगाए गए। यहां आने वाले व्यवसायी अपना व्यवसाय करते हैं, उनके भोजन की व्यवस्था यहां लगने वाले भंडारों में हो जाती है। सोलन में इस मेले के दौरान बिरले ही घरों में चूल्हा जलता है। लोग भंडारे में खाते हैं और जो लोग भंडारे तक नहीं पहुंच पाते उनके लिए खाना पैक कर घर भी ले जाते हैं। यह शूलिनी मेले की विशेषता है, जो अन्य स्थानों पर लगने वाले भंडारों से इस मेले को अलग करती है।

## डॉ. शांडिल ने शूलिनी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का किया विधिवत शुभारम्भ

### इंडियन आइडल फेम सन्नी हिन्दुस्तानी के नाम रही प्रथम सांस्कृतिक संध्या

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 21 जून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने गत सांय ऐतिहासिक ठेडो मैदान में राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता की। अर्की के विधायक संजय अवस्थी प्रथम सांस्कृतिक संध्या में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। डॉ. शांडिल ने दीप प्रज्जवलित कर प्रथम सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने इससे पूर्व ऐतिहासिक ठेडो मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारम्भ किया और प्रदर्शित उत्पादों में गहन रूचि दिखाई। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आईडल फेम कलाकार सन्नी हिन्दुस्तानी के नाम रही।

प्रथम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के सुप्रसिद्ध कलाकार दलीप सिरमौरी, नेहा दीक्षित व अन्य हिमाचली कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, पार्षदगण, जोगिन्द्र सहाकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिव कुमार, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, उपायुक्त एवं राज्य स्तरीय शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार चंदेल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में दर्शक इस अवसर पर उपस्थित थे।

## शिव प्रताप शुक्ल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन, 21 जून (अप्रस)।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 22 जून, 2025 को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं।

शिव प्रताप शुक्ल 22 जून, 2025 को रात्रि 08.20 बजे सोलन के गंज बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में माँ के दर्शन करेंगे। राज्यपाल तदोपरांत रात्रि 08.45 बजे सोलन के ऐतिहासिक ठेडो मैदान में राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

# उप-मुख्यमंत्री ने की जलशक्ति विभाग की समीक्षा

### केंद्र सरकार के समक्ष लम्बित 1200 करोड़ की स्वीकृत राशि का मुद्दा उठाया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 21 जून।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में जलशक्ति विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जलशक्ति विभाग से संबंधित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उप-मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में जलशक्ति विभाग से संबंधित सभी लंबित परियोजनाओं व कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों का सही प्रबंधन एवं जल आपूर्ति की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र (फील्ड) में जाएं और निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए और उसकी रिर्पाट अपने उच्च अधिकारी को प्रस्तुत करें।

जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से 6300 करोड़ की स्वीकृत राशि से सिर्फ 5100 करोड़ की राशि अभी तक प्राप्त हुई है और 1200 करोड़ की स्वीकृत राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। वर्ष 2024-25 में 920 करोड़ स्वीकृत हुए थे परन्तु राज्य को केवल 137 करोड़ की स्वीकृत राशि ही प्राप्त हुई है। 783 करोड़ की राशि अभी तक केन्द्र सरकार से प्राप्त नहीं हुई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में जिन जल रक्षकों को सेवाएं प्रदान करते हुए 12 साल हो गए है उनकी रिपोर्ट शीघ्र बनाकर इसे कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने विभाग को जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता को जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी उप-मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, बजट की आवश्यकता एवं आगामी लक्ष्यों पर भी विस्तृत जानकारी दी।


**No. TTBBN Talai/657 to 659**
**Office of the Chairman (S.D.M)**
**Temple Trust Baba Balak Nath Ji**
**Shah Talai Distt. Bilaspur H.P**

Dated 12.06. 2025

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Quotations are hereby invited for the supply of the following item to The Chairman Temple Trust Baba Balak Nath Ji Shah Talai Tehsil Jhandutta Distt: Bilaspur (H.P). The quotation should reach in this office on or befor 28/06/2025 up to 1:00 PM and same will be opened on same day at 3:00 PM in the presence of quotationer or who wish to be present at the time. Undersigned has all right to reject the quotations without assigning any reasons.

| Sr.No. | Description of item | Qty. | Unit | Rate |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Providing fuel wood for Temple No.1 to 5's Dhunna for TTBBN Talai | ... | Per Qtl. | ... |

**Note:** The term & Conditions can be Seen in the office of undersigned ang working day (10.00 am to 5:00 pm)

**Chairman (S.D.M)**
**Temple Trust Baba Balak Nath Ji**
**Shah Talai Distt. Bilaspur (H.P.)**

AP-2151

# योग हरेगा रोग: पंचकूला में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने लिया योग का संकल्प

**जिला स्तरीय समारोह में संगीत की धुन के बीच हुआ योग**

**कालका की विधायक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग मिटाये रोग का दिया संदेश**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला योग और ध्यान में डूबा राहा। विभिन्न जगहों पर हुए कार्यक्रमों में हर छोटे बड़े ने उत्साह के साथ योग हरेगा रोग की भावना से बढ़चढ़ कर भाग किया। पंचकूला वासियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रेड बिशप कन्वेंशन हाल में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संगीत की धुन के बीच योग साधकों ने योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन किए। मुख्य अतिथि राज्यसभा की सांसद रेखा शर्मा ने भी सभी के साथ योगासन किए। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर योग को विश्व ने अपनाया है। इसे अपनाकर विश्व स्वास्थ्य की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरियाणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नया संकल्प लिया है÷ योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा। इस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए हरियाणा प्रगति के नए आयाम छूएगा। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की सांस्कृतिक धरोहर योग विश्व के कोने-कोने में पहुंचा है और विश्व ने इसे अपनाते हुए स्वास्थ्य की राह पर कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भारत में केवल योग बल्कि अन्य मामलों में भी विश्व का नेतृत्व करेगा।

**कालका में योगासनों से जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प:** कालका में आयोजित कार्यक्रम में। लोगों ने योगासन से जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कालका के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कहा कि ''योग मिटाये रोग'' प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को शामिल करने से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। शक्ति रानी ने यह बात आज कालका के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी को योग के लिए प्रतिदिन समय अवश्य निकालना चाहिए ताकि अपने आप को स्वस्थ रख सके। योग करने से व्यक्ति की उम्र भी ब?ती है और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर तंदरूस्त रहता है, लगातार योग करने से शरीर से अनेकों विकार खत्म हो जाते है।





**हालसा में योग शिविर में कानूनविदों ने किया योग:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) के कार्यालय, सेक्टर-14, पंचकूला में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों तथा न्यायमूर्ति लीजा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सहयोग से आयोजित किया गया।

हालसा के सदस्य सचिव सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि नालसा की कार्ययोजना के अनुरूप हरियाणा के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा साथ ही कानूनी जागरूकता फैलाना था, इस प्रकार स्वास्थ्य और न्याय दोनों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना था। शिविर का समन्वय और पर्यवेक्षण अपर्णा भारद्वाज, सीजेएम-सह-सचिव, डीएलएसए, पंचकूला द्वारा किया गया।

**पश्चिमी कमांड, चंडीमंदिर में योग दिवस मनाया गया:** हरियाणा योग आयोग द्वारा वेस्टर्न कमांड, भारतीय सेना के सहयोग से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिमी कमांड मुख्यालय, चंडीमंदिर में 21 जून 2025 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में सेना के अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. पवन गुप्ता, सदस्य, हरियाणा योग आयोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वेस्टर्न कमांड के कई वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ. पवन गुप्ता ने हरियाणा योग आयोग द्वारा राज्य एवं देशभर में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला।

**राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में योग दिवस आयोजित:** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष की थीम, ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ को सभी कार्यक्रम गतिविधियों में सहजता से शामिल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानचंद गुप्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, हरियाणा सरकार रहे, विशिष्ट अतिथियों में डॉ. दिनेश शर्मा (रजिस्ट्रार, डायरेक्टरेट ऑफ आयुष, हरियाणा, स्वामी प्रसाद मिश्रा (प्रधानाचार्य, संस्कृत गुरुकुल), डॉ. प्रदीप अग्निहोत्री (उपाध्यक्ष, इंडियन योगा एसोसिएशन), कृष्णा गोयल (भारतीय योग संस्थान), एवं सुरेश कुमार वर्मा (पार्षद) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया। मुख्य अतिथि ज्ञानचंद गुप्ता ने अपने संबोधन में योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाने की अपील की। संस्थान के डीन प्रोफेसर गुलाब पमनानी ने योग को सरलतम विधि से अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।

**जिला बार एसोसिएशन परिसर में विश्व योग दिवस:** जिला बार एसोसिएशन पंचकुला परिसर में विश्व योग दिवस के अवसर पर बार के सदस्यों , अधिवक्ताओं , कोर्ट स्टाफ एवं न्यायधीश महोदय द्वारा योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने में योग के योगदान का संदेश दिया गया। योग दिवस पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बनाए रखने का उत्तम साधन माना गया है।

## नयागांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा नेताओं ने किया योग, बोले– करें योग, रहें निरोग



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** नयागांव के सिंघा देवी के मंदिर के प्रांगण में भाजपा के मंडल प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर,एस सी मोर्चा के जिला मोहाली के प्रधान प्रमोद कुमार, एस सी मोर्चा जिला मोहाली के महासचिव संदीप कुमार जॉनी , नयागांव मंडल के महासचिव नरेश कुमार , महासचिव संजय गुप्ता, सचिव अतुल अरोड़ा,पुष्पा देवी, सुखबीर सैनी,आर्यन यादव,ललित मोहन काला,उप प्रधान सुशील कुमार आदि सहित सभी सदस्यों ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग ' योग संगम और हरित योग थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया । बीजेपी प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर,एस सी मोर्चा के जिला मोहाली के प्रधान प्रमोद कुमार ने सामूहिक योगाभ्यास में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। हम सभी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। यह हमें अनुशासन, एकाग्रता और संतुलन सिखाती है। प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमें अनुशासन सिखाता है। ने कहा कि हर रोज करें योग, रहें निरोग। इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विद्या योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है।

## शराब के नशे में तेज रफ्तार कार से नाका तोड़ने की कोशिश, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**सैक्टर 20/21 की डिवाइडिंग रोड पर वाहन को टक्कर मारकर भागने की फिराक में थे, दो आरोपी दबोचे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई जब 20 जून की शाम नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तेज रफ्तार से बैरिकेड तोड़ने की कोशिश कर रही कार को कड़ी मशक्कत के बाद रोका। यह घटना सैक्टर 20/21 की डिवाइडिंग रोड पर उस समय घटी जब नाके पर पुलिस चौकी सेक्टर-21 इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर दीदार सिंह, एएसआई संदीप, एसपीओ विनोद व एसपीओ सुरजीत सिंह मौजूद थे। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की एक अन्य वाहन को टक्कर मारकर तेज रफ्तार में आ रही है। इस पर पुलिस ने नाके को सख्ती से बंद किया। कुछ समय बाद उक्त कार तेज रफ्तार से सैक्टर 20 की ओर से आती दिखाई दी, जिसमें चालक के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था। पुलिस कर्मियों के कार रुकवाने के संकेत देने के बावजूद चालक ने वाहन रोकने के बजाय बैरिकेड्स की ओर मोड़ दिया। साइड सीट पर बैठे युवक ने भी चालक को गाड़ी भगाने का इशारा किया।

**टक्कर मारी, भागने की कोशिश असफल:** कार ने सीधे बैरिकेड में टक्कर मारी, जिससे ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। मौका पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी मुश्किल से गाड़ी को रोका। गाड़ी रुकने के बाद चालक पुलिस से बहस करने लगा और उसके मुंह से शराब की दुर्गंध आ रही थी। वहीं गाड़ी का अगला शीशा टूटा हुआ था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वाहन पहले किसी हादसे में शामिल रहा है।

**मशक्कत के बाद दबोचे आरोपी**

पूछताछ में चालक ने अपना नाम प्रवेश निवासी शॉप नंबर 13, नियर पीर मुछल्ला, तथा साथ बैठे युवक ने अपना नाम मंजीत निवासी गांव कर्मगढ़, जिला जींद बताया। दोनों व्यक्तियों ने न केवल कार को तेज रफ्तार से चलाकर लापरवाही दिखाई, बल्कि सरकारी ड्यूटी में भी बाधा उत्पन्न की। दोनों के खिलाफ खिलाफ थाना सैक्टर-5 पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125, 54, 132 व 221 के तहत मामला दर्ज किया। आज दोनों को माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

## ध्यान और एकाग्रता के लिए करते रहें योग: सुरेंद्र राठी

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



पंचकूला। योग दिवस पर आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्टी के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष सुरेंद्र राठी ने कार्यकर्ताओं के साथ योग क्रियाएं की। सुरेंद्र राठी ने सभी को योग करके निरोग रहने की सलाह दी। योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाने के लिए योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित कर दिया। 21 जून ग्रीष्म संक्रांति का दिन होता है – यानी साल का सबसे लंबा दिन, जो आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन योग की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना।

स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना। तनाव और मानसिक रोगों से राहत के लिए योग को अपनाना। शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना। सुरेंद्र राठी ने कहा कि योग शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए योग करते रहना चाहिए।

## इंस्पेक्टर सतनाम सिंह को एसएसपी हरमनदीप सिंह व एसपी मोहित अग्रवाल ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



**न्यू चंडीगढ़।** जिला मोहाली के एस एस पी हरमनदीप सिंह हंस व एसपी खरड़-2 (मुल्लापुर) न्यू- चंडीगढ़ श्री मोहित कुमार अग्रवाल पीपीएस, इंस्पेक्टर सतनाम सिंह को जब वह पुलिस स्टेशन सिटी कुराली, के थाना प्रभारी थे तब एएसआई सुखदेव सिंह, एएसआई दलजिंदर सिंह और होल्डर वीरपाल सिंह ने पूरी निष्ठा व लगन से अपनी ड्यूटी निभाते हुए और सीनियर अधिकारियों के आदेशों की पालना करते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चंद घंटों में जबरन वसूली करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जिनकी कर्तव्य के प्रति लगन, मेहनत और ईमानदारी को श्री गौरव यादव डीजीपी पंजाब द्वारा स्वीकृति पर जिला मोहाली के एस एस पी हरमनदीप सिंह हंस व एसपी खरड़-2 (मुल्लांपुर) न्यू- चण्डीगढ श्री मोहित कुमार अग्रवाल पीपीएस ने इंस्पेक्टर सतनाम सिंह जो अब नयागांव के थाना प्रभारी है उनको मेडल , प्रशंसा पत्र, प्रशस्ति पत्र और नकद राशि से सम्मानित किया है जिसके वह हकदार है । नयागांव के गणमान्य लोगों द्वारा उनको मुबारकबाद दी गई ।

## पीजीआई के डॉक्टर ने गोद ली बेटी को पीटा, सिर पर डंडे मारते का वीडियो सामने आया

**मां देखती रही, शिमला लेकर गया था**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पीजीआई के एक डॉक्टर ने गोद ली बेटी(10) की डंडे से पिटाई कर दी। इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें डॉक्टर बेटी के सिर पर डंडा मारता दिखाई दे रहा है। डॉक्टर पत्नी और बेटी के साथ हिमाचल के शिमला में गया था। वहीं पर उसने बेटी को पीटा। डॉक्टर ने बेटी को थप्पड़ भी मारे। बेटी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन डॉक्टर ने उस पकड़ लिया। उस वक्त डॉक्टर की पत्नी भी वहां मौजूद थी, लेकिन उसने बेटी को बचाने का प्रयास नहीं किया। उल्टा जब बच्ची भागने लगी तो उसने पकड़ा। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) ने बच्ची और माता-पिता को 24 जून को दोबारा पेश होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और स्कूल से बच्ची की पढ़ाई और व्यवहार संबंधी रिपोर्ट मंगवाने के निर्देश भी दिए हैं। स्कूल रिपोर्ट और पड़ोसियों से मिली जानकारी के आधार पर बच्ची की काउंसलिंग होगी और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन शिप्रा बंसल ने घटना पर संज्ञान लिया है। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है और स्पष्ट किया है कि सभी तथ्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार मामला 14 मई का है, लेकिन वीडियो अब वायरल हुआ है। पीजीआई प्रशासन ने दंपती डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत दी है। मामले की शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, चंडीगढ़ प्रशासन, चीफ सेक्रेटरी राजीव वर्मा और प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के पास भी पहुंची है। वहीं पीजीआई प्रशासन ने कहा कि हमें शिकायत मिली थी, जिसे संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है लेकिन यह परिवार का आपसी मामला है। पीजीआई प्रशासन हर तरह से जांच में सहयोग कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, डॉक्टर चंडीगढ़ पीजीआई में तैनात हैं। उनकी पत्नी भी डॉक्टर है। उन्होंने 3 महीने की उम्र में बच्ची को गोद लिया था। 14 मई को पूरा परिवार शिमला गया था। शिमला में डॉक्टर का ससुराल है। यहां डॉक्टर ने बेटी की पिटाई की।

**24 जून को पेश होने के निर्देश**

इसके बाद डॉक्टर और उनकी पत्नी को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया गया जहां बच्ची को भी लाया गया। तब बच्ची ने कमेटी के समक्ष स्वीकार किया कि उसके साथ मारपीट हुई है, लेकिन बच्ची अभिभावकों के साथ ही रहना चाहती थी। दूसरी ओर डॉक्टर दंपत्ति ने भी मारपीट की बात मानी।

**एसडी कॉलेज ने मनाया 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

## योग सिर्फ़ एक व्यायाम नहीं है, यह अनुशासन, संतुलन और आंतरिक सद्भाव का उत्सव है: डॉ. अजय शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में शनिवार को 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें कर्मचारियों, छात्रों और कॉलेज के पूर्व छात्रों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम कॉलेज के मुख्य सभागार में सुबह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने स्वास्थ्य और एकता की साझा भावना के साथ भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत वार्म-अप एक्सरसाइज से हुई, जिसके बाद बैठने और खड़े होने के विभिन्न आसनों के साथ-साथ उनके महत्व की व्याख्या भी की गई।

योग सत्र का संचालन प्रख्यात प्रशिक्षकों प्रांत प्रभारी, पतंजलि युवा भारत, चंडीगढ़, जनक मंगोत्रा, शशि बंसल और भूपिंदर द्वारा किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग आसन, प्राणायाम और ध्यान की एक श्रृंखला के माध्यम से प्रेरित किया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि योग सिर्फ़ एक व्यायाम नहीं है। यह अनुशासन, संतुलन और आंतरिक सद्भाव का उत्सव है। सनातन धर्म के सिद्धांत भी शरीर, मन और आत्मा के इस मिलन का प्रचार करते हैं और इस तरह की भागीदारी के ज़रिए कॉलेज का लक्ष्य अपने छात्रों में बौद्धिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देते हुए समग्र विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने योग की परंपरा पर जोर दिया और प्रतिभागियों को स्वस्थ और समग्र जीवन शैली को बनाए रखने के तरीके के रूप में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह कार्यक्रम कॉलेज की एनसीसी इकाई, एनएसएस इकाई और कॉलेज के गैर सरकारी संगठन आदर्श फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस आयोजन में डॉ. देवी सिंह के प्रयास शामिल थे, जिन्होंने सत्र के आयोजन सचिव के रूप में कार्य किया। कॉलेज के पूर्व छात्र संघ ने भी अपना समर्थन दिया और सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के साथ-साथ 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के लिए चंडीगढ़ के एनजीओ आईशेयर द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी।

## राजकीय महाविद्यालय कालका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालका में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालका विधानसभा की विधायिका श्रीमती शक्ति रानी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, योग मिटाए रोग केवल नारा नहीं, एक जीवंत अनुभव है। योग को यदि हम अपनी दिनचर्या में शामिल करें तो मन, मस्तिष्क और शरीर सभी स्वस्थ रहते हैं।

विधायक ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रतिदिन योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त जीवन जी सकें।

कार्यक्रम में विशेष रूप से एस.डी.एम. श्री संयम गर्ग, नगर परिषद चेयरमैन श्री कृष्ण लांबा, आयुष विभाग की डॉ. मोनिका, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गीता शुक्ला, काली माता मंदिर के सचिव श्री पृथ्वी राज, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के रामफल जागड़ा व उनकी टीम ने योगाभ्यास का संचालन किया और उपस्थित लोगों को योग के लाभों से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में विधायक ने योग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

## बिना परमिशन अवैध तौर पर ट्यूबवेल लगाकर निकाला जा रहा धरती का पानी

**नगर परिषद के अधिकारी कब करेंगे ऐसे अवैध ट्यूबवेल लगाने वाले लोगों पर ठोस कार्रवाई?**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। जीरकपुर में लोगों द्वारा धड़ल्ले से बिना मंजूरी लिए ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं लेकिन नगर परिषद अधिकारियों द्वारा उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे ही अवैध रूप से एक ट्यूबवेल यहां के गाजीपुर रोड पर लगाया जा रहा है जिसे लगाने के लिए कोई भी मंजूरी नहीं ली गई लेकिन इसके खिलाफ अभी तक नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिक्र योग्य है कि लोग ऐसे अवैध काम बड़े योजना बद तरीके से करते हैं के इस दौरान शनिवार और रविवार का दिन बीच में मिल जाए तो उन्हें अपना काम मुकम्मल करने का समय भी मिल जाए क्योंकि अवैध रूप से ट्यूबवेल लगाने वालों को यह भी पता है कि आज तक जितने भी लोगों द्वारा ट्यूबवेल लगाए गए हैं उनमें से किसी के खिलाफ भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

बता दें कि लोगों को पीने की सप्लाई देने के लिए नगर परिषद द्वारा शहर में 100 से अधिक बोरवेल लगाए गए हैं। जो रोजाना लाखों लीटर पानी धरती से निकाल कर लोगों के पास पहुंचाते हैं। इसके इलावा यदि निजी ट्यूबवेल की बात करें तो उनकी गिनती सरकारी ट्यूबवेल से दो से तीन गुना है। लेकिन बावजूद इसके अभी भी धड़ल्ले से ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं। पिछले एक दो महीने की बात करें तो करीब करीब दो दर्जन नए ट्यूबवेल



दुकानों व शोरूमों के आगे पार्किंग में लगे दिए गए हैं। जिनकी किसी ने परमिशन तक नही ली। जिसे रोकने के लिए पहली जिम्मेवारी कहीं ना कही नगर परिषद की बनती है, जबकि पिछले एक दो महीने में इन ट्यूबवेल्स को रोकने के लिए कई शिकायतें भी नगर परिषद के पास गई है। चिंता का विषय यह है के नगर परिषद द्वारा रोके जाने के बाद भी यह सभी ट्यूबवेल धड़ा धड़ लगते जा रहे हैं। जो कहीं ना कहीं मिलीभगत की तरफ इशारा करते है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो जल्द यहां भी पानी की किल्लत आनी शुरू हो जाएगी। जबकि आंकड़ों की बात करें तो वह हैरान करने वाले बनते जा रहे हैं। यदि पिछले 25 वर्षों की बात करें तो पानी का 50 से 100 फीट पर था लेकिन लोगों ने धरती का पानी इस कदर चूस लिया है के मौजूदा समय में लगने वाले ट्यूबवेल को 800 से 1000 फीट तक लेकर जाना पड़ता है। क्योंकि एक तो पानी का स्तर नीचे चला गया है और दूसरा हमारे इलाके में जहां पानी का लेवल ऊपर है वह फैक्ट्रीयों व कैमिकल कंपनियों कि वजह से दूषित होकर जहर बन चूका है। जल के जीवन के बारे में सोचना संभव नही है लेकिन फिर भी लोग इसे लेकर इतने लापरवाह कि पानी अब खत्म होने की कगार पर है। स्थानीय लोगों की मांग है के जल ही जीवन है इसे बचाना के लिए सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों को ठोस कदम उठाने चाहिए।

कल सुबह टीम भेज कर चेक करवा लिया जाएगा और इसका काम बंद करवा दिया जाएगा।
**अजय बराड़,** बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर कौंसिल जीरकपुर।

# डीसीआरयूएसटी में योग दिवस पर मोहन लाल बड़ौली ने किया योगाभ्यास

योग दिवस पर डीसीआरयूएसटी में उमड़ा उत्साह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में एनसीसी व एनएसएस के सहयोग से योगा क्लब व विश्वविद्यालय के खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की।प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कुलगुरु प्रो. श्री प्रकाश सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बडौली ने कहा कि 11 वर्ष पूर्व भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के योग दिवस के प्रस्ताव को विश्व ने स्वीकार किया। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 11 वां दिवस है देश में गांव में पंचायत स्तर पर व शहरों के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने योग गुरु बाबा रामदेव ने कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक भूमि पर एक लाख लोगों ने योग किया। उन्होंने कहा सरकार ने योग करने वालों के लिए एक पोर्टल खोल रखा है। हरियाणा में कल तक 20 लाख लोगों ने योग करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था कि वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करेंगे। आज जिन्होंने योग किया है वे भी सरकार के पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करें ताकि पता चल सके कि कितने लोगों ने योग किया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मानना था कि प्रदेश के 11 लाख लोग योग करेंगे, लेकिन 20 लाख लोगों ने तो कल ही योग के लिए पंजीकरण करा लिया था। उन्होंने कहा कि आप में से बहुत सारे योग करते हैं तथा आप अपने आस पास वालो को योग करने के लिए प्रेरित करें। योग का फायदा लोगों को बताना चाहिए। उन्होंने ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोना काल में उन्होंने एक योग शिक्षक लगाया था, उसके बाद से वे निरंतर योग कर रहे हैं। जिसके कारण वे सब प्रकार का योग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके एक पैर में लचक है,पैर कमजोर होने के कारण वे खड़े नहीं हो पाते थे। लेकिन योग करने से उनके एक पैर में भी ताकत आई,अब वे उस पैर से भी खड़े हो जाते हैं। योग से बहुत सारे परिवर्तन होता है। जैसे जैसे उम्र बढ़ रही थी तो डॉक्टर कहते हैं कि यह शुगर आपको बढती रहेगी और दवाई को बढ़ाते रहते हैं। लेकिन योग व आहार नियंत्रण के कारण एक समय शुगर शुगर का स्तर भी कम हो गया और वे आज शुगर की पूरे दिन में एक गोली खाते हैं।कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल खिलाड़ियों वाली वाल खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कुलगुरु प्रो.सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में कुलगुरु प्रो. सिंह ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को विश्वविद्यालय का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

## विधायक कादियान ने नई अनाज मण्डी में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में गनौर वासियों के साथ किया योगाभ्यास

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गनौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान ने गन्नौरवासियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व भर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाने की एक शुभ परंपरा आरंभ हुई। हम सभी जानते हैं कि स्वास्थ का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। यदि हमारा शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ है तो हम इस जीवन रुपी बगीचे के हर फूल, छांव और पेड़ का अर्थात हर सुख का पूर्ण आनंद ले सकते हैं।विधायक देवेन्द्र कादियान ने शनिवार को नई अनाज मण्डी में आयोजित खण्ड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में गन्नौरवासियों के साथ योगाभ्यास करते हुए उन्हें योग को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसव्यस्त दिनचर्या के बीच योग का नियमित अभ्यास हमें ऊर्जावान और सकारात्मक बनाए रखता है। ऐसे में योग अपनाना बहुत प्रशंसा जनक गतिविधि है। नियमित योग करने से किसी भी बीमारी को ठीक किया जा सकता है। दैनिक जीवन में योग को शामिल करना सबसे स्वास्थ्यप्रद अभ्यासों में से एक है, जिसे लोग कभी भी अपना सकते हैं। यह न केवल आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि आपके मन और आत्मा को भी शांत करता है।

इस दौरान आयुष विभाग तथा पतंजलि योग समिति के योग साधिकाओं द्वारा यौगिक अभ्यास करवाया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, पादाहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन बैठने वाले आसनों में सम स्थिति हेतु दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, पूर्ण उष्ट्रासन, उतान मंडूकासन, शुगर के मरीज के लिए ,वक्रासन, कमर दर्द के लिए मकरासन, भुजंगासन, शलभासन आदि का अभ्यास, पीठ के बल लेटने वाले आसनों में सेतुबंधासन, उतानपादासन आदि शामिल रहे। अंत मे संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से अब पूरा विश्व मना रहा योग दिवस: विधायक निखिल मदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**गोहाना।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोहाना स्थित शहीद मदन लाल ढींगडा पार्क में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए सोनीपत विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से योग दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वभर में योग का प्रचार किया है, जिनके प्रयासों से विश्वस्तर पर योग को स्वीकार्यता मिली है।उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे योग को नियमित रूप से अपनायें। यह एक दिन करके छोड़ देने की चीज नहीं है। यदि हम रोजाना योग करेंगे तो बिमारियों को खुद से दूर रख सकते हैं। देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए ही योग को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी आज भी योग का प्रचार कर रहे हैं। उनके प्रयास रंग लेकर आये हैं। अब पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकारती है।विधायक ने कहा कि योग हमारी प्राचीनतम विद्या है जिसको हम भूलने लगे थे, किंतु प्रधानमंत्री के प्रयासों से पुनः योग के प्रति जागरूकता की अलख जगी है।

योग हमारी संस्कृति से जुड़ा है। भारतीय जीवनशैली में योग अनिवार्य अंग के रूप में रहा है। हमारी जीवनशैली विश्व की श्रेष्ठतम जीवनशैली है, जिसका अनुकरण विश्व के अन्य देश करने लगे हैं।उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम तन-मन को स्वस्थ रख सकते हैं। योग के सहारे ही हमारे ऋषि-मुनि बेहद संयमित रहते हुए जीवनयापन करते थे और सैंकड़ों वर्षो तक स्वस्थ रहते हुए ध्यान साधना में लीन रहते थे। उन्होंने बताया कि योग के महत्व को समझते हुए ही हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में योग को हर घर व हर जन तक पहुंचाने के लिए कारगर कदम उठाये गये हैं। प्रदेशभर में बड़ी संख्या में योगशालाएं खोली गई हैं, जिनमें नियमित रूप से लोगों को योगाभ्यास करवाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में योग आयोग के माध्यम से भी योग का अधिकाधिक प्रचार किया जा रहा है। योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



*11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई अपने परिवार के साथ मिलकर किया योग*

## नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मुरथल में ग्रामीणों के साथ मिलकर किया योग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मुरथल।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मुरथल स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या स्कूल मुरथल में आयोजित खण्ड स्तरीय योग दिवस समारोह का शुभारंभ करते हुए नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कहा कि हमें समझना होगा कि योग हमारे जीवन की डोर है और शरीर की स्वस्थता को शिखर पर ले जाने के लिए योग के पहलुओं को अपनाना जरूरी है।योग दिवस समारोह में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर योग करते हुए योग को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेना चाहिए कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के संकल्प में अपना योगदान दिया जा सके।उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार द्वारा योग आयोग का विशेष तौर पर गठन किया गया है। इसलिए सरकार आज वेलनैस सेंटर खोलने पर जोर दे रही है। प्रदेश सरकार भी गांवों में व्यायामशालाएं स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में एक अहम स्थान रखने वाली योग पद्यति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास का मेल है। योग शारीरिक शक्ति प्रदान करता है तथा रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। योग जीवन में संतुलन बनाता है और विभिन्न बिमारियों से बचाने के साथ-साथ योग हमें उर्जावान भी बनाता है।





कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महमूदपुर मान खंड मुंडलाना जिला सोनीपत द्वारा लेट वाले व बारह वाले तालाब को मछली पालन को पट्टे पर दिया जाएगा। इसको लेकर बोली 03-07-2025 को सुबह 11 बजे ब्राह्मण चौपाल में होगी। जमानत राशि 20 हजार होगी। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएगी। इच्छुक सरपंच से संपर्क करें।

सरपंच –मो. नं––9896780498
ग्राम पंचायत महमूदपुर मान

AP-2148

### आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड से अनुसार वर्तमान में PUID No. 22.5 वार्ड नं0–– पर श्री वेद प्रकाश पुत्र श्री दीवान चंद के नाम पर दर्ज है। अब /इस प्रोपर्टी आई डी पर अपना नाम पर दर्ज करवाने के लिये कमलेश, भजनलाल, पवन, प्रियंका निवासी वार्ड नं –– गोहाना, सोनीपत मोबाईल नं 8708492462 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व. श्री वेद प्रकाश पुत्र दीवान चंद का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक / सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No. 22.5 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम कमलेश, भजनलाल, पवन, प्रियंका दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। On the basis of verification report submitted by Naib Tehsildar.

कार्यकारी अधिकारी/सचिव
नगर परिषद, गोहाना ।

AP-2148

### आवश्यक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड से अनुसार वर्तमान में PUID No. 3FUB5YP8 वार्ड नं0–– पर श्री रामदास पुत्र श्री नारायण दास के नाम पर दर्ज है। अब /इस प्रोपर्टी आई डी पर अपना नाम पर दर्ज करवाने के लिये शिवा देवी, किरण बाला, नीलम अरोड़ा, आशा, जोनी निवासी वार्ड नं –– गोहाना, सोनीपत मोबाईल नं 9215313829 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व. श्री रामदास पुत्र नारायण दास का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No. 3FUB5YP8 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम शिवा देवी, किरण बाला, नीलम अरोड़ा, आशा, जोनी दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। On the basis of verification report submitted by Naib Tehsildar.

कार्यकारी अधिकारी/सचिव
नगर परिषद, गोहाना ।

AP-2148

### पब्लिक नोटिस

जीन्द क्षेत्र के हर आम व खास व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि खेवट न0 18 खाता न0 19 मुरबा न0 175 किला न0 35/3 (21-0 ) में से 17 कनाल 13 मरले वाका मौजा जीन्द हदबस्त न0 79 जमाबन्दी साल 2019-2020 की मलकियत मेरे मुवक्कील नारायण गौरव पुत्र शिव नारायण पुत्र अमीर सिंह निवासी गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) बजरिये अन्तरण डीड न0 6501 दिनाक 02.01.2024 बजरिये मुख्यतारेआम नरेन्द्र पुत्र नफे सिंह निवासी गांव बराह खुर्द तहसील व जिला जीन्द की है। जो उसकी मलकियत दादालाई है। जोकि इस खसरा नम्बर में से प्लाट खरीद फरोखत करने से पहले कागजात की जांच पडताल कर लें, क्योंकि कुछ लोगो ने व नगर परिषद, जीन्द ने मेरे मुवक्कील की जमीन पर नाजायज कब्जा किया हुआ है और कुछ लोग कब्जा करने की फिराक में है। यदि किसी व्यक्ति विशेष को मेरे मुवक्कील की मलकियत बारे कोई एतराज है तो वह अपना एतराज अथवा एतराजकर्ता की मलकियत का सबूत मेरे कार्यालय में 15 दिन के अन्दर असालतन अथवा वकालतन प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त जमीन के बारे में मेरे मुवक्कील ने सिविल कोर्ट जीन्द में 4 दिवानी दावे भी किये हुये है, जो माननीय न्यायलय में लम्बित हैं। जिसमें एक दावा नम्बर 83 / 2024 वा अनुवान नारायण गौरव बजरिये मुख्यतारेआम नरेन्द्र बनाम संजय ठेकेदार आदि में Status Qua (यथास्थिति) बनाये रखने के आदेश पारित किये हुये है। सुरेंद्र वर्मा एडवोकेट, जिला कोर्ट परिसर जींद

मौ. 94163-89264
मेल आईडी: surenderaast@rediffmail.com

AP-2158

### सार्वजनिक सूचना

नगर परिषद गोहाना के प्रोपर्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID NO. 3F5TUW37 नंबर पर श्री आनंद पुत्र/पत्नी श्री जयभगवान के नाम पर दर्ज है। अब इस प्रोपर्टी आईडी पर नाम दर्ज करवाने के लिए प्रीति देवी, किआन नैन, अनुष्का W/D/S आनंद निवासी वार्ड नंबर गोहाना जिला सोनीपत मो0नं0 +919518276257 ने इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र स्व0श्री/ श्रीमती आनंद, चांद कौर, जगमन्दर का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना द्वारा तसदीक/सत्यापित वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतःआम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोपर्टी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि गुजरने के बाद PUID No.3F5TUW37 पर उपरोक्त आवेदकों का नाम प्रीति देवी, किआन नैन, अनुष्का ड्ब्/ष्/स् आनंद दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी/सचिव
नगरपरिषद गोहाना।

AP-2157

### सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, सिरसा के समक्ष

**विषयः–** प्लॉट न.– 26, सेक्टर MT R-2, मंडी कालांवाली, सिरसा का तबादला अलॉटी श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री बिहारी लाल की मृत्यु के बाद करने बाबत।

श्रीमती सीता देवी, प्लॉट न.– 26, सेक्टर MT R-2, मंडी कालांवाली, सिरसा स्थित है की अकेले मालिक थी और जिनकी मृत्यु दिनांक 24/11/2024 को हो गई है। वे अपनी मृत्यु के बाद पंजीकृत या गैर पंजीकृत वसीयत नहीं छोड़ गए हैं। उनके लीगल वारिस वीरेंद्र कुमार व राजीव कुमार (पुत्र) तथा ममता रानी ( पुत्री) हैं।
वीरेंद्र कुमार व राजीव कुमार पुत्र श्री बिहारी लाल निवासी मंडी कालांवाली, सिरसा इस संपति का तबादला अपने नाम बतौर लीगल वारिस के रूप में करवाना चाहते हैं।
यदि उपरोक्त संपति के नामान्तरण/तबादले को लेकर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज करना चाहता है तो ऐसा व्यक्ति इस नोटिस के जारी होने के 30 दिन के अंदर-अंदर एस्टेट आफिसर, एचएसवीपी सिरसा के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत होकर इस संपति के तबादले को लेकर ऐतराज कर सकता है। 30 दिन के बाद एस्टेट आफिसर, सिरसा द्वारा एचएसवीपी नियमों के अनुसार इस संपति का तबादला कर दिया जाएगा।

वीरेंद्र कुमार व राजीव कुमार पुत्र श्री बिहारी लाल
लीगल हीयर/वारिस
संपदा अधिकारी की ओर से

AP-2147

### सार्वजनिक सूचना


संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष।
अर्बन एस्टेट का नाम, पंचकूला ।


**विषयः–** आवंटी स्वर्गीय श्री देस राज, पुत्र स्वर्गीय श्री राम दास की बिना वसीयत के मृत्यु के फलस्वरूप निर्मित मकान संख्या 1631-पी, सेक्टर 15, अर्बन एस्टेट पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।
स्वर्गीय श्री देस राज, पुत्र स्वर्गीय श्री राम दास, जो रिकॉर्ड के अनुसार उल्लिखित संपत्ति के आवंटी थे, की मृत्यु 07/06/2019 को पंचकूला में हो गई है और उनकी कोई पंजीकृत या गैर-पंजीकृत वसीयत नहीं है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं- (1) कांता देवी (पुत्री) (2) तिलक राज चितकारा (पुत्र) (3) मोहन लाल चितकारा (पुत्र) (4) मनोहर लाल चितकारा (पुत्र) (5) हरीश चंद्र (पुत्र)
श्री तिलक राज चितकारा और श्री मनोहर लाल चितकारा, दोनों स्वर्गीय श्री देस राज के पुत्र, मकान नंबर 1631-पी, सेक्टर 15, पंचकूला के निवासी, कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं और श्री तिलक राज चितकारा और श्री मनोहर लाल चितकारा के नाम पर पुनः आवंटन/हस्तांतरण का अनुरोध करते हैं।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के खिलाफ कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं और बाद में कोई दावा, यदि कोई हो, पर विचार नहीं कर सकते हैं।

संपदा अधिकारी की ओर से कानूनी उत्तराधिकारीः– कांता देवी, तिलक राज चितकारा, मोहन लाल चितकारा, मनोहर लाल चितकारा और हरीश चंद्र

AP-2147

grtr mhll erlA ivks
AQirtl, p~f Bvn, sktr-62,
As.e.As.ngr
jnqk scn





plt n: 1118, sktr 60, Pj-3 bl 2, As.e.As ngr d Altl Satinder Pal S/o Sh. Yash Pal Sarin R/o House No-1118, Phase-3B2, Sector-60, Mohali dl mq imql 08-08- 2017 f h gel sl[ ahn vl plt n; 1118, sktr 60, Pj-3 bl 2, As.e.As ngr dl Axrijstrf vslAq imql 04-01-2017 f Apx pqr Satyajeet Kundra d nm q klql gel h[


ies Ax rijstrf vslAq d ADr q Satyajeet Kundra S/o Satinder Pal vl plt n: 1118, sktr 60, Pj-3 bl 2, As.e.As ngr ngr dl mlklAq Apx nm q qbdll krn dl bnql klql gel h Aq ieh ks imlK APsr(h), gmf, As.e.As ngr ivK ivcr ADln h[ ies lel akq plt dl mlklAq trsPr krn q pihl Am q Ks f sicq klq jd h ik jkr ies br iks f kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idn d Adr Adr Apx ieqrj inmnhsqKr ps ilKq rp iv~c d skd h[ insicq imql Aq sm q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq Axrijstrf vslAq Ansr akq plt dl mlklAq qbdll kr id~ql jvgl[


imlK APsr (h)
gmf, As e As ngr

AP-2152

grtr mhll erlA ifvlpmt
AQirtl
p~f Bvn, As.e.As. ngr
jnqk scn









plt n: 2655, sktr-65, As e As ngr d Altl Sh. Balwant Singh S/o Karnail Singh dl mq imql 26-12-2023 f h gel h[ Sh. Kulwant Singh Kaler, imalspl klslr, vrf n: 18, As e As ngr v~l imqk Altl d vrs sbDl hlPlA ibAn id~q igA h ijs Ansr imqk Altl d hT ilK Ansr vrs hn:-

1. RATINDER KAUR WIFE
2. HARSEERAT RATAUL DAUGHTER
3. AMOLASEES SINGH RATAUL SON

hx akq vrs v~l plt n: 2655, sktr-65, As e As ngr dl mlklAq Apx nm qbdll krn lel dsqvj ies dPqr f pS klq ge hn Aq ieh ks imlK APsr, gmf, As.e.As ngr d dPqr ivc ivcr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn q pihl sB Am Aq Ks f sicq klq jd h ik imqk Altl d vrs sbDl jkr iks f kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idn d Adr-Adr Apx ieqrj imlK APsr (h) gmf mhll ps ilKql rp ivc d skd h[ insicq imql Aq sm q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq plt n: 2655, sktr-65, As e As ngr dl mlklAq vrs sbDl Sh. Kulwant Singh Kaler, imalspl klslr, vrf n: 18, As e As ngr v~l id~q hlPlA ibAn d ADr q akq vrs d nm qbdll kr id~ql jvgl[

imlK APsr (h)
gmf, As.e.As.ngr[

AP-2153


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com


### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** सैन्य संख्या-14833949X रैंक-नायक नाम-एस यादवा राव वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- बम्बू फ्लैट, पोस्ट- बम्बू फ्लैट, पीएस- बम्बू फ्लैट, तहसील- फेरार गंज, जिला- दक्षिण अंडमान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 744107 घोषणा करता हूं कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से एस श्रीदेवी के रूप में उल्लेख किया गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम बी श्रीदेवी है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901860, दिनांक- 21/06/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 18013000N रैंक-नायक नाम-रवि शंकर वर्तमान में यूनिट-57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हुं स्थायी पता- कठरिया, रेवना, फैजाबाद, अछोरा, उत्तर प्रदेश, 224225 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम अंजले गोस्वामी से बदलकर एंजल गोस्वामी रख लिया है। शपथ पत्र संख्या-48AA 901861, दिनांक- 21/06/2025
एपी-2146

I Sunnda Pandurang m/o JC 414586A Sub Koli Valmik Balasaheb r/o VPO Kodoli, Tehsil Panhala, District Kolhapur (MH) have changed my name from Sunnda Pandurang to Sunanda Balaso Koli vide affidavit dated 19-06-2025 before Executive Magistrate Nahan.
एपी-FMG

**मैं,** गगनदीप कौर पत्नी विशाल कुमार निवासी मकान नंबर 1549, फर्स्ट फ्लोर , टी डी ई कान्नोगत रेजीडेंसी, एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम गगनदीप कौर से बदलकर राशि गोयल रख लिया है।
एपी-2147

**मैं,** मधु बाला पत्नी श्री कमल किशोर, निवासी फ्लैट नंबर 32B, ब्लॉक-D, पाइन होम्स, ढकौली, ज़ीरकपुर- 160104, ने अपना नाम मधु बाला से बदलकर मधु कर लिया है।
एपी-2148

**मैं,** जीवेश ठाकुर पुत्र श्री पवन ठाकुर निवासी मकान नं. 142, गली नं. 6/2, वार्ड नं. 1/ए, नव ज्योति स्कूल बलौंगी के पास, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे के आधार कार्ड और शैक्षिक प्रमाणपत्रों में नाम शशांक ठाकुर के बजाय शुशांक ठाकुर लिखा हुआ है। वास्तव में मेरे बेटे का सही नाम शशांक ठाकुर है। इसलिए अब मैंने अपने बेटे का नाम शुशांक ठाकुर से बदलकर शशांक ठाकुर कर दिया है।
एपी-2156

**मैं,** बिजेन्द्र पुत्र श्री जयपाल गांव घड़वाल, तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र नवीन की दसवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका सीरियल नंबर ड्ड - 091903 एनरोलमेंट नंबर 24- 2-HI-875-0003, ROLL NUMBER 1024144757 है। जिसने मेरे पुत्र का आधार कार्ड नंबर 9939 7072 7433 गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का आधार कार्ड नंबर 3355 7390 1807 सही है। अब मैं घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र की दसवीं कक्षा की मार्कशीट में गलत आधार कार्ड नंबर 9939 7072 7433 की जगह सही आधार कार्ड नंबर 3355 7390 1807 दर्ज किया जाए।

**मैं,** रविन्द्र कुमार पुत्र श्री राम मेहर गांव घड़वाल तहसील गोहाना जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी नंबर 3209374K Rank - NK RAVINDER KUMAR UNIT 15 JAT Regt. A Coy C/o 56APO 911215 रिकार्ड मे मेरी माता का नाम SANTOSH है जन्मतिथि 08/06/1967 जो गलत है जबकि मेरी माता का सही नाम SANTRO व 01/01/1968 है। अब मैं घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी के रिकार्ड में मेरी माता के गलत नाम SANTOSH व जन्मतिथि 08/06/1967 की जगह सही नाम SANTRO व जन्मतिथि 01/01/1968 किया जाए।
एपी-2157

**मैं,** अनु गोयल (Anu Goyal ) पत्नी अमित गोयल निवासी मकान न.432 श्व सेक्टर 8 पार्ट 2 अर्बन स्टेट करनाल ने अपना नाम अनु गोयल (Anu Goel) से बदलकर अनु गोयल (Anu Goyal) रख लिया है।

**मैं,** अमित गोयल (Amit Goyal) पुत्र विनोद कुमार गोयल निवासी मकान न.432 E सेक्टर 8 पार्ट 2 अर्बन स्टेट करनाल ने अपना नाम अमित गोयल (Amit Goel) से बदलकर अमित गोयल (Amit Goyal) रख लिया है।
एपी-2159

**मैं,** मलकियत सिंह पुत्र गुरचरण सिंह गाँव संधोली सैनी फार्म, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर मलकित सिंह रख लिया है।
एपी-2161

### बेदखली सूचना

**मैं,** जमीर अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी 5417 उत्तम नगर गली नं. 3 किसान डेरी करनाल हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहम्मद नदिम तथा उसकी पत्नी नसरीन दोनों ही मेरे कहने सुनने से बाहर हैं इस लिए मैं इन दोनों पति और पत्नी को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ कोई भी लेन देन करेगा तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। अब इन दोनों का मुझसे तथा मेरे परिवार से कोई भी ताल्लुकात नहीं होगा।
एपी-2150

**मैं,** रीटा खन्ना पत्नी अमर नाथ खन्ना निवासी मकान नंबर 134 बालाजी 2 लोहगढ़, जीरकपुर जिला मोहाली बयान करती हुं कि मेरा पुत्र रजत खन्ना और उसकी पत्नी प्रतिभा खन्ना मेरे कहने सुनने से बाहर है इसीलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल जायदाद से बेदखल करती हुं जो भी इनसे किसी भी तरह का कोई लेंन देन करेगा वह खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-2148

**मैं,** बालू राम श्री सुरजीत, निवासी गांव कुटेल, तहसील घरौंडा, जिला करनाल, हरियाणा, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र सपीक उर्फ मिक्का, मेरी पुत्रवधू नसरीन तथा उनकी पुत्री मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इनको अपनी संपूर्ण चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं यदि उपरोक्त व्यक्ति किसी के साथ कोई लेन-देन करते हैं या किसी प्रकार का झगड़ा, विवाद या अपराध करते हैं, तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे किसी भी वारिस की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-2155

**मैं,** जयसिंह सुपुत्र श्री मुन्नी लाल,गाँव भगवानपुर, डा. मनका-मनकी तहसील जगाधरी जिला यमुना नगर (हरियाणा) निवासी अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरी लड़की प्रिया अपनी मनमर्जी करती है।हमारा कहना नही मानती। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा। इसके अलावा अन्य परिवारिक सदस्य नहीं।
एपी-2148

**मैं,** कमलेश पत्नी स्वर्गीय टाकन निवासी गाँव नहौनी उप तहसील मुलाना जिला अम्बाला कि मेरा लड़का सागर और उसकी पत्नी भावना दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन्हें अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करती हूँ इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-2160

### खोया-पाया

**मैं,** अंगूरी देवी पत्नी श्री गोरधन कुमार निवासी गांव कुराड, तहसील व जिला पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरी असल सेल डीड वसीका नं.5716 दिनांक 16.11.1999 और असल अलाटमैंट लैटर मैमों नं. 938 दिनांक 27.10.1983 है। जोकि दिनांक 13.06.2025 को नजदीक तहसील पानीपत में कही गुम हो गई है। इसकी पुलिस रिपोर्ट डीडीआर संख्या 132340252501907 है। अगर किसी को यह मिले तो वह उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-2149


### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री ने ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका हालचाल जाना

कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया

कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज के पांव में फैक्चर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**अम्बाला, 21 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार दोपहर अम्बाला छावनी में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी को कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री जी के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंचने पर मंत्री अनिल विज के भाई राजिंद्र विज, कपिल विज के अलावा चाचा रिटायर्ड विंग कमांडर एसडी विज, गौरव विज, शुभम विज व अन्य परिवार सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

गौरतलब है कि ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के पांव में फैक्चर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

विज को लगभग एक माह पहले पांव में चोट लग गई थी। चोट की परवाह किए बिना उन्होंने निरंतर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा चंडीगढ़ सचिवालय व अन्य स्थानों पर अपने विभाग की मीटिंगों में वह सक्रिया तौर पर हिस्सा लिया। पैर में अति पीढ़ा के बावजूद उन्होंने अम्बाला छावनी में बाढ़ प्रबंधों का लगातार सात घंटे तक जायजा भी लिया और जिला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। हालांकि इस दौरान उन्होंने पैर में दर्द को लेकर चिकित्सकों की सलाह पर दवाएं भी ली। मगर अति पीड़ा के बाद उन्होंने शुक्रवार को पैर का एक्स-रे कराया, चिकित्सकों ने पांव के अंगूठे में फेक्चर बताया और उन्हें कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरा विश्व हुआ योगमयः सुमित्रा चौहान

**कलायत (कपिल देव रोहिल्ला)।** सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत महापुरूषों, ऋषि-मुनियों तथा पीर पैगंबरों की धरा रही है। यहां समय-समय पर अनेक दिव्य आत्माओं ने जन्म लिया है और अपनी साधना व शिक्षाओं के माध्यम लोगों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश व प्रदेश ही नहीं पूरा विश्व योगमय हो रहा है। सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनाज मंडी में आयोजित खंड स्तरीय योग कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रही थी। चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने कहा कि मानव जीवन स्वस्थ हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया, खेला इंडिया जैसी मुहिम देश में चलाई है, ताकि हमारा युवा नशे की लत में न पड़कर अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। भारत का यही संदेश इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शीर्ष वाक्य एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पूरे विश्व को दिया गया है।

## डिजिटल अरेस्ट कर व्यक्ति से 55 लाख 30 हजार रुपए की ठगी मामले में 3 आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपए ठगी मामले में पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपी।

**कैथल, 21 जून।** कैथल में एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर उससे 55 लाख 30 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा 3 आरोपियों को काबू किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी इलेक्ट्रीशियन का काम करने वाले रमेश कुमार की शिकायत अनुसार 29 मई को दोपहर करीब 12. 45 बजे उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया, जिसमें क्राइम ब्रांच मुंबई लिखा था। इसके तुरंत बाद उसी नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और कहा कि रमेश कुमार के नाम पर जारी एक मोबाइल नंबर का धोखाधड़ी में इस्तेमाल हुआ है। जब उसने इससे इंकार किया, तो आरोपी ने आधार कार्ड मांगा। खुद को सही साबित करने के लिए उन्होंने अपने आधार कार्ड की फोटो भेज दी। इसके बाद आरोपी ने कहा कि उनके बैंक खातों का प्रयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है और इस पर उन्हें 20 लाख रुपये कमीशन लेने का आरोप है। आरोपी ने डर दिखाया कि आपके खिलाफ केस दर्ज हुआ है, केस की कॉपी व सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज भेजे। आरोपी ने जवाब दिया कि कोर्ट में जाकर आपको रिहा करने की बात करेंगे। अगले दिन आरोपियों ने कहा कि कोर्ट ने आपको 3 दिन का समय दिया है, इस दौरान बैंक खातों में जमा राशि व अन्य राशि की जांच होगी। रमेश कुमार ने बताया कि 31 मई को उससे 23 लाख रुपए बैंक खाते में जमा करवा लिए। आरोपियों ने उसे लगातार वीडियो कॉल व ऑडियो कॉल पर रखा और उससे 55 लाख 30 हजार रुपए हड़प लिए। बाद में उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी ने थाना साइबर क्राइम को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे। आदेशो पर खरा उतरते हुए थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा आरोपी जहांगीरपुर जिला गौतम नगर यूपी निवासी हिमांशु शर्मा तथा रवि कुमार व गांव ईखु जिला मथुरा यूपी निवासी राहुल कुमार को काबू कर लिया गया। तीनो आरोपी अदालत में पेश किए गए जहां से आरोपी हिमांशु व राहुल को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी रवि कुमार का व्यापक पूछताछ के लिए 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पथराला नदी में पुल के नीचे नहीं हुई सफाई



**व्यासपुर (अप्रस/संजीव कुमार)।** ग्राम मानकपुर और अर्जुन माजरा खंड छछरौली में पथराला नदी के पुल के नीचे झाड़ झूड़ भरे पडे है पानी का आगे जाने का कोई रास्ता नजर नहीं आता और ऐसे में जब ज्यादा पानी नदी में आएगा तब जो गांव पीछे लगते है वहाँ पटरी टूट कर पानी उस में घुस जाएगा बरसात का सीजन चल गया है अब तक सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है अगर ऐसा ही चलता रहा तो आगे चल कर बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ेगा ।गांव के लोगो ने बताया की ये काम आज से पहले समय से हो जाता था लेकिन अब की बार यहाँ अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है गांव वालो को डर है की पिछले साल जैसे पटरी टूट ग्राम मानकपुर काफ़ी घरों में पानी भर गया था वैसे ही अब की बार भी होने वाला है ।ग्राम वासियों ने प्रसाशन से इस काम को जल्दी से जल्दी करने की गुहार लगाई है ।

### दो तस्करों से 1 किलो 313 ग्राम अफीम बरामद



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** जिला कैथल को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा उल्लेखनिय सफलता हासिल करते हुए पूंडरी क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से 1 किलो 313 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान, एसआई शुभकर्ण, एएसआई जसमेर, एचसी सुनील, एचसी अनिल, एचसी लखविंद्र, एसपीओ राजेश, एचसी ईश्म सिंह, होमगार्ड मनोज कुमार की टीम रात्रीकालीन गश्त के दौरान पूंडरी से काकौत आ रही थी। पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली कि काकौत निवासी साहिल व प्रकाश अफीम बेचने का काम करते है। जो अभी बाइक पर अफीम बेचने के लिए काकौत से पूंडरी की तरफ जाने वाले है। सूचना विश्वसनिय होने कारण पुलिस द्वारा हांसी बुटाना नहर के पुल पर नाकाबंदी की गई। थोड़ी देर बाद काकौत साइड से बाइक पर आए संदिग्ध साहिल व प्रकाश को पुलिस ने काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी गुरविंद्र सिंह के समक्ष दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास में एक पोलोथिन से 1 किलो 313 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई अशोक कुमार द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनो आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया।

### आलेख लेखन कार्यशाला में डॉ. विजय चावला ने दी प्रस्तुति



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) नई दिल्ली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के अनुसार नई पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में प्रयासरत है। एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा कक्षा 4 की हिंदी की पाठ्य पुस्तक वीणा को प्रकाशित किया गया है। डॉ. चावला ने बताया कि वीणा के अध्यायों पर प्रभावी आलेख लेखन के उद्देश्य से सीआईईटी नई दिल्ली ने एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 16 से 20 जून तक किया। इस कार्यशाला में डॉ विजय चावला ने अपनी प्रस्तुती दी। इस प्रस्तुती के लिए डॉ. विजय चावला को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

## कार्यकाल के 3 वर्ष पूरे होने पर पूर्व पार्षद योगेश लकी ने टेका सरस्वती मंदिर में माथा

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 22 जून।** वार्ड नंबर 11 के पार्षद जयपाल कौशिक के कार्यकाल के 3 वर्ष पूरे होने पर उनके साथी पूर्व पार्षद योगेश लकी ने सरस्वती मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की व वार्ड वासियों तथा शहर के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व पार्षद योगेश लकी ने पार्षद जयपाल कौशिक के द्वारा कराए गए वार्ड के विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया की पार्षद जयपाल कौशिक ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में लगभग सात करोड रुपए से भी अधिक के विकास कार्य कराए हैं ।जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया की पार्षद कौशिक ने वर्षों से अनदेखी का शिकार पृथू पार्क की सबसे पहले सुध ली । उन्होंने पार्क में न केवल नए पेड़ पौधे लगाए बल्कि पार्क में सेल्फी प्वाइंट बिजली झूले लगवाए। महिला पुरुषों हेतु शौचालय का निर्माण भी कराया। भविष्य में फैंसी लाइट साउंड सिस्टम व फव्वारे आदि का कार्य भी किया जाएगा ।पार्षद कौशिक ने जनता के सुख-दुख में काम आने वाले रामलीला भवन के उपरी मंजिल पर एक विशाल लंगर हाल का निर्माण कार्य भी कराया है। इसके अलावा शोरगिर धर्मशाला का निर्माण कराया । वार्ड में पानी सीवरेज की समस्याओं का समाधान किया। अनेक गलियों का पुनर्निर्माण कराया ।पार्षद ने वर्षों से बेकार पड़ी सबसे ज्यादा लंबाई वाली कच्ची गली का निर्माण कार्य भी कराया है। इसके अलावा इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद साढ़े तीन करोड़ रुपए के नए विकास कार्यों की शुरुआत भी की जाएगी। नए विकास कार्यों की शुरुआत से पहले एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा ।जिसमें भाजपा नेता जय भगवान शर्मा व पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि का अभिनंदन किया जाएगा।

## अन्नदाता सम्मान समारोह 2025 ग्रामीण भारत की आत्मा को समर्पित भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 21 जून।** दीनबंधु चौधरी छोटूराम धाम, जसिया (रोहतक) की पावन धरती पर ग्रामीण संस्कृति, सेवा भावना और सहयोग की मिसाल बनकर अन्नदाता सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह समारोह जाट सेवा संघ द्वारा संचालित उस ऐतिहासिक अभियान का प्रतीक बना, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों के हजारों किसानों, पंचायती प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लेकर एक नई सामाजिक चेतना का संचार किया।इस आयोजन में इस वर्ष अन्नदान मुहिम में भाग लेने वाली सम्मानित पंचायतों एवं उदार किसानों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। इस मुहिम ने इस बार पिछले सभी रिकॉर्डो को पीछे छोड़ते हुए, लगभग 7000 मण गेहूं एवं 17 लाख रुपये गेहूं की एवज में आर्थिक सहयोग राशि प्राप्त कर समाज के प्रति अटूट समर्पण और संगठन पर अटूट विश्वास का परिचय दिया। जिला सोनीपत ने अभूतपूर्व सहयोग करते हुए 5000 मण गेहूं प्रदान कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जिला रोहतक ने द्वितीय और पानीपत ने तृतीय स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय संयोजक यशपाल मलिक ने सभी दानदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटू राम कौम को जगाने का प्रतीक हैं। जो समाज अपने पूर्वजों के विचारों को भूलता है, वह मिट जाता है। हमें अपने पुरखों चौधरी छोटू राम व राजा महेन्द्र प्रताप के विचारों को जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि धाम आंदोलन की देन है। अब समाज को फिर से जोड़ने के लिए प्रदेश में न्याय भाईचारा यात्रा निकालने की रायशुमारी की गई। अंत में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह पूनिया व प्रदेश सचिव जीत सांगवान को श्रद्धांजलि अर्पित की और कल उनके परिवार से भेंट कर संवेदना प्रकट करने की जानकारी दी।

## विदेश में जाकर भी भारतीयों ने किया योग

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीयों ने अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा एवं मलेशिया इत्यादि देशों में विदेश की भूमि पर भी बैठकर योग आसन किए। भारतीय शिक्षक जितेंद्र जो कुरुक्षेत्र की धरती पर जन सहयोग संस्था के संस्थापक हैं ने भी शनिवार को मलेशिया में होटल के टेरेस पर योग आसन किए। शिक्षक जितेंद्र ने बताया कि वे चाहे खुद इस समय विदेश में हैं लेकिन उनकी संस्था के 77 सदस्यों ने ब्रह्मसरोवर पर जाकर योग किया है। जिला प्रशासन के आदेशों के अनुसार दूर दराज से आए हुए योगा करने वाले साधक यात्रियों के लिए 100 कैम्पर की फ्री जल सेवा का स्टॉल भी लगाया गया। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति अपनी सभी इंद्रियों पर काबू पा सकता है। अपने आप को स्वस्थ एवं फुर्तीला रख सकता है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से बढ रहा आगे : पूर्व विधायक

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 21 जून।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प से सिद्धि तक - सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के तहत पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. पवन सैनी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया और जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में डॉ. पवन सैनी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखते हुए बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने में हरियाणा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं जनहित में योजनाएं बनाकर उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर उतार रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, बुनियादी ढांचे और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। विशेष रूप से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

डॉ. सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच के चलते ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को गति मिली है। महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब परिवारों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का हर नागरिक विकास की इस यात्रा में भागीदार बन रहा है। सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह कार्यशैली के कारण जन-आशाएं और विश्वास और अधिक मजबूत हुए हैं।

## मुलाना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

**मुलाना (अप्रस/सचिन)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुलाना स्थित माता बाला सुंदरी मंदिर के हाल में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक हरमिन्द्र पाल ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम की विधियां सिखाई। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योगाभ्यास कर तन और मन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। योग क्रियाओं के दौरान सभी प्रतिभागी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ जुड़े रहे। आयोजन का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और दैनिक जीवन में इसके महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करवाने की मांग की।

## विश्व प्रसिद्ध ब्रह्म सरोवर पर हुए योग के महाकुंभ में भारत विकास परिषद के सदस्यों ने लिया भाग

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक



**थानेसर, 21 जून।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के पावन पुनीत अवसर पर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के मध्य स्थित विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल ब्रह्मा सरोवर पर हुए योग के महाकुंभ में भारत विकास परिषद ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । ब्रह्मसरोवर पर आयोजित हुए इस राज्य स्तरीय योग के कार्यक्रम में लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया तथा कुरुक्षेत्र से भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र तथा मैत्रेई शाखा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । सभी सदस्यों ने योगाभ्यास करके योग के इस महाकुंभ में अपना योगदान दिया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य मंच पर उपस्थित महानुभावों द्वारा भारत विकास परिषद को इस कार्य में सराहनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया । भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल, शाखा सचिव बलजीत चावला, कोषाध्यक्ष मनोज सेतिया , रमेश गुलाटी, बलबीर सिंह , आशीष गर्ग, प्रवीण घई ,डॉ रमेश डांडा, एवं मैत्री शाखा से शाखा अध्यक्ष डॉ ममता सचदेवा, शाखा सचिव डॉ नीलम डांडा ,कोषाध्यक्ष डॉ सलोनी दीवान, डॉ अंजू चावला, डॉ मीनाक्षी ,डॉ पूनम ने मुख्य रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । दोनों शाखा के अध्यक्षों द्वारा बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की गई।

## पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिला हजरस का डेलीगेशन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 21 जून।** हरियाणा अनुसूचित जाति राज्य अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी व राजबीर पाई जिला प्रधान कैथल के नेतृत्व में कृष्ण लाल पंवार पंचायत एवं विकास मंत्री हरियाणा सरकार से मिला और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के मिडल स्कूल हैडमास्टरों के रिवर्सन आदेश को वापिस करवाने को लेकर हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी ने मंत्री के सामने विस्तार से जानकारी रखी और मंत्री ने सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुना। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव हरियाणा से मिलकर उचित कार्यवाही करवाएंगे। राठी ने बताया कि निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला के आदेश के माध्यम से हरियाणा के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के 317 मौलिक स्कूल मुख्य अध्यापकों को रिवर्ट करने के आदेश जारी किए हैं। उक्त आदेश न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं की अवहेलना करते हैं बल्कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों का घोर उल्लंघन भी करते हैं। संघ सरकार से मांग करता है कि सभी संबंधित मिडल स्कूल मुख्याध्यापकों को न्यायालय की स्थिति स्पष्ट होने तक यथा स्थिति में बनाए रखा जाए और समान प्रकृति के मामलों में समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए चाहे कर्मचारी किसी भी वर्ग से संबंधित हो। कर्मचारी के सेवा नियमों का पालन किया जाए। इस अवसर पर हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी, राजबीर पाई जिला प्रधान कैथल, रामेश्वर दास, लाल सिंह, रघुबीर सिंह, प्रदीप मेहरा, बलबीर सिंह, जगदीश मैहरा, राजेन्द्र पाटिल एडवोकेट, सतीश पाटिल, नरेश धानिया, राजेश भुक्कल भी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षकों ने मचाई अफरा तफरी, हाजरी लगाने को लेकर शीट भी फाड़ी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 21 जून।** उपमंडल प्रशासन द्वारा नई अनाज मंडी में आयोजित योग शिविर मे शिक्षको ने खूब अफरा तफरी मचाई। शनिवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नई अनाज मंडी मे उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम मे वैसे तो सभी विभागो के अधिकारी व कर्मचारी योग करने पहुंचे लेकिन ज्यादातर संख्या शिक्षा विभाग के अधयापको व स्कूली बच्चो की रही।करीब एक घंटा योग कार्यक्रम चला। योग शिविर के बाद हुए शांतिपाठ के बाद जैसे ही शिक्षको को हाजरी लगाने को कहा गया तो ऐसी अफरा तफरी मची कि सभी दंग रह गए। स्कूलो मे बच्चो को नैतिकता का पाठ पढाने वाले शिक्षक सारी सभ्यता भूल गए। घर जाने की जल्दी मे हाजरी लगाने के लिए एक दूसरे के साथ धक्कामुक्की करते नजर आए। शिक्षको ने छीनाझपटी मे हाजरी शीट तक फाड डाली। एसडीएम अमित कुमार ओर खंड शिक्षा अधिकारी की मौजूदगी मे शिक्षको का यह ड्रामा करीब आधा घंटा चला। जिस समय यात्रा अफ्रीका माहौल था उसे समय एसडीएम मंच पर हंसी मजाक कर रहे थे। मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मोर शिक्षको का बचाव करतें नजर आई। उन्होने तर्क दिया कि योग शिविर मे योग करने आए 500 कर्मचारियो मे 400 कर्मचारी तो अकेले शिक्षा विभाग के है। अगर पहले हाजरी लगवा देते तो शिक्षक भाग जाते। इसीलिए कार्यक्रम के बाद हाजरी लगवानी पडी।

योग शिविर को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग एवं उपमंडल प्रशासन कि ड्यूटी लगाई गई थी। यहां तक की नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए थे। लेकिन कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल का मजाक बनाया गया। एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्क्रीन पर लाइव संबोधित कर रहे थे दूसरी ओर मंच पर भाषण चलता रहा था। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के संबोधन पर मंच पर भाषण चलने की वजह से लाईव की तरफ किसी का ध्यान नही था। वही कार्यक्रम में आए हुए कर्मचारी में आयुष विभाग की तरफ से अमित पावटी द्वारा योग के लिए चुना गया था पर माईक किसी और के हाथ में था। जिसे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रोटोकॉल से कोई मतलब नहीं था। सीधे-सीधे उपमंडल अधिकारी की मौजूदगी में उपमंडल समालखा अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन की अवमानना के होते मुक बाधिर बने देख रहें थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक मनमोहन भड़ाना को पहुंचना था लेकिन वह नही आए। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव भी नदारद रही। योग शिविर मे समालखा एसडीएम , डीएपी नरेन्द्र कादियान, तहसीलदार ललिता, एसडीओ बिजली निगम शिव कुमार, सचिव नगर पालिका मनीष शर्मा, पार्षद सजय गोयल, पार्षद रेणू धीमान,अनिल रमन, कुलदीप जेई, संदीप घनघस आदि मौजुद रहे।

# रविवार के दिन इन देवी-देवताओं की पूजा का है विशेष महत्व, पूरी होती हैं सभी प्रकार की मनोकामनाएं

हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता कि सप्ताह का प्रत्येक दिन किसी न किसी देवी या देवता को समर्पित होता है। मान्यता है कि सुनिश्चित दिन पर किसी देवी-देवता की पूजा करने से भक्त को अधिक लाभ होता है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा ग्रह पूजा विशेष का भी विशेष महत्व होता है। सनातन परंपरा के अनुसार रविवार का दिन भगवान सूर्य को समर्पित होता है। इस दिन न सिर्फ सूर्य देवता बल्कि भय को भगाने वाले भगवान भैरव और दुष्टों का संहार करने वाली माता दुर्गा की भी पूजा की जाती है।



**सूर्य पूजा का है विशेष महत्व**

हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित होता है। ऐसा माना कि प्रत्यक्ष दिखने वाले सूर्य भगवान की पूजा करने से साधक के जीवन में सुख-समृद्धि और भाग्य का आगमन होता है। कोशिश करें कि रविवार के दिन सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान करें फिर साफ लोटे में जल लें और उसे सूर्य भगवान को अर्पित करें। यदि संभव हो तो लोटे में थोड़ा गंगा जल भी डाल लें. जल अर्पित करते समय घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जाप भी करें। मान्यता है कि प्रतिदिन जो भगवान सूर्य की उपासना करते हैं और उन्हें अर्घ्य देतें है उनके जीवन में सुख-समृद्धि आति है और कोई भी रोग आसानी से नहीं छूता।

**देवी दुर्गा की पूजा है शुभ**

ऐसा माना जाता है कि रविवार के दिन देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों को उनका विशेष अशीर्वाद मिलता है. मान्यता है कि न सिर्फ रविवार बल्कि मंगलवार और शुक्रवार को भी देवी की पूजा के विशेष महत्व होता। लेकिन, रविवार की पूजा के अपने कुछ खास महत्व होते हैं। अपनी मनचाही इच्छाओं को पूरा करने के लिए रविवार के दिन, देवी दुर्गा की पूजा के वक्त उन्हें श्रृंगार की वस्तुएं, लाल रंग के वस्त्र, लाल पुष्प, लाल चंदन और लाल रंग के फल अवश्य चढ़ाएं. ऐसा करने से जीवन में आने वाले सभी कष्ट दूर हो जाते हैं, और घर में सुख-समृद्धि आति है। पूजा के दौरान देवी के महामंत्र सर्व मंगल मागंल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके. शरण्येत्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते का जप अवश्य करें।





**भगवान भैरव की पूजा**

रविवार के दिन भगवान भैरव की पूजा करने का भी विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि भगवान भैरव को देवों के देव महादेव का उग्र रूप माना जाता है. रविवार के दिन भगवान भैरव की पूजा करने से भक्तों को जल्द ही फल मिलता है। माना जाता है कि रविवार के दिन भैरव पूजा करने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं और साधक की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। इस दिन पूजा करते वक्त भगवान को पुष्प, मौसमी फल, नारियल, पान, मदिरा, सिंदूर, आदि अवश्य चढ़ाएं। इसके साथ-साथ भैरव मंत्र ऊँ काल भैरवाय नमः मंत्र का जप करें।





नोकरियां यहां देखें

**संघ लोक सेवा आयोग सहायक निदेशक, उपनिदेशक व अन्य के**
**कुल पद : 462**
आवेदन की अंतिम तिथिः 03 जुलाई, 2025
योग्यताएंः स्नातक, स्नातकोतर व अन्य पात्रताएं
करें आवेदनः **www.upsc.gov.in**

**भारतीय वन सर्वेक्षण में** स्टेनोग्राफर, टेक्निकल एसोसिएट व अन्य के
**कुल पद : 35**
**योग्यताएंः** बीई, बी टेक व अन्य
आवेदन की अंतिम तिथिः 30 जुलाई, 2025
करे आवेदनः **fsi.nic.in**

**एपीडा में** सहायक महाप्रबंधक, सहायक प्रबंधक व अन्य के
**कुल पदः 30**
आवेदन की अंतिम तिथिः 14 जुलाई, 2025
योग्यताएंः स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
करें आवेदनः **apeda.gov.in**


**राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर** वाहन चालक के
**कुल पद : 58**
आवेदन की अंतिम तिथिः 7 जुलाई 2025
करें आवेदन : **hcraj.nic.in**

**भारतीय मानक ब्यूरो में यंग प्रोफेशनल (वाई पी) के**
**कुल पदः** 3 (उत्तर क्षेत्र कार्यालय चंडीगढ़)
भर्ती की पद्धतिः साक्षात्कार के माध्यम से अनुबंध आधारित नियुक्ति
आयु सीमाः 29-06-2025 तक 35 वर्ष से अधिक नहीं हो।
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 जून, 2025
करे आवेदनः **services.bis.gov.in php/8152.0/login**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें


## योग मानव जीवन का सबसे बडा धन: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से भारत ने समस्त विश्व को एक सूत्र में बाँधने का काम किया है. आईये योग को अपने जीवनशैली में शामिल करें और जीवन को ऊर्जा से परिपूर्ण बनाएं। योग केवल व्यायाम नही है अपितु यह आप किसी परिस्थिति मे किस प्रकार संचार और क्रिया करते है, कि कुशलता है। योग सदैव अनेकता मे एकता को बढाता है। योग शब्द अर्थ ही जोडना है। जीवन और अस्तित्व के विपरित अंगो को जोडता है। अब चाहे तो कोई व्यवसायिक हो, समाजिक व्यक्तित्व हो या व्यक्तिगत व्यक्ति हो, हमे शांति चाहिए। मुस्कुराना चाहिए हम प्रसन्न रहना चाहते है, प्रसन्नता तभी संभव है जब हम अप्रसन्न के मूल कारण को ढूंढे। कुछ योगासानों के जरिये आप प्रसन्न, स्वच्छ शरीर व मन प्राप्त कर सकते है। आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षा ध्यान मे योग को जोडा और दोनो पर उन्होने कार्य किया। गंगा , जमुना और सरस्वती तीनो का मिलन त्रिवेणी संगम फैलाता है। खेद का विषय यह है योग और मेडीटेंशन पर



ध्यान दिया गया लेकिन मुद्राओं को कम आंका गया। योग मेडीटेंशन और मुद्रा ये त्रिवेणी जीवन को पवित्र बना सकते है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जीआलोक ने आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार मे कहे। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर अणुव्रत भवन मे अनेक श्रावक श्राविकाओं ने योग, मेडिटेशन किया।

मनीषीसंत ने आगे कहा योग हमारे शरीर में शांति बढ़ाने और हमारे सभी तनाव तथा समस्याओं मुक्ति दिलाने का कार्य करता है। योग और इसके लाभों के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के लिए वार्षिक रुप से एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसका अभ्यास लोगों के द्वारा किसी भी आयु में किया जा सकता है जैसे बचपन, किशोरावस्था, वयस्क या वृद्धावस्था। इसके लिए नियंत्रित तरीके से सांस लेने के साथ सुरक्षित, धीमे और नियंत्रित शारीरिक गतिविधियों की भी आवश्यकता होती है। वयस्कों और बच्चों की तुलना में वयस्कों की आयु में सबसे ज्यादा समस्याएं हैं। योग करने से शरीर में शांति का स्तर बढ़ जाता है जिसके कारण हमारे अंदर आत्मविश्वास भी जागृत होता है। योग मे हमे चिंता मुक्त और तनाव मुक्त रहने के लिए साधन और तकनीक मिलते है। योग मानव जीवन का सबसे बडा धन है। धन क्या है धन का उददेश्य प्रसन्नता और आराम है। योग इस दृष्टिकोण से धन ही है क्योकि यह हमे पूर्ण आराम देता है, हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है।

## प्रभु-परमात्मा के सिवाय कोई शक्ति एकरस रहने वाली नहीं है

हम सुनते आ रहे हैं कि परमात्मा बहुत विशाल है, लेकिन कितना विशाल है, यह देखने से ही पता लगता है। कबीर जी ने देखा तभी कहा। आज लोग कहते हैं कि निराकार को कैसे देखा जा सकता है? अगर न देखा जा सकता होता तो कबीर जी यह क्यों कहते कि-
मैं कहूँ आंखन की देखी।

भाव, उन्होंने इसे देखकर इसका वर्णन किया। उन्हें ऐसी निगाह प्राप्त हुई सद्गुरु से। मीरा को भी यही निगाह प्राप्त हुई तो उसने श्याम को चारों ओर मौजूद पाया। मीरा बचपन से ही साकार के प्रति समर्पित थी। वह भगवान कृष्ण की मूर्ति हमेशा अपने पास रखती थी; लेकिन भगवान कृष्ण के असल निराकार स्वरुप के साथ उसका नाता जुड़ा गुरु रविदास जी के चरणों में जाने से। तभी उसकी भक्ति को पूर्णता प्राप्त हुई। जहाँ भी यही बात कही जा रही है कि जिस प्रभु-परमात्मा का जिक्र हम कर रहे हैं, इसका जब तक हमें बोध नहीं होता, तब तक हम भ्रमों में रहते हैं और यही भ्रम हमारे दुखों का कारण बने हुए हैं। हम दूसरों को पराया मान रहे हैं। हमारे लिए दूसरों की जाति नीची हो गई है और अपनी जाति ऊँची। ऐसी भावनाओं से हम



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

नुकसान का कारण बन रहे हैं। ऐसी भावनाएँ तभी समाप्त हो सकती है जब इस सत्य के साथ नाता जुड़ जाता है। सत्य की परिभाषा हम उसी को दे सकते हैं जो सदैव एकरस रहने वाला हो और प्रभु-परमात्मा के सिवाय कोई शक्ति एकरस रहने वाली नहीं है। हर किसी में तबदीलियाँ हैं। सदैव एकरस रहने के कारण ही प्रभु-परमात्मा को 'युनिवर्सल ट्रूथ (अटल सत्य) कहा गया है, 'अल्टीमेट ट्रूथ' कहा गया है। एक प्रभु-परमात्मा को छोड़कर सभी में तबदीली आ जाती है। अगर मैं जोर से कहूँ कि अभी रात है तो यह स्टेटमेंट इस वक्त तो ठीक है लेकिन चन्द घंटों के बाद में फिर कहूँ कि अभी रात है तो सभी हँसेंगे कि सूरज चढ़ा हुआ है और यह कह रहे हैं कि अभी रात है।

## पंचांग

शनिवार, 21 जून, 2025, सूर्योदयः 05:24 ए एम, सूर्यास्तः 07:22 पी एम, चन्द्रोदयः 02:08 ए एम, जून 22, चन्द्रास्तः 03:03 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः दशमी - 07:18 ए एम तक, क्षय तिथिः एकादशी - 04:27 ए एम, जून 22 तक, नक्षत्रः अश्विनी - 07:50 पी एम तक, योगः अतिगण्ड - 08:29 पी एम तक, करणः विष्टि - 07:18 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 05:55 पी एम तक, क्षय करणः बालव - 04:27 ए एम, जून 22 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः मेष, राहुकालः 08:53 ए एम से 10:38 ए एम, गुलिक कालः 05:24 ए एम से 07:09 ए एम, यमगण्डः 02:08 पी एम से 03:53 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:55 ए एम से 12:51 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:24 ए एम से 06:20 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:20 ए एम से 07:16 ए एम, अमृत कालः 01:12 पी एम से 02:41 पी एम, वर्ज्यः 04:09 पी एम से 05:37 पी एम, वर्ज्यः 04:33 ए एम, जून 22 से 06:00 ए एम, जून 22

## भविष्य फल



**मेषः** आज आपके खर्चों में यकायक बढ़ोतरी होगी। जो आपको थोड़ी सी परेशानी दे सकती है। विरोधियों पर ध्यान देने की जरूरत होगी।

**वृषः** धैर्य और कोशिश के बीच संतुलन रखेंगे, तो ज्यादातर समस्याएं सुलझ सकती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**मिथुनः** निजी कार्य में भागदौड़ अधिक रहेगी। अपने साथी से सावधान रहें, आलस्य को आप पर हावी न होने दें।

**कर्कः** आज भाग्य आपका साथ देगा, इसलिए जो योजनाएं पुराने समय से अटकी हुई थी, आज वह पूरी होंगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

**सिंहः** आपके मन में कुछ बड़े विचार आ सकते हैं। भरोसेमंद लोगों से समय पर सही सलाह और मदद मिल सकती है। आप अपनी प्रतिभा दिखाने में सफल हो सकते हैं।

**कन्याः** आज बिजनेस और नौकरी में कुछ अच्छा होने के इशारे मिल सकते हैं। किसी खास मामले को लेकर परिवार में बातचीत हो सकती है।

**तुलाः** आज आप मानसिक रूप से बहुत भावुक महसूस करेंगे और अपने बिछड़े हुए, रिश्तो को संभालने की कोशिश करते नजर आएंगे। आज कुछ खर्चे भी होंगे, जो आप को ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**वृश्चिकः** मेहनत कम करेंगे और फायदा ज्यादा हो सकता है। इससे किसी के साथ आपकी बहुत खास बातचीत हो सकती है, जिसका फायदा आपको करियर में हो सकता है।

**धनुः** पार्टनर आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे। पदाधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावनाएं बन सकती हैं।

**मकरः** सेहत में सुधार देखने को मिलेगा। कर्ज चुकाने के लिए आज अच्छा मौका है। दोस्तों से संबंध बढ़िया होंगे और वह आपकी आर्थिक मदद भी करेंगे।

**कुंभः** नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोग अपने कामकाज से संतुष्ट हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों से भी बातचीत होने की संभावना है।

**मीनः** आज मानसिक शान्ति तो रहेगी फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

## सिमरन चौधरी अपने नए गाने 'सैयां ना माने' के साथ सुनाएंगी दिल की कहानी

**चंडीगढ़।** जरूरी नहीं कि हर प्रेम कहानी दुखद हो। कुछ कहानियों को बस एक बीट, एक तिरछी नजर और एक किलर हुक की ज़रूरत होती है। फोक पॉप इनोवेटर सिमरन चौधरी अपने नए ट्रैक सैय्यां ना माने में मस्ती, भावनाओं और स्टोरी-टैलिंग की शक्ति का मिश्रण पेश कर रही हैं। इंटरनेट के लोकप्रिय गीतों, अजे ना जा और रहले मेरे कोल को अपनी आवाज़ देने वाली सिमरन अपनी विशेष शैली बना रही हैं, जो देसी अंदाज में ग्लोबल बीट जैसी महसूस होती है। सैय्यां ना माने में सिमरन ने अपनी खुद की कहानी लिखी, कंपोज़ की है। इस म्यूज़िक वीडियो में अभिनय भी उन्होंने खुद किया है। यह केवल एक गाना नहीं है, बल्कि यह उनका स्टेटमेंट है। यह लोकधुन में पुरानी यादों को ताजा करता है। आधुनिक पॉप का एहसास देता है। यह इतना मधुर है कि इसे नजरअंदाज करना असंभव है। इस गीत में मिश्रित इशारों के पीछे भागते हुए थक चुकी एक महिला की आवाज़ है, जो पूरी कहानी में अपना खुद का डांस चुनती है, अपनी आँखें अपने अंदाज़ में घुमाती है, अपने खुद के मूड के अनुसार वॉल्यूम बढ़ाती है। इस ट्रैक के बारे में सिमरन ने कहा, हम सबके जीवन में एक ऐसा व्यक्ति होता है जो आपकी बात नहीं सुनता, चाहे आप उससे कितना भी प्यार क्यों न करें।

## एडब्ल्यूएस सर्वे में सामने आया भारत में 83 प्रतिशत संगठनों ने जनरेटिव एआई इनोवेशन में तेजी लाने के लिए चीफ आईऑफिसर नियुक्त किए

**चंडीगढ़।** अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने आज एक्सेस पार्टनरशिप के साथ किए गए एक सर्वे के परिणाम जारी किए। इस सर्वे के अनुसार 2024 में भारत में जनरेटिव एआई (जेन एआई) को अपनाने में तेजी आई। सर्वे में सामने आया कि भारत में 83 प्रतिशत संगठनों ने एक समर्पित एआई एक्ज़क्यूटिव, यानी चीफ एआई ऑफिसर नियुक्त किया है, तो जेन एआई को अपनाने में तेजी लाकर क्रियान्वयन की जटिलताओं का प्रबंधन कर सके। अन्य 15प्रतिशत संगठन 2026 तक ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। 'जनरेटिव एआई एडॉप्शन इंडेक्स' नाम के इस सर्वे में भारतीय संगठनों के पैटर्न और इनसाइट्स का आकलन किया गया, जो जेन एआई के प्रायोगिक चरण से पूर्ण क्रियान्वयन के चरण में पहुँच चुके हैं, तथा व्यवसाय में तेजी लाने की व्यवहारिक रणनीतियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक ज्यादातर जनरेटिव एआई इनोवेशन अभियानों का नेतृत्व चीफ एक्ज़क्यूटिव ऑफिसर (सीईओ), चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ) और चीफ इनोवेशन ऑफिसर (सीआईओ) करते आए हैं, लेकिन नई मांगों को पूरा करने के लिए नेतृत्व संरचनाओं का विकास हो रहा है और संगठनों में सर्वोच्च स्तर पर एआई की योग्यता रखने वाली प्रतिभाओं के लिए नए करियर के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। एक समर्पित एआई एक्ज़क्यूटिव की नियुक्ति संगठनों द्वारा 2025 के बजट में जेन एआई (64 प्रतिशत) को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है।

**विधायक पवन खरखौदा ने प्रताप स्कूल में आयोजित योग दिवस समारोह का किया शुभारंभ**

## पीएम मोदी ने योग को पूरे विश्व में पहुंचाया, आज दुनिया मना रही योग दिवस: पवन खरखौदा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**खरखौदा।** योग युक्त नशा मुक्त के संकल्प के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग के अंतर्गत प्रताप स्कूल में खण्ड स्तरीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक पवन खरखौदा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने योगाभ्यास करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरे विश्व में पहुंचाया है। आज पूरी दुनिया योग मना रही है, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि योग की शुरूआत भारत में पूर्व वैदिक काल से हुई मानी जाती है। योग हजारों साल से भारतीयों की जीवनशैली हिस्सा रहा है। यह भारत की धरोहर है, योग में पूरी मानव जाति को एकजुट करने की शक्ति है, यह ज्ञान, कर्म और भक्ति का आदर्श मिश्रण है। उन्होंने कहा कि योग एक कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है जो हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है। इसका अभ्यास आवश्यक है, यह तनाव को कम करने में मदद करता है और समग्र स्वस्थ स्वास्थ्य को बनाए रखता है।

उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। हमें योग से निरंतर जुड़े रहना



चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस देश का व्यक्ति स्वस्थ होगा वही देश आगे बढ़ेगा। योग एक ऐसी विद्या है जो शरीर को स्वस्थ रखती है और मन को भी संतुलित बनाए रखती है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि सभी योग को अपनी दिन चर्या का हिस्सा बनाएं तभी आप और हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान विधायक ने पौधारोपण करते हुए उपस्थित युवाओं को भी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर तहसीलदार मनोज कुमार, नगर पालिका खरखौदा के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, प्रताप स्कूल की प्रिंसिपल दया दहिया, द्रोणाचार्य अवार्डी ओपी दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव**

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग अनिवार्य: ललित पंवार

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

न्यू चंडीगढ़। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय कांसल नयागांव चंडीगढ़ के जवानो द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव कमांडेंट श्री ललित पंवार जी के नेतृत्व में मनाया गया । 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, कांसल नयागांव चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय में एक भव्य योग सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, सद्भाव और जागरूकता को बढ़ावा देने वाले इस महत्वपूर्ण दिवस के राष्ट्रीय पालन के अनुरूप



था।

यूनिट कमांडर श्री ललित पंवार, कमांडेंट ने कार्यक्रम में भाग लिया और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुऐ कहा कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ अनिवार्य है इसे अपना रोजाना नियमित रखना चाहिये। कार्यक्रम में यूनिट के सभी रैंकों और सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ के बोगनविलिया पार्क में सुबह 6 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम में यूनिट के सभी रैंकों और सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राई ब्लॉक के गांव अकबरपुर बरोटा में योग कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राई ब्लॉक के गांव अकबरपुर बारोट के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने किया।

विधायक ने योगाभ्यास करते हुए कहा कि योग व उत्तम आहार को हमें दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। योग के जरिए हम शरीर कोई ही नहीं बल्कि दिमाग को भी स्वस्थ रख सकते हैं। प्रतिदिन योग करने से कोई भी रोग हमारे नजदीक नहीं आता। योग हमारे प्राचीनतम भारतीय



संस्कृति की पहचान है। प्राचीन काल में सभी ऋषि मुनि प्रतिदिन योग करते थे।

उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परिश्रम से आज योग दिवस पर पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 2015 में पहली बार योग दिवस को विश्व स्तर पर मनाया गया था। इस दौरान विद्यायक ने पौधारोपण करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे अपने प्रत्येक जन्मदिवस पर पौधारोपण अवश्य करें ताकि हम अपने प्रकृति को बचा सके।




# मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात नकाबपोश खड़ी गाड़ी पर फायरिंग कर फरार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 जून।** थाना 31 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रामदरबार में देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया।जब घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात नकाबपोश फायरिंग कर फरार हो गए। फायरिंग से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ। गाड़ी के शीशे टूटे। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रामदरबार निवासी समदर्श वेद जोसफ ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात को वह अपने दोस्तों के साथ सैक्टर 32 से अपने घर राम दरबार पहुंचा तो उसने गाड़ी खड़ी कर अपने रूम में चला गया। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता के पिता ने अपने बेटे को बताया कि किसी चीज की आवाज आई। जब वह बाहर निकला तो पता चला कि आसपास लोग इकट्ठे होकर उसकी मोटर साइकिल पर दो फायरिंग कर फरार हो गए।


























अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)